CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 22-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 2 Page: NBTMAHFP User: cci Time: 01-22-2026 00:14 Color:

नई दिल्ली › गुरुवार, 22 जनवरी 2026 › माघ 2, शक संवत 1947, माघ शुक्ल चतुर्थी, विक्रम संवत 2082

WATCH GOD WATCHDOG

NBT नवभारत टाइम्स

वर्ष 80, संख्या 19 › पेज 16 › मूल्य ₹5.00 या ₹10.00* द टाइम्स ऑफ इंडिया सहित

*स्थानिक स्टॉल पर से लागू

www.nbt.in

एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।

हांडे एर्सेल ने शाहरुख के विडियो पर क्यों दी सफाई

Hande Ercel

▶p15

रिटायर होने के बाद दिल्ली आई सुनीता विलियम्स

▶p16

WPL आज के मैच

गुजरात जायंट्स vs यूपी वॉरियर्स

7:30 pm से, गुजरात में

टेलिकास्ट स्टार स्पोर्ट्स और जियो हॉटस्टार पर

अटल पेंशन योजना को सपोर्ट 2031 तक

असंगठित क्षेत्र में कामगारों के पेंशन के लिए 2015 में शुरू अटल पेंशन योजना

2030-31 तक चलती रहेगी। इसमें 60 साल पर 1000 से 5000 रुपये माह तक की मिनिमम पेंशन गारंटी है। पीएम मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को कैबिनेट ने यह फैसला किया। छोटे व मझोले उद्योगों को किफायती दरों पर कर्ज के लिए SIDBI को 5 हजार करोड़ के इक्विटी सपोर्ट को भी मंजूरी मिली। ▶▶ पेज 15

GOOD न्यूज

गुड न्यूज से जुड़ी खास खबरें देखें पेज 4

काम की खबरें

फुल ड्रेस रिहर्सल कल, दिल्ली में कई रास्ते बंद

गणतंत्र दिवस परेड की शुक्रवार को फुल ड्रेस रिहर्सल है। सुबह 9:30 बजे से दोपहर तक परेड रूट के कई रास्ते बंद रहेंगे। ▶▶ पेज 4

NDMC एरिया में कारोबार करना आसान

NDMC एरिया में कारोबार करने के लिए अगर FSSAI लाइसेंस या GST रजिस्ट्रेशन कराया है तो हेल्थ विभाग से लाइसेंस लेने की जरूरत नहीं होगी। ▶▶ पेज 6

इग्नू की मेगा प्लेसमेंट ड्राइव 27 को

इंदिरा गांधी नैशनल ओपन यूनिवर्सिटी 27 जनवरी को मेगा प्लेसमेंट ड्राइव रखेगी। बी.आर. आंबेडकर कन्वेशन सेंटर में सुबह 10 बजे से ड्राइव है। ▶▶ पेज 5

हैपी मॉर्निंग

बॉस ने जोक सुनाया। पूरी टीम हंसने लगी, सिवाए मोलू के।
बॉस ने पूछा: तुम्हें मेरा जोक समझ में नहीं आया क्या?
मोलू: सर, मेरा दूसरी कंपनी में सेलेक्शन हो गया है।

अर्थसार

सेंसेक्स	81,909.63 (-270.84)
निफ्टी	25,157.50 (-75)
रु/यूएस डॉलर	91.55 (+0.51)
रु/यूरो	107.31 (+1.11)

स्रोत: रिजर्व बैंक रेफरेंस रेट

सर्राफा

सोना स्टैंडर्ड (99.5 शुद्धता) प्रति 10 ग्राम	
दिल्ली	₹1,59,700 (+6,500)
चांदी .999 टंच प्रति किलो	
दिल्ली	₹3,34,300 (+11,300)

मौसम

अधिकतम तापमान 24.2°

7.7° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय गुरुवार 5:52 | सूर्यास्त शुक्रवार 7:13

शुक्रवार तक तेज हवाओं के साथ बारिश की चेतावनी: मौसम विभाग

युवराज की मौत के 5 दिन बाद भी 'सिस्टम' के वो चेहरे

जिनकी चुप्पी चीख रही है !

रोक्टर-150 में युवराज की जान सिर्फ एक गड्ढे ने नहीं ली, बल्कि उन जिम्मेदारियों ने ली है जो फाइलों में दफन हो चुकी थीं। जब शहर का एक होनहार इंजीनियर डूब रहा था, तब नोएडा का रसूखदार प्रशासनिक अमला अपनी जवाबदेही से पल्ला झाड़ रहा था। एनबीटी पूछ रहा है सवाल: जब बजट करोड़ों का है, तो सुरक्षा के इंतजाम 'शून्य' क्यों? जब टीमें मौके पर थीं, तो रेस्क्यू में देरी क्यों? और सबसे बड़ा सवाल - इतनी बड़ी लापरवाही के बाद भी अब तक किसी पर गाज क्यों नहीं गिरी?
पेश है नोएडा के वो 'कर्ता-धर्ता', जिनकी मेज पर इस हादसे की फाइल तो है, लेकिन जुबान पर चुप्पी।

नोएडा के अंध कार में अब तक

- पुलिस को कार से युवराज का मोबाइल मिल गया है, उसे जांच के लिए पुलिस ने रखा है,
- कोर्ट से बिल्डर को 27 जनवरी तक जूडिशल कस्टडी पर भेजा गया है।
- फॉरेंसिक टीम ने मौके पर जाकर जांच की और सबूत जुटाए, भीड़ भी जमा रही।
- परिवार ने मीडिया से दूरी बना ली, सोसायटी में घुसने पर पाबंदी लगाई।
- एक और चश्मदीद सामने आया, जिसने पुलिस और फायर ब्रिगेड की नाकामी बताई।
- नोएडा अथॉरिटी ने कहा कि पुलिस ने हादसे की जानकारी नहीं दी, इसलिए मरम्मत नहीं कराई।

किरदार और उनकी नाकामियां

लोकेश एम. (CEO, नोएडा अथॉरिटी) : शहर के रखरखाव और 'लीक स्पॉट्स' को खत्म करने की जिम्मेदारी इन्हीं की थी। फिलहाल जांच की बजाय से वेटिंग में है, अब तक इस लापरवाही पर कोई आधिकारिक बयान नहीं आया। क्या पद से हटना ही जवाबदेही का अंत है?

सर्वेश सिंह (SHO): पुलिस सबसे पहले पहुंची, लेकिन बेबस खड़ी रही। सवाल यह है कि जब स्थिति हाथ से बाहर थी, तो उसी वक्त NDRF को क्यों नहीं बुलाया गया? सुबह तक का इंतजार किसके आदेश पर हुआ?

विवेक श्रीवास्तव (प्लाटून कमांडर, SDRF): कोहरे और विजिबिलिटी का तर्क। सूचना 2:12 पर मिली और टीम पहुंची 4 बजे। इनका कहना है कि युवराज के शव को इनकी टीम ने निकाला। लेकिन युवराज को जिंदा बाहर निकालने में हर कोई नाकाम रहा।

लक्ष्मी सिंह (पुलिस कमिश्नर): ट्रैफिक से लेकर लॉ एंड सुरक्षा तक, सब इन्हीं के हाथ में है। अथॉरिटी के साथ तालमेल बिठाकर रिफ्लेक्टर और चेतावनी बोर्ड लगवाना पुलिस का काम था। मौके पर अंधेरा था और मौत का जाल खुला था। कार्रवाई? अब तक सिफर।

प्रदीप चौबे (CFO): फायर ब्रिगेड की टीम तमाशा देखती रही। तर्क दिया गया कि 'सैरना नहीं आता' और 'इक्विपमेंट नहीं है। हाई-टेक नोएडा के पास क्या एक जान बचाने के लिए एक नाव और लाइफ जैकेट भी नहीं थी?

अभय कुमार (बिल्डर, एमजेड विजटाउन): मौत का गड्ढा इन्होंने खोदा, सीवर का पानी भरा रहा और सुरक्षा के नाम पर एक ईंट तक नहीं लगाई। अब जूडिशल कस्टडी के बाद गंद अथॉरिटी के पाले में डाल रहे हैं।

मेघा रूपम (DM, गौतमबुद्ध नगर)
जिले की डिजास्टर मैनेजमेंट हेड। नियम कहता है, हादसा होते ही टीम एक्टिव हो, पर हकीकत: बीएम चौबे दिन मौके पर पहुंची और एसडीएम को तीसरे दिन भेजा गया। क्या सिस्टम की घड़ी इतनी सुस्त है?



एनबीटी का सीधा सवाल क्या युवराज की जान इतनी सस्ती थी कि 5 दिन बीत जाने के बाद भी कुर्सी पर बैठे किसी जिम्मेदार को फर्क नहीं पड़ा? ▶▶ देखें पेज-2,3

पुलिस के आंकड़ों में दावा, दिल्ली में जुर्म कम हुआ

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: रोजाना भले ही गंभीर से लेकर स्ट्रीट क्राइम की वारदात सुनने को मिलती हों, लेकिन दिल्ली पुलिस ने आंकड़े जारी कर दावा किया है कि राजधानी में जुर्म पहले से कम हो रहे हैं। हत्या से लेकर महिलाओं के साथ होने वाले अपराधों का ग्राफ में 2024 की तुलना में 2025 में गिर गया है। पुलिस की तरफ से 95% से ज्यादा गंभीर अपराध सुलझाने का दावा किया गया है। हालांकि जबरन वसूली (एक्सटॉर्शन) के 63.68% तो छेड़छाड़ के 64.22% केस सुलझाए न सके। स्पेशल सीपी (क्राइम) देवेश कुमार श्रीवास्तव के मुताबिक, पिछले तीन साल के आंकड़ों की तुलना करने पर सबसे कम मर्डर 2025 में हुए। पुलिस ने 95.32% हत्या के केस सुलझा लिए। कातिलाना हमले के केसों में भी 2024 के मुकाबले कमी आई है। ▶▶ पेज 10

AI की मदद वाले चश्मे से की जाएगी निगरानी

पुलिस की 'आंखों' से बच नहीं सकेंगे अपराधी

■ अश्वनी शर्मा, नई दिल्ली

इस चश्मे की वजह से अपराधी पुलिस की नजरों से बचकर नहीं निकल सकते। चश्मे की खासियत है कि कोई बदमाश या आतंकी जैसे ही सामने से गुजरेगा तुरंत पुलिस को अलर्ट मिल जाएगा। AI पावर्ड इस चश्मे में थर्मल इमेजिंग तकनीक भी है, यानी अंधेरे, कोहरे या स्मॉग में भी अपराधियों को पहचान सकता है। इस चश्मे की जद में भीड़ में छिपकर गए हथियार भी आ जाएंगे। चश्मे की रेंज 15 से 20 मीटर है और इसके डेटाबेस में 65 हजार अपराधियों का डेटा है। पुलिस ने बताया कि डेटाबेस में किसी अपराधी की 20 साल पुरानी तस्वीर है तो भी यह चश्मा AI की मदद से सटीक मिलान कर लेगा।

चश्मे की रेंज 15 से 20 मीटर, अपराधियों को पहचानेंगे

कैसे करेगा काम स्मार्ट ग्लास में एक वायर है, जिसे फोन से लगाना है। स्मार्ट ग्लास फोन से ही चार्ज होते हैं। बैकअप के लिए अलग फोन दिया।

इंदौर में गंदे पानी के दस्तावेज सुरक्षित रखें: HC

■ पीटीआई, इंदौर: मध्यप्रदेश हाई कोर्ट की इंदौर बेंच ने जिलाधिकारी और नगर निगम आयुक्त को निर्देश दिया है कि वह शहर के भागीरथपुरा इलाके में दूषित पानी मामले से जुड़े मूल दस्तावेज सुरक्षित रखें। इन दस्तावेजों में पानी की पाइपलाइन बिछाने के टेंडर और राज्य पल्यूशन कंट्रोल बोर्ड की जांच रिपोर्ट भी शामिल है। हाई कोर्ट गंदे पानी की सप्लाई से हुई लोगों की मौत को लेकर दायर की गई अलग-अलग याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई के बाद मंगलवार को आदेश सुरक्षित रखा था। आशंका जताई गई है कि पानी के सैंपल, जांच रिपोर्ट और पाइपलाइन से जुड़ी टेंडर प्रक्रिया के दस्तावेज में हेरफेर हो सकती है। अगली सुनवाई 27 जनवरी को होगी। इंदौर में मंगलवार रात 25वीं मौत का दावा किया गया। हालांकि, स्वास्थ्य विभाग ने वजह कैंसर को बताया है।

ग्रीनलैंड हमें दे दो, शुक्रगुज़ार रहेंगे, नहीं तो याद रखेंगे: ट्रंप

ट्रंप ने कहा- अमेरिका आत्मरक्षा पर किसी से कुछ मांगता नहीं है।

■ एपी, दावोस (स्विट्जरलैंड)

अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने चेतावनी देते हुए बुधवार को कहा, ग्रीनलैंड हमें दे दो। अगर यूरोप 'हां' कहता है तो अमेरिका इसका शुक्रगुजार होगा, और अगर 'ना' कहता है तो अमेरिका इसे याद रखेगा। ये बातें ट्रंप ने दावोस (स्विटजरलैंड) में वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम (WEF) में कहीं। ट्रंप ने ग्रीनलैंड पर कब्जा करने के लिए फोर्स के इस्तेमाल नहीं

WEF में अपने भाषण में ट्रंप ने कहा- खूबसूरत दावोस वापस आकर अच्छा लग रहा है। यहां कई बिजनेस लीडर्स, कई दोस्त, कुछ दुश्मन और खास मेहमान मौजूद हैं। उन्होंने यह भी कहा कि यूरोप गलत दिशा में जा रहा है। अमेरिका को यह द्वीप राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा के लिए चाहिए, न कि वहां मौजूद दुर्लभ खनिजों की वजह से। ट्रंप ने कहा कि डेनमार्क अहसानफरामोश है। दूसरे विश्व युद्ध में डेनमार्क अपनी रक्षा नहीं कर पाया और तब अमेरिका ने उसकी मदद की थी, इसके बावजूद वह आज ग्रीनलैंड का कब्जा छोड़ने को तैयार नहीं है। हमारे अलावा कोई भी ग्रीनलैंड की रक्षा नहीं कर सकता।

मोदी मेरे दोस्त, अच्छी डील होने वाली है: ट्रंप

ट्रंप ने भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर भरोसा जताते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सराहना की।



पीएम मोदी

मनीकंट्रोल से बात करते हुए जब उनसे भारत-US ट्रेड डील के बारे में पूछा गया तो ट्रंप ने कहा, मोदी एक शानदार इंसान हैं, मेरे दोस्त हैं। हमारा अच्छा समझौते होने वाला है। दोनों देश टैरिफ और बाजार पहुंच जैसे मुद्दों पर बात कर रहे हैं।

EU ने US से डील रोकी

डेनमार्क पर टैरिफ धमकियों के बाद यूरोपीय संसद ने अमेरिका के साथ अहम व्यापार समझौते को मंजूरी देने से फिलहाल रोक दिया है। ट्रंप पीछे नहीं हटते हैं ईयू अब 93 अरब यूरो के जवाबी टैरिफ समेत अलग-अलग कड़े विकल्पों पर विचार कर रहा है। ▶▶ पेज 16

भारत में ही खेलना होगा बांग्लादेश को T20 वर्ल्ड कप

■ पीटीआई, दुबई: ICC ने बुधवार को बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (BCB) के T20 वर्ल्ड कप के अपने मैचों को श्रीलंका में ट्रांसफर करने के अनुरोध को खारिज कर दिया। बोर्ड की मीटिंग में कहा गया कि मैच तय कार्यक्रम के अनुसार ही होंगे और भारत में टूर्नामेंट के किसी भी स्थल पर बांग्लादेश के खिलाड़ियों, अधिकारियों या प्रशंसकों की सुरक्षा का खतरा नहीं है। ICC सूत्रों ने बताया कि 16 सदस्यों में से 14 ने BCB के मैच ट्रांसफर करने के अनुरोध के खिलाफ मतदान किया। ICC ने BCB को अंतिम फैसले के लिए एक और दिन का वक्त दिया है।

भारत ने न्यूजीलैंड को दी करारी मात

PTI

भारत ने टी-20 सीरीज के पहले मैच में न्यूजीलैंड को 48 रनों से हरा दिया। 238 रनों के जवाब में न्यूजीलैंड की टीम 190 रन ही बना सकी।

'लिस्ट से नाम हटने के हो सकते है गंभीर परिणाम'

■ पीटीआई, नई दिल्ली: सुप्रीम कोर्ट ने चुनावी मतदाता सूची में समीक्षा (SIR) को लेकर बुधवार को कहा कि वोटर लिस्ट से किसी व्यक्ति का नाम हटने या शामिल न होने के गंभीर नागरिक परिणाम हो सकते हैं। चुनाव आयोग की ओर से कई राज्यों में SIR कराने के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर अंतिम सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने यह टिप्पणी की। ▶▶ पेज 13

सुप्रीम सुनवाई कहा खनन की अनुमति दी जा सकती है, क्या असर होंगे, ऐसे सवालों पर रिपोर्ट देंगे एक्सपर्ट

'अरावली में अवैध खनन रोकने को बनाएंगे कमिटी', SC ने चार हफ्ते में मांगे एक्सपर्ट

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

- कोर्ट सलाहकार को 4 हफ्ते में नाम सुझाने को कहा
- एक्सपर्ट कमिटी में पर्यावरणविद, साइंटिस्ट होंगे
- सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में यह कमिटी जांच करेगी



File

सुप्रीम कोर्ट ने अरावली मामले की सुनवाई के बुधवार को दौरान कहा कि अवैध खनन से अपूरणीय क्षति हो सकती है। अरावली क्षेत्र में खनन, उससे जुड़े मुद्दों की व्यापक और समग्र जांच के लिए एक्सपर्ट कमिटी का गठन करेंगे। कोर्ट ने अडिशनल सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्य भाटी और कोर्ट सलाहकार के. परमेश्वर से कहा कि वे 4 हफ्ते में ऐसे पर्यावरणविदों और वैज्ञानिकों के नाम सुझाएं, जिन्हें खनन के क्षेत्र में विशेषज्ञता हो। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यह कमिटी कोर्ट के निर्देशन और निगरानी में काम करेगी। क्या पहाड़ियों के बीच 500 मीटर के क्षेत्रफल वाले इलाकों में निर्बाध खनन की अनुमति दी जा सकती है? अगर हां, तो ऐसे कौन से सटीक मानक अपनाए जाएं, ताकि परिस्थितिक निरंतरता पर असर न हो? ऐसे ही सवालों के जवाब कमिटी के एक्सपर्ट रिपोर्ट में देंगे।

'कब दूर करेंगे प्रदूषण', SC ने मांगा प्लान

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को दिल्ली सरकार, नगर निगम और NCR के राज्यों की एजेंसियों से पूछा कि प्रदूषण कब तक दूर करेंगे। कोर्ट ने कहा कि केंद्रीय प्रदूषण निगरानी संस्था CAQM के लॉन्ग टर्म उपायों को लागू करने का ऐक्शन टेकन रिपोर्ट 4 हफ्ते में पेश करे। कोर्ट ने कहा कि अब कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 22-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMA10 User: cci Time: 01-21-2026 23:18 Color:

दिल्ली में क्राइम हुआ कम! पुलिस ने पेश किए आंकड़े

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

रोजाना धले ही गंभीर से लेकर स्ट्रीट क्राइम की वारदात सुनने को मिलती हों, लेकिन दिल्ली पुलिस ने आंकड़े जारी कर दावा किया है कि राजधानी में जुर्म पहले से कम हो रहे हैं। हत्या से लेकर महिलाओं के साथ होने वाले अपराधों का ग्राफ भी 2024 की तुलना में 2025 में गिर गया है। पुलिस की तरफ से 95 फीसदी से ज्यादा गंभीर अपराध सुलझाने का दावा किया गया है। हालांकि जबरन वसूली (एक्सटॉर्शन) के 63.6% प्रतिशत तो इश्टमारी के 64.22 पर्सेंट केस सुलझाए जा सके।

स्पेशल सीपी (क्राइम) देवेश कुमार श्रीवास्तव के मुताबिक, पिछले तीन साल के आंकड़ों की तुलना करने पर सबसे कम मर्डर 2025 में हुए। पुलिस ने 95.32 फीसदी हत्या के केस सुलझा लिए। इसी तरह कातिलाना हमले के केसों में भी 2024 के मुकाबले कमी आई है, जिन्हें सॉल्व करने का सक्सेस रेट सबसे ज्यादा 98.13 पर्सेंट है। लूट के केस 2024 की तुलना में पिछले साल 184 कम दर्ज हुए। पुलिस को 97.51 प्रतिशत केसों को सुलझाने में सफलता मिली।

आंकड़ों के मुताबिक, महिलाओं से जुड़े अपराधों में भी गिरावट आई है। रेप के केस 2025 में 2024 की तुलना में 175 कम सामने आए। ऐसे 97.11 फीसदी केसों में आरोपियों को गिरफ्तार कर सुलझा लिया गया। महिलाओं के शील भंग के केस भी कम हुए है, जो 2025 में 329 कम दर्ज हुए हैं। इसमें भी 95.20 प्रतिशत केस सॉल्व हो गए। ऐसे केस 2023 में काफी हुए, जो 2025 की तुलना में 637 ज्यादा थे। छेड़छाड़ का ग्राफ गिरा है, जो 89.02 पर्सेंट सॉल्व हुए।

इश्टमारी राजधानी की सड़कों की सबसे बड़ी समस्या है। पुलिस के आंकड़े बता रहे हैं कि 2025 में स्नैचिंग का आंकड़ा भी कम हुआ है। ये 2023 में 7886 दर्ज हुए जो 2024 में 6493 रहे। पुलिस रिकॉर्ड में 2025 में 5406 केस ही दर्ज हैं। पुलिस के लिए इन्हें सॉल्व करने अब भी सबसे बड़ी समस्या बनी हुई है, जो 64.22 प्रतिशत ही सुलझाए जा सके। एक्सटॉर्शन के केसों को सॉल्व करने में भी पुलिस को ज्यादा सफलता नहीं मिली है, जो 63.68% पर ही अटक गए।

AI Image

संगीन अपराध सुलझाने का रेट भी 95 फीसदी से ज्यादा होने का दावा

गिरा अपराध का ग्राफ			
जुर्म	2023	2024	2025
हत्या	506	504	491
हत्या का प्रयास	757	898	854
लूट	1654	1510	1326
रेप	2141	2076	1901
एक्सटॉर्शन	204	228	212
इश्टमारी	7886	6493	5406
महिला शीलभंग	2345	2037	1708
छेड़छाड़	381	362	337

हर 14 मिनट में चोरी हो रही एक गाड़ी

लग्जरी कार चोरी गैंग का मेन रिसीवर अरेस्ट

3 मिनट में पढ़ें NBT

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

दुबई से ऑपरेट हो रहे गाड़ी चोरी गिरोह के मेन रिसीवर को क्राइम ब्रांच ने मणिपुर से गिरफ्तार कर लिया है। इसकी शिनाख्त जुम्मा खान के तौर पर हुई है, जो दिल्ली-एनसीआर से चोरी होने वाली गाड़ियों का मुख्य खरीदार था। वह इन गाड़ियों का फर्जी रजिस्ट्रेशन नॉर्थ ईस्ट राज्यों के आरटीओ में करवाता था, जिन्हें फिर भारी मुनाफे पर बेच देता था। वह दिल्ली-एनसीआर से चोरी एक हजार से ज्यादा चोरी की गाड़ियों की खरीद-फरोख्त कर चुका है। दुबई से ऑपरेट कर रहे सरगना सारिक उर्फ साटा और उसके भतीजे आमिर पाशा के लिए काम करता है। इस गैंग पर मकोका लगा है, जिसकी चार्जशीट कोर्ट में दाखिल हो चुकी है।

डीसीपी (क्राइम) संजीव कुमार यादव के मुताबिक, देश भर में 56 फीसदी गाड़ियां दिल्ली-एनसीआर से चोरी होती हैं। राजधानी में हर 14 मिनट में एक गाड़ी चोरी हो जाती है। दिल्ली में होने वाले कुल अपराधों में 20 फीसदी गाड़ी चोरी के होते हैं। एंटी रॉबरी एंड स्नैचिंग सेल (ARSC) ने जून 2024 में सराय काले खां बस अड्डे के पास से यूपी के मैनपुरी के राज बाबू उर्फ अकील (27) को चोरी की कार समेत दबोचा। जांच में खुलासा हुआ कि वह 2021 में खुलासा हुआ कि वह सारिक उर्फ साटा और उसके भतीजे आमिर के संपर्क में आया था। इसके बाद उन्हें चोरी की गाड़ियां सप्लाई करने लगा।

कई राज्यों में सक्रिय है गिरोह : एक अन्य मेंबर ताज मोहम्मद उर्फ ताजू को अगस्त 2024 में अरेस्ट किया गया। जांच में खुलासा हुआ सिंडिकेट के मेंबर दिल्ली, यूपी, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश समेत कई राज्यों में सक्रिय है। कुल 25 चोरी की गाड़ियां, फर्जी नंबर प्लेट, नकली आरसी और डुप्लीकेट चाबियां बरामद की गईं। मेन रिसीवर जुम्मा खान का पता चला, जो कई केसों में वॉन्टेड था और कोर्ट ने इसे भगोड़ा घोषित कर रखा था। इसे इंस्पेक्टर अरुण सिंघ, एसआई अमित चौधरी और एएसआई गौरव त्यागी की टीम ने अब मणिपुर के थोउबल से दबोचा है। वह दिल्ली-एनसीआर से चोरी 1000 से ज्यादा गाड़ियों की सप्लाई और बिक्री में शामिल रहा है, जिनमें कई पड़ोसी देशों में भेज चुका है।

AI Image

चौंकाने वाले आंकड़े...

- दुबई से ऑपरेट हो रहा था गिरोह, मणिपुर से हुई गिरफ्तारी
- 56 फीसदी गाड़ियां दिल्ली-एनसीआर से होती हैं चोरी, बाकी पूरे देश में
- 20 फीसदी क्राइम दिल्ली में गाड़ी चोरी से जुड़े होते हैं

संभल दंगे में भी सारिक साटा वॉन्टेड

सारिक उर्फ साटा 24 नवंबर 2024 में यूपी के संभल में हुए दंगे में वॉन्टेड है। इस पर कुल 60 केस हैं। फर्जी नाम से पासपोर्ट बना कर 2018 में दुबई भाग गया, जो टेरर फंडिंग से जुड़ा है। इसका भतीजा आमिर पाशा भी दुबई में ही है।

2 महीने में चुराई 15 से ज्यादा गाड़ियां

■ नवीन निश्चल, नई दिल्ली

दिल्ली से महंगी गाड़ियां चोरी कर दूसरे शहर में बेचने वाले तीनों आरोपियों को कोर्ट ने तीन दिन के पुलिस रिमांड पर दिया है। वेस्ट डिस्ट्रिक्ट के एंटी ऑटो थेफ्ट स्क्वॉड टीम ने इन्हें मुनिरका के बाद विवेक विहार से दबोचा था। अब पुलिस टीम इनसे पूछताछ करके इनके द्वारा की गई गाड़ी चोरी और अन्य वारदात के बारे में पता लगाने में जुट गई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार यह गैंग दिल्ली के कई थाना इलाकों से पिछले दो महीनों में 15 से ज्यादा गाड़ी चोरी की वारदात को अंजाम दे चुका है। गैंग के टारगेट पर क्रेटा, फॉर्चुनर और सेल्टोस जैसी गाड़ियां रहती थीं।

सीसीटीवी फुटेज की जांच से अभी तक पुलिस को यह भी पता चला है कि यह गैंग खास करके वेस्ट दिल्ली इलाके को कुछ समय से टारगेट कर रहा था। रात में यह दिल्ली पहुंचता और कोशिश करता था कि एक बार में एक रात में कम से कम 2 गाड़ी चोरी करके अपने साथ ले जा सके। गैंग में तीनों मेंबर का काम अलग अलग होता था। एक का काम गाड़ी के शीशे को तोड़ना, दूसरे का काम तुरंत उसका कोड क्रिएट करके स्टार्ट करना और तीसरे का काम गाड़ी चोरी करके दिल्ली से बॉर्डर पार करना होता था।

- तीन दिन के पुलिस रिमांड पर दिए गए तीनों आरोपी
- सभी गाड़ियां वेस्ट दिल्ली के अलग अलग इलाकों से की चोरी
- मुनिरका के बाद विवेक विहार से दबोचे गए थे तीनों आरोपी

तीनों ही शातिर ऑटो लिफ्टर उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर, मेरठ और मुजफ्फरनगर इलाके के रहने वाले हैं। इनमें से दो अकील और मास्टर काफी मामलों को पहले अंजाम दे चुके हैं और कई बसों से ऑटो लिफ्टिंग की वारदात को अंजाम देने में जुटे हुए हैं। इंस्पेक्टर AATS मुकेश मौण की देखरेख में सब इंस्पेक्टर गजेंद्र, ASI राशिद खान इत्यादि की टीम ने इनके बारे में लगातार छानबीन और सीसीटीवी फुटेज की मदद से विवेक विहार इलाके में ट्रैक कर मुनिरका के बाद अरेस्ट किया था।

TIMES interact
Connecting People, Connecting Needs.
To book your ad
Logon to: ads.timesofindia.com
or Call: 18001205474 (Toll Free)
Scan QR Code

भर्ती
भर्ती-रिक्त पदों की स्थिति
अन्य रिक्तियां
चालक
कमाऊ दिन के rs. 1000 तक (पार्ट टाइम / फुल टाइम) भारत टैक्सी चालक चलाएं। जॉइन करने के लिए भारत टैक्सी मुद्रायन ऐप डाउनलोड करें या कॉल करें - 011-44401000
सुरक्षा
पंजाबी बाग प्रताप नगर दिल्लीगंज पूसा रोड सुभाष नगर सुरक्षा गार्ड, 10th/12th अच्छा वेतन WZ-15 सेलवाल Extn. तिलक नगर 98116-90033, 9811086304 9212086304
चाहिए सिक्योरिटी गार्ड वेतन 13000 व डाइसकोपिन व छुट्टी के साथ वेतन 13000 के लड़के जनकपुरी व विकास पुरी साइट के लिए # 8920655055.

सेवाएं
रेस्तरां
चाहिए अनुभवी चाइनीज कुक, तंदुरिया कुक वेतन 23,000/- डिलीवरी स्टाफ 15,000/ रहना,खाना फ्री संपर्क करें SVH Food,कलकाजी 9 पैरामौंट, गांधीनगर 4628304070 00
प्रॉपर्टी
किराये के लिए
लखनऊ
LUCKNOW to Sultanpur Highway Nr. Lulu Mall, 3100 sqft LGF+3 Story building on rent. Use for showroom/office/MNC, etc # 9415008136
खरीदारी
बिक्री
MEDICAL 1- SEIMENS 500 MA BARELY USED X RAY MACHINE WITH MOTO-RISED SPOT FILM DEVICE 2- GE USG WITH CD LOGIC e9 Contact Mohan z rays. Moradabad up Ph 9412242958

टेंडर और नोटिस
सार्वजनिक सूचना (नोटिस)
पंजाब नैशनल बैंक punjab national bank
मंडल कार्यालय, पीनी दिल्ली, चर्च रोड, 7 बिकानी कलां फोर्ट, नई दिल्ली-110066
ई-मेल: cosdelgad@pnb.bank.in
परिसर की आवश्यकता से संबंधित शुद्धिपत्र
यह आम जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 16.01.2026 को टाइम्स ऑफ इण्डिया एवं नवभारत टाइम्स में वर्क्स टेंडर (WTC) नौकौली नगर, नई दिल्ली -110029 में मुहाल पर 1600-2000 वर्गफुट कॉर्पेट एरिया के परिसर को किराये पर लेने हेतु एक सार्वजनिक सूचना प्रकाशित की गई थी। यह शुद्धिपत्र उक्त सूचना के संदर्भ में जारी किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत पूर्व प्रकाशित 1600-2000 वर्गफुट कार्पेट एरिया के स्थान पर अब हेतु सोलहसौ वर्ग 800-1000 वर्गफुट कार्पेट एरिया (मुहाल पर) पढ़ा जाए। अन्य सभी नियम एवं शर्तें पूर्व सूचना के अनुसार यथावत रहेंगी।
दिनांक:22.01.2026 मण्डल प्रमुख

PUBLIC NOTICE
Be it known to all concerned that my client is proposing to enter into an Agreement to Purchase the Shop No. M-Ground at Mehar Chand Market, Lodhi Colony, New Delhi-110003, built on freehold plot admeasuring 38.69 sq mts and comprising of Basement, Ground Floor, First Floor, Second Floor, Third Floor and Terrace (hereinafter referred to as the "said property") from:
1. Sh. Amarpreet Singh, S/o Late Sh. Gurbux Singh
2. Sh. Sumanjeet Singh, S/o Late Sh. Gurbux Singh
3. Smt. Satvinder Kaur, W/o Sh. Amarpreet Singh
4. Smt. Darpreet Kaur, W/o Sh. Sumanjeet Singh
(hereinafter collectively referred to as the "Owners")
who have represented themselves to be the absolute and lawful owners of said property.
The Owners have further represented that the said property is free from all encumbrances, charges, liens, mortgages, litigation, attachments, acquisition proceedings, claims, demands, notices, court orders, or third-party interests of any nature whatsoever. Notice is hereby given that any person(s), body corporate(s), institution(s), government or statutory authority(ies), bank(s), financial institution(s), or any other entity(ies) claiming any right, title, interest, share, possession, charge, lien, easement, inheritance, succession, tenancy, leasehold, license, trust, agreement, or claim of any nature whatsoever, whether present or contingent, in respect of the said property or any part thereof, is hereby called upon to submit their claims/objections in writing, along with supporting documentary evidence, to the undersigned within 15 (Fifteen) days from the date of publication of this notice, failing which, it shall be presumed that there exists no claim or encumbrance over the said property, and my client shall proceed to complete the transaction as a bona fide party, free from all encumbrances.
Sd/-
Mr. Suhail Malik
(Advocate)
Anahata Legal Law Offices
Advocates & Solicitors
C-17, LGF, Friends Colony (East),
New Delhi - 110065.

निविदाएं (टेंडर्स)
E- AUCTION
E-Auction is going to be held on "AS IS WHERE IS", "WHATEVER IS THERE IS" for on Kg as well as lot basis disposal of damaged material Approx. 42.2 MT (Cable Aluminium and copper, Hot Metal Ladel steel, wire rope, hook steel) belonging to M/s SAIL lying at their plant located at Bokaro.
Damaged Material can be inspected from 22/01/2026 to 31/01/2026 E-Auction to be held on 02/02/2026.
For E-Auction forms, Contact Mr. Ashish Rajak at Mob: 09870570511, 8383826416 of Optimum Realiser E-Auctionner Pvt Ltd
Address: Faridabad- 121001. Last date for submission of E-auction form is 01/02/2026 before 06.00 PM.

E- AUCTION NOTICE- BURNT AFFECTED/ DAMAGED GI SHEETS, MS SCRAP, CABLES AND OTHER ITEMS ETC. WEIGHING AROUND 50,000 KGS.
E- Auction forms are invited strictly on "As Is Where Is" basis, on 'Kg basis' for disposal of BURNT / DAMAGED VARIOUS ITEMS MADE UP OF GI SHEETS, MS SCRAP, CABLES AND OTHER ITEMS ETC. belonging to M/s Jagadambey Industries, lying at Kapurthala, Punjab
Damaged Material can be inspected at M/s Jagadambey Industries, lying at Kapurthala, Punjab Between 22/01/2026 to 30/01/2026. E-Auction to be held on 31/01/2026.
For E-Auction forms, Contact Mr. Ashish Rajak at Mob: 09870570511, 8383826416 of Optimum Realiser E-Auctionner Pvt Ltd (Auctioneers)
Address: Faridabad- 121001. Last date for submission of E-auction form is 30/01/2026 before 06.00 PM.

LIC
भारतीय जीवन बीमा निगम
LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA
निविदा सूचना
सभी सेवाएं और ट्रांजैक्शन कॉल के लिए 1600-सीरीज को अनिवार्य रूप से अपनाने के TRAI के निर्देश को लागू करने हेतु, ई-बिड आमंत्रित किए जाते हैं। निविदा 03.02.2026 को सुबह 11.00 बजे तक निम्नलिखित वेबसाईट पर अग्रेषित भेजी जा सकती हैं: https://www.tenderwizard.com/LIC
आवेदन पत्र www.licindia.in/tender से भी डाउनलोड किया जा सकता है।
पूछताछ के लिए, कृपया 022-66598412/66598411 पर संपर्क करें
प्रमुख (भा.से.)

व्यक्तिगत
खोया एवं पाया
IT is informed that original conveyance deed dated 05 May 2014 in favour of Naresh Kumar Mathur and Anita Mathur C-449 (1st Floor) Sheikh Sarai (I) New Delhi 110017 registered on 05 May 2014 as conveyance deed No 6669 for the year 2014-15 in Book No I Volume No 5167 on pages 148 to 149 at the Office of the Sub-Registrar VII, New Delhi has been lost/misplaced. FIR has been lodged vide LR No. 47221/2026 dated 21.01.2026 If found please Cont: 9246623766

सामान्य
I, Isha Tomar, D/o Dharmender, R/o 1/4797, St.no 16, Balbir Nagar, Shahdara, Delhi-32 affirm that in my 10th marksheet my name is mentioned as Isha Tomar, my father's name Dharmendra Singh, Mother Sangeeta Tomar. That my correct name is Isha Tomar, Father name is Dharmender, Mother name is Sangeeta and my DOB is 22.06.2007 for all purposes.

BOOK YOUR EDUCATION ADS
PLEASE CONTACT
AMIT : 9811790649
TO BOOK ONLINE LOG ON TO
timesofindia.com

नाम परिवर्तन
I, GHANSHYAM YADAV,S/0 HARDAYAL YADAV R/o 423 SECTOR4,GURGAON have changed my minor daughter's name from NAVYA to NAVYA YADAV for all future purposes
I Ajeet Singh Jayant S/o Nanak Chand r/o Flat No.303, Type-D, Block-6,Kendriya Vihar,Pocket P-4, Plot-7, Sector-Phi-2,Greater Noida, Gautam Buddha Nagar, Uttar Pradesh-201310 have changed my name to Ajeet Singh for all purposes.
I Kamal Prakash W/o Sh. Om Prakash R/o 97-C,LIG DDA flats, Gulabi Bagh,Malka Ganj, Delhi-110007have changed my name from Kamal to Kamal Prakash for all purposes.
I KANCHAN THUSSU W/o Sh. Rakesh Thussu R/o H1001 Civitech Sampriti Sector 77 Noida 201301 have changed my name from KANCHAN THUSSU to KANCHAN KAUL THUSSU. Henceforth I would be known by the name of KANCHAN KAUL THUSSU for all purposes
I Rajenda Mani Tiwari s/o Ram Abhilash Tiwari R/o-601, GF, Bagban Apit, Block-GH, Pkt-2 Sector-28, Rohini, Delhi-42 have changed my name to Rajendra Mani Tiwari for all purposes.
I, Saleeshas Sethi, D/o Mr. Vinit Suresh Sethi, R/o New Delhi, hereby declare that the names 'Saleeshas' and 'Saleeshas Sethi' refer to one and the same person, i.e., myself. The variation has occurred due to a clerical error. There has been no change of name.
I, Shiv Baran Maurya S/o Girdhari R/o-130/356, Bagahi Bhatta,T.P.nagar,Kanpur,Uttar Pradesh-208023 have changed my name to Shiv Baran.
I Gayatri Devi W/o Shiv Baran R/o-130/356,Bagahi Bhatta,T.P. Nagar, Kanpur, Uttar Pradesh-208023 have changed my name to Gayatri for all purposes.

jobs
होम कुक/शेफ के लिए नौकरी
Vacancy For Home Cook / Chef
❖ इंडियन तेल खाना बनाना आना चाहिये
❖ घर में काम करने का अनुभव होना चाहिये
❖ रहना, खाना और कागज-पत्र कंपनी देगी
वेतन हुनर और अनुभव के हिसाब से
केवल पुरुष भर्ती (उम्र 20 से 35 वर्ष)
यह नौकरी ग्रायरेबल है, कोई भी एजेंसी या कमीशन नहीं है
जगह: मालीपल लोकेशन +91-9560854998

GALLERIA
NOW 50%+20% Off on every item
Mohini Knitwears
India's Biggest Woollen Knitwears House
Mill's Own Winter Showroom at:
AGA KHAN HALL
6-Bhagwan Dass Road, Near Mandi House
LAJPAT NAGAR: B-121 Back Side of Arya Samaj Mandir Amar Colony, Adjoining ICICI bank, Near Chota Gurudwara
SHALIMAR BAGH: A-9/2, Wazirpur Ind'l Area, Near Nexa Car Showroom, Opp. Shalimar Bagh, formerly Relax Banquet Hall
7696777775, 8360011456, 9781497286 (Open All 7 days)
Shop at www.mohiniknitwears.com
*conditions apply

HEALTH & WELLNESS
SEX PROBLEM
बचपन की गलतियों के कारण आयी सभी सेक्स समस्याओं के समाधान के लिए हमारी सलाह द्वारा दवा का सेवन करें और 15 दिन में फर्क देखें
सिर्फ ₹955 मात्र
घर बैठे दवा मंगवायें
सन्यासी आयुर्वेद
2284,कोटला मुबारकपुर दिल्ली
• मंगोलपुरी • कालकाजी
फ्री सलाह 8527001155

विवाहित जीवन में पायें
नई खुशियाँ नया जोश नई उमंग
SEX समस्या
आयुर्वेदिक सलाह लें
आकाश दवाखाना
एसआरएस टावर आकाश सिनेमा के पीछे आनन्द पर्वत दिल्ली
9953396533
8860003863

शादी से पहले ही सलाह लें गुप्त रोगों के लिए! मिलें
चेतन आयुर्वेदा
▸ बदरपुर ▸ दरियागंज
▸ भजनपुरा ▸ छतरपुर
B16, Near Eklavy Garden, Badarpur
9817469817

TO BOOK YOUR SOULMATE ADS PLEASE CALL
AMIT :
9811790649
TO BOOK ONLINE LOG ON TO
timesofindia.com

floret
SONABODY GROUP
Contact No. 9810145003
CO's Stock Clearance
HEAVY DISCOUNT SALE
SALE UPTO 50% OFF
From Sunday, 18th to Sunday, 25th Jan 2026
Daily 10 AM to 7:30 PM
At, AGA KHAN HALL, 6, Bhagwan Dass Road, Mandi House, New Delhi, 110001

TIMES interact SPECIAL
TRUST CAPITAL
LOAN STARTS FROM 1CRORE & ABOVE
AT LUCRATIVE RATE OF INTEREST
SECURED LOAN
UNSECURED LOAN (ALL SECTORS)
PROJECT FUNDING CHEQUE BASIS LOAN
LOAN RESTRUCTURE (Cibil not required)
DSA Agencies & Finance Consultant Welcome
98949 35391 / 82705 01932
trustcapital02@gmail.com
www.trustcapitalfinanceindia.com
#11, Vaigai Colony, Ashok Nagar, Ch-83

Readers are recommended to make appropriate enquires and seek appropriate advice before sending money, incurring any expenses, acting on medical recommendations or entering into any commitment in relation to any advertisement published in this publication. All creatives marked as Advertorial, Spotlight and Promotional Features are to be treated as Advertisements. The Times of India Group doesn't vouch for any claims made by the Advertisers of the products and services. The Printer, Publisher, Editor, and the owners of The Times of India Group publications shall not be held liable for any consequences, in the event such claims are not honoured by the Advertisers.

TIMES interact
TO ADVERTISE IN THE CLASSIFIEDS SECTION, FOR ANY OF THE BELOW MENTIONED CATEGORIES
PROPERTY, MATRIMONIAL, BUSINESS, CHANGE OF NAME, LOST & FOUND, RECRUITMENT, EDUCATION, SHOPPING, TENDER, PUBLIC NOTICE, SERVICES, VEHICLES, TRAVEL, BIRTHDAY/ ANNIVERSARY ADS

Please call us at the below mentioned nos.

Area / Zone	Contact Person	Mobile No.
Central Delhi1 + North Delhi	Amit Ghosh	98117 90649
Central Delhi2 + Ghaziabad	Sunil Srivastava	99994 99496
South Delhi + Faridabad	Raghav Arora	99999 95460
West Delhi + Dwarka + Gurgaon	Aman Pasricha	93126 33518
East Delhi + Noida	Sumit Negi	98992 68321

MISSION / ADMISSION
DELHI PUBLIC SCHOOL
MATHURA ROAD, NEW DELHI-110003
website: www.dpsmathuraroad.org
Admission Notice (2026-27)
Class V & Class XI
Applications are invited from meritorious students for admission in Class XI. Please visit the website www.dpsmathuraroad.org for the Registration Form.
Students are prepared for Competitive Exams for Engineering, Medical, CLAT, IPMAT, SAT, MVPP, CUET and overseas universities etc. by expert teachers.
In view of increase in one section in Class V, seats are available for Classes V. Please mail your request for Classes V at admission26@dpsmathuraroad.org
PRINCIPAL

फटाफट खबरें

'हाई कोर्ट नहीं तय करेगा देशों से संबंध'

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : बांग्लादेश पर सभी क्रिकेट टूर्नामेंट पर बैन लगाने के निर्देश देने की मांग वाली जनहित याचिका पर सुनवाई से दिल्ली हाई कोर्ट ने इनकार कर दिया। बुधवार को चीफ जस्टिस देवेंद्र कुमार उपाध्याय और जस्टिस तेजस करिया की डिवीजन बेंच ने लॉ स्टूडेंट को इसके लिए कड़ी फटकार लगाई। कहा कि दूसरे देशों से संबंध के बारे में हाई कोर्ट आदेश नहीं दे सकता।

मीडिया ब्रीफिंग पर पॉलिसी बनाएं : SC

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: सुप्रीम कोर्ट ने राज्यों से कहा है कि वे पुलिस द्वारा मीडिया ब्रीफिंग के लिए नीति तैयार करें। यह नीति कोर्ट की सहायता कर रहे न्याय मित्र सीनियर वकील द्वारा तैयार किए गए मैनुअल पर विचार करने के बाद बनाई जाए। जस्टिस एनएम सुंदरेश की अगुवाई वाली बेंच उन याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी, जो जांच लंबित रहने के दौरान पुलिस द्वारा मीडिया ब्रीफिंग करने की प्रक्रिया से संबंधित थीं।

इस्राइल का हमला, 11 फलस्तीनी मारे गए

■ एपी, कायरो (Cairo): इस्राइली सेना की कार्रवाई में गाजा में 11 फलस्तीनी मारे गए। अस्पताल के अनुसार, मरने वालों में दो 13 साल के लड़के, तीन पत्रकार और एक महिला भी शामिल हैं। दोनों लड़के लकड़ी इकट्ठा कर रहे थे, तभी अलग-अलग घटनाओं में उनकी मौत हो गई। एक घटना में, बुरेज शरणार्थी शिविर (मध्य गाजा) के पूर्वी हिस्से में इस्राइली ड्रोन हमले में एक 13 वर्षीय लड़का, उसका पिता और 22 साल का एक युवक मारे गए।

जाकिर खान का कॉमिडी से ब्रेक

■ पीटीआई, नई दिल्ली: स्टैंड अप कॉमेडियन जाकिर खान ने कहा है वह कॉमिडी से लंबा ब्रेक लेंगे। उन्होंने हेल्थ पर ध्यान देने की बात कही है। खान ने अपने कॉमिडी टूर के तहत हैदराबाद में हुसैन लाइव शो में यह घोषणा की। फैसले के बारे में बताते हुए खान का विडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। उन्होंने कहा कि उन्हें हेल्थ पर ध्यान देना है और कुछ काम निपटाने है।

प्रयागराज : पैराशूट के सहारे कूदे दोनों पायलट सेफ

तालाब में गिरा ट्रेनी विमान

■ NBT रिपोर्ट, प्रयागराज : एयरफोर्स का माइक्रोलाइट ट्रेनी विमान बुधवार को हादसे का शिकार हो गया। इंजन में खराबी के बाद वह तालाब में जा गिरा। पैराशूट के सहारे छलांग लगाने वाले पायलटों को लोगों ने तालाब से निकालकर पुलिस की मदद से अस्पताल भेजा। हादसा जार्ज टाउन एरिया के केयी कॉलेज के पास हुआ।

दोपहर 12.15 बजे हादसा

प्रयागराज क्षेत्र के डिफेंस पीआरओ और प्रवक्ता विंग कमांडर देबार्थो धर ने बताया कि तकनीकी खराबी के चलते एयरक्राफ्ट की दोपहर 12.15 बजे आपात लैंडिंग करानी पड़ी।

क्या रहा कारण?

विमान बमरौली एयरबेस से समय के फाफामऊ के लिए उड़ा था। लौटते वक्त इंजन में तकनीकी खराबी आई। पायलटों ने फोर्स लैंडिंग का निर्णय लिया।

हेलिकॉप्टर लेकर पहुंचा बचाव दल

जानकारी मिलने के कुछ देर बाद ही पुलिस, एसडीआरएफ और डायुसेना की टीमें मौके पर पहुंचीं। एयरफोर्स का दल हेलिकॉप्टर से आया। ट्रेनी विमान के ऊपर घास तरफ चक्कर लगाने के बाद तालाब के बगल में ही हेलिकॉप्टर उतरा।

धमाका सुन सहमे लोग, घरों से निकल आए

विमान रिहाइशी इलाके से दूर केयी कॉलेज के पीछे की ओर गिरा। इसके बाद वह तालाब में गिरा। लोगों ने धमाका सुना तो सहमकर घरों से निकल आए। जलकुंभी होने के कारण विमान डूबा नहीं।

शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने वकील के ज़रिये भेजा जवाब, कहा-

'24 घंटे में नोटिस वापस लें'

■ NBT रिपोर्ट, प्रयागराज

ज्योतिषपीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने प्रयागराज मेला प्राधिकरण के नोटिस का जवाब भेज दिया है। उनके वकील श्रेयनंदी कुमार मिश्रा की ओर से भेजे गए जवाब में कहा गया है कि अगर मेला प्रशासन से जुड़ा 19 जनवरी का नोटिस 24 घंटे के भीतर वापस नहीं लिया गया, तो सरकार और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ अदालत की अवमानना सहित अन्य कानूनी कार्रवाई की जाएगी। यह पत्र ऐसे विषय में दखल देता है, जो पहले से ही सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है। इसे अदालत की गरिमा को चुनौती देने वाला कदम बताया गया है। साथ ही शंकराचार्य परंपरा और स्वामी जी की छवि को ठेस पहुंचाने के आरोप में भी कानूनी कदम उठाए जाएंगे। उधर, अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रविंद्र पुरी ने कहा कि सीएम योगी आदित्यनाथ पर टिप्पणी करना गलत है। माघ मेले में शाही स्नान जैसी कोई बात नहीं होती है। भीड़ को देखते हुए अगर प्रशासन ने अविमुक्तेश्वरानंद को रोका तो उन्हें मानना चाहिए था। हालांकि, उन्होंने बहुओं की पिटाई और सिख्या खींचने को गलत बताया। उन्होंने इस मामले की सीएम से जांच की मांग कर दोषियों को दंडित करने को कहा।

माला और भाला दोनों की भाषा जानता है संत समाज : सतुआ बाबा

जगद्गुरु संतोषदास उर्फ 'सतुआ बाबा' ने सोशल मीडिया पर तीखी टिप्पणी की है। उन्होंने शंकराचार्य को संबोधित करते हुए कहा, 'गुरुजी आप जानते हैं कि बचपन से मैं आपके साथ रहा हूं। जब भी आपने देश और गंगा की बात की है, आपके साथ दिया है, लेकिन गेरुआधैर्य और सीएम योगी आदित्यनाथ के खिलाफ ऐसी टिप्पणी बर्दाश्त नहीं होगी।' उन्होंने चेताया कि हमारा संत समाज माला और भाला दोनों की भाषा जानता है।

ज्योतिष पीठ का काशी से सीधा जुड़ाव

महाकुंभ के दौरान एक साथ विराजमान हुए थे तीनों शंकराचार्य।

■ विकास पाठक, वाराणसी

आदि शंकराचार्य ने देश के चारों कोनों में चार मठों की स्थापना की थी। इनमें से एक काशी से सीधी जुड़ाव वाली ज्योतिष पीठ (ज्योतिर्मठ) के शंकराचार्य को लेकर दशकों से चला आ रहा विवाद फिर सतह पर है। ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य होने का दावा करने वाले स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को माघ मेला प्राधिकरण की ओर से भेजे गए नोटिस ने उनके गुरु ब्रह्मलीन स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती को ज्योतिष पीठ का शंकराचार्य बनाने संबंधी विवाद को भी हवा दे दी है। 2017 के इलाहाबाद हाई कोर्ट के आदेश के मुताबिक, ज्योतिष पीठ पर स्वामी स्वरूपानंद की जगह दूसरे शंकराचार्य का चयन तीन माह में होना था, पर आनन-फानन में स्वामी स्वरूपानंद का ही अभिषेक करा दिया गया। हाई कोर्ट ने शंकराचार्य के रूप में स्वामी स्वरूपानंद और स्वामी वासुदेवानंद के दावे को खारिज कर दिया था।

इसके बाद वर्ष 1941 की डीड के अनुसार, शंकराचार्य के चयन की जिम्मेदारी भारत धर्म मंडल, काशी विद्वत परिषद समेत तीनों पीठों के शंकराचार्यों को सौंपी गई थी। भारत धर्म मंडल और काशी विद्वत परिषद ने ख़ाका तैयार कर शंकराचार्य के चयन की प्रक्रिया शुरू ही की थी कि इसी बीच भारत धर्म महामंडल के एक गुट ने स्वामी स्वरूपानंद का नाम प्रस्तावित कर अभिषेक भी कर दिया था। विवाद के चलते निर्वाचक मंडल के समन्वयक भाल शास्त्री ने हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस को पत्र भेजकर दखल देने की मांग की। हाई कोर्ट ने तो इस मामले में दखल नहीं दिया, लेकिन विवाद सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया और वर्तमान में वहीं लंबित है।

लुप्त ज्योतिष पीठ की खोज 1941 में स्वामी ज्ञानानंद ने की थी

काशी की संस्था ने की थी ज्योतिष पीठ की खोज

लुप्त ज्योतिष पीठ की खोज 1941 में काशी की संस्था भारत धर्म महामंडल की स्थापना करने वाले स्वामी ज्ञानानंद ने की थी। उनके प्रयासों से काशी के टाउनहाल मैदान में हुए शास्त्रार्थ में विजयी स्वामी ब्रह्मानंद ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य बनने वाले पहले संत थे। 1953 में उनके देहावसान के बाद पांच सदी की आघार्य पद के लिए नामित किया गया। सभी अदालत के परीक्षण में आयोग्य हो गए थे। इसके बाद स्वामी कृष्णबोधाश्रम और फिर उनके निधन के बाद स्वामी स्वरूपानंद का नाम घोषित किया गया था।

अविमुक्तेश्वरानंद के नाम का ऐलान

स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को उनके गुरु शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद के निधन के बाद शंकराचार्य बनाया गया था। स्वामी स्वरूपानंद की वसीयत के आधार पर निजी सचिव और शिष्य सुबोद्धानंद ने स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को ज्योतिष पीठ और स्वामी सदानंद को द्वारका पीठ की गद्दी सौंपी थी। यह घोषणा शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती के पार्थिव शरीर के सामने की गई थी। इसके बाद मैं शंकराचार्य पद को लेकर कोर्ट में कानूनी लड़ाई जारी है। इसी को आधार बनाकर माघ मेला प्रशासन ने नोटिस भेजा था।

शराब घोटाले में बढ़ा अंतरिम संरक्षण

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को आंध्र प्रदेश में साढ़े तीन हजार रुपये कथित शराब घोटाले में तीन आरोपियों को दिए गए अंतरिम संरक्षण को बढ़ा दिया। हालांकि, चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अगुवाई वाली बेंच ने आंध्र प्रदेश हाई कोर्ट के उस आदेश में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया, जिसमें आरोपियों को दी गई डिफॉल्ट जमानत रद्द कर दी गई थी। शीर्ष अदालत ने आरोपियों को निर्धमित जमानत के लिए ट्रायल कोर्ट का रुख करने का निर्देश दिया।

SC बोला- स्पेशल कोर्ट बनने से सुनवाई जल्द

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि अतिरिक्त ट्रायल अदालतों की स्थापना से न्यायिक प्रणाली मजबूत होगी। इससे जमानत या आपराधिक मामलों में शीघ्र सुनवाई जैसी राहत के लिए शीर्ष अदालत का रुख नहीं करना पड़ेगा। शीर्ष अदालत ने 6 जनवरी को केंद्र और दिल्ली सरकार से कहा था कि 2021 में एनआईए ने कथित रूप से आईएसआईएस से जुड़े एक शख्स की जे जांच की थी, उसकी रोज सुनवाई के लिए एक विशेष अदालत स्थापित करने पर विचार करें। बुधवार को चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अगुवाई वाली बेंच ने केंद्र की ओर से पेश अडिशनल सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी से राष्ट्रीय राजधानी में विशेष अदालत की स्थापना में हुई प्रगति के बारे में पूछा।

कहा- शीर्ष अदालत का रुख नहीं करना पड़ेगा

गृह मंत्री ने किया कल्याण पत्रिका के शताब्दी अंक का विमोचन

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने बुधवार को उत्तराखंड के ऋषिकेश में गीता प्रेस से प्रकाशित मासिक पत्र 'कल्याण' के शताब्दी अंक के विमोचन समारोह को संबोधित किया। इसके बाद लक्ष्मीनारायण मंदिर और मां गंगा के दर्शन-पूजन भी किया। इस दौरान उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी भी उपस्थित थे। अमित शाह ने कहा कि इस भूमि से प्रेम करने वाला कोई भी शख्स गीता प्रेस से अलग्गन नहीं हो सकता।

आज से शुरू हो रहा है कमर्शल रन

वंदे भारत स्लीपर का क्रेज़, खुलते ही सारी सीटें बुक

Maneesh.Aggarwal
@timesofindia.com

■ नई दिल्ली : पहली वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का ओन यानी 22 जनवरी से पहला कमर्शल रन शुरू हो रहा है। इस सेमी हाई स्पीड प्रीमियम ट्रेन के पहले सफर का साक्षी बनने का जबरदस्त क्रेज है। आलम यह है कि बुकिंग शुरू होने के कुछ ही घंटों में सभी 823 सीटें बुक हो गईं। सबसे महंगे फर्स्ट एसी की बुकिंग पहले फुल हुई। नॉर्थ-ईस्ट फ्रंटियर रेलवे के चीफ पीआरओ केके शर्मा ने बताया कि वंदे भारत स्लीपर ट्रेन के पहले कमर्शल रन में यात्रा के लिए लोगों में खासा उत्साह है। इस ट्रेन का पहला रन 22 जनवरी से गुवाहाटी के कामाख्या रेलवे स्टेशन से कोलकाता के हावड़ा तक शुरू हो रहा है। 23 जनवरी को इसका पहला सफर हावड़ा से कामाख्या के बीच होगा। 16 कोच की इस वंदे भारत स्लीपर ट्रेन में 24 यात्रियों की क्षमता वाला एक कोच फर्स्ट एसी, 188 यात्री क्षमता के साथ चार कोच सेकंड एसी और 11 कोच थर्ड एसी स्लीपर हैं, जिसमें 611 यात्री सफर कर सकते हैं।

16 कोच की ट्रेन में 24 यात्रियों की क्षमता का एक फर्स्ट AC कोच

गुवाहाटी टु हवड़ा.. 14 घंटे में पूरा होगा सफर

सारी सीटें फुल हो चुकी हैं। थ्रूकि, इस ट्रेन में कन्फर्म टिकट ही मिलेगा। ऐसे में कुछ लोगों को तभी टिकट मिलेगा। रेलवे ने इस ट्रेन को कई नई खूबियों के साथ लॉन्च किया है। इससे काफी उम्मीदें हैं। रेलवे का कहना है कि यह रूट पर सबसे तेज चलने वाली ट्रेनों के मुकाबले करीब ढाई घंटे कम समय लेगी और 14 घंटे में पूरी तय करेगी।

असम : कोकराझार में सेना की तैनाती

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : असम के कोकराझार में हिंसा के बाद सेना तैनात कर दी गई है। सेना ने एक बयान में कहा कि सिविल प्रशासन की मदद के लिए सेना के 4 कॉलम तैनात किए गए हैं। एक कॉलम में करीब 40-45 सैनिक होते हैं। कोकराझार हिंसा में दो लोगों की मौत के बाद आगजनी की भी घटनाएं हुईं। सेना ने जिला प्रशासन के साथ मिलकर मंगलवार रात प्रभावित इलाकों में गश्त भी की। स्थानीय प्रशासन के मुताबिक, सोमवार रात बोडो समुदाय के तीन लोगों को ले जा रहे एक वाहन से दो आदिवासियों को टक्कर लग गई थी। इसके बाद आदिवासी ग्रामीणों और बोडो समुदाय के लोगों के बीच मारपीट हुई और फिर तनाव बढ़ गया। इंस्पेक्टर जनरल ऑफ पुलिस (कानून और व्यवस्था) अखिनेश सिंह ने बताया कि सेना के अलावा रैपिड ऐक्शन फोर्स, सीआरपीएफ और असम पुलिस के सुरक्षाकर्मी भी प्रभावित क्षेत्रों में गश्त कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्थिति काबू में है।

एक महीने में 167 दवाओं के सैंपल फेल

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : सेंट्रल ड्रग स्टैंडर्ड कंट्रोल ऑर्गनाइजेशन ने दिसंबर 2025 में दवाओं की गुणवत्ता की जांच रिपोर्ट पेश की है। नियमित निगरानी के तहत की गई जांच में 167 दवाओं के सैंपल घटिया क्वॉलिटी के मिले। इनमें केंद्रीय ड्रग लैबोरेटरी की जांच में 74 सैंपल और राज्य की ड्रग टेस्टिंग लैबोरेटरी में 93 सैंपल फेल हो गए। अधिकारियों के मुताबिक, किसी दवा को नॉट ऑफ स्टैंडर्ड क्वॉलिटी तब घोषित किया जाता है, जब वह गुणवत्ता से जुड़े एक या अधिक पैमानों पर आफल पाई जाती है। यह भी स्पष्ट किया कि यह कमी सिर्फ उसी बैच तक सीमित है, जिसकी जांच हुई है। इससे दूसरी दवाओं पर सवाल खड़े नहीं होते।

भारतीय रिज़र्व बैंक
सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, सेंट्रल विस्टा, सेक्टर-17, चंडीगढ़- 160017
https://www.rbi.org.in

ई-निविदा सूचना

भारतीय रिज़र्व बैंक, चंडीगढ़ के मुख्य कार्यालय में कंप्यूटर हार्डवेयर, सॉफ्टवेयर और सहायक उपकरणों के लिए वार्षिक रखरखाव अनुबंध (एएमसी) /सुविधा प्रबंधन सेवा (एफएमएस) (ई-निविदा सं. भा.रि.बै./चंडीगढ़ क्षेत्रीय कार्यालय/तम्पदा/20/25-26/ET/874

भारतीय रिज़र्व बैंक, चंडीगढ़ के मुख्य कार्यालय भवन में कंप्यूटर हार्डवेयर, सॉफ्टवेयर और सहायक उपकरणों के लिए वार्षिक रखरखाव अनुबंध (एएमसी) /सुविधा प्रबंधन सेवा (एफएमएस) हेतु ई-निविदाएँ आमंत्रित करता है। उपर्युक्त कार्य की अनुमानित लागत ₹35,00,000/- (जी.एस.टी. सहित) मात्र है।

1. निविदा दस्तावेज़ 21 जनवरी 2026 को सुबह 05:00 बजे से बैंक की वेबसाइट www.rbi.org.in से डाउनलोड किए जा सकते हैं। ई-निविदा https://www.mstcecommerce.com/eprocn/ पर दिनांक 21 जनवरी 2026 को सुबह 05:00 बजे से दिनांक 19 फरवरी 2026 को अपराह्न 03:00 बजे तक भरी जा सकती है। निविदा का भाग-I दिनांक 20 फरवरी 2026 को अपराह्न 04:00 बजे MSTC वेबसाइट के माध्यम से खोला जाएगा।

3. निविदा दस्तावेज डाउनलोड करने के लिए भारतीय रिज़र्व बैंक की वेबसाइट https://www.rbi.org.in/Scripts/BS_ViewTenders.aspx के तहत टेंडर लिंक देखें।

क्षेत्रीय निदेशक
भारतीय रिज़र्व बैंक, चंडीगढ़

नॉर्थ ईस्टर्न इलेक्ट्रिक पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड
(एनटीपीसी की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी)
North Eastern Electric Power Corporation Ltd.
(A Wholly Owned Subsidiary of NTPC)
Office: Brookland Compound, Lower New Colony, Shillong-793003, Meghalaya
CIN No.: U40101ML1976G01001658 Regd. I Website: www.neepco.co.in
@NEEPCOLtd neepcoindia neepcoindia neepco india NEEPCOlimited

अनुलग्नक I-ए

31 दिसंबर 2025 को समाप्त तिमाही के लिए
नॉर्थ ईस्टर्न इलेक्ट्रिक पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड के वित्तीय परिणाम

[सेबी (एलओडीआर) विनियमों के विनियम 52 (4) के साथ विनियमन 52 (8), के साथ पढ़ें]

₹ लाखों में

क्र. संख्या	विवरण	स्टैंडएलोन वित्तीय परिणाम			कंसोलिडेटेड वित्तीय परिणाम		
		31 दिसंबर 2025 को समाप्त तिमाही (अनअंकेक्षित)	31 दिसंबर 2024 को समाप्त अनुरूप तिमाही (अनअंकेक्षित)	31 मार्च 2025 को समाप्त पिछला वर्ष (अंकेक्षित)	31 दिसंबर 2025 को समाप्त तिमाही (अनअंकेक्षित)	31 दिसंबर 2024 को समाप्त अनुरूप तिमाही (अनअंकेक्षित)	31 मार्च 2025 को समाप्त पिछला वर्ष (अंकेक्षित)
1	कुल आय	109307.41	95655.47	429049.46	109307.41	95655.47	429049.46
2	अवधि के लिए शुद्ध लाभ / (हानि) (कर, विशेष तथा/या असाधारण मदों से पूर्व #)	21812.59	11511.02	72394.41	21812.59	11510.18	72394.32
3	कर से पूर्व अवधि के लिए शुद्ध लाभ / (हानि) (विशेष तथा/या असाधारण मदों के बाद #)	21812.59	11511.02	72394.41	21812.59	11510.18	72394.32
4	कर के बाद अवधि के लिए शुद्ध लाभ / (हानि) (विशेष तथा/या असाधारण मदों के बाद #)	13280.06	4343.65	58468.51	13280.06	4343.07	58468.45
5	अवधि के लिए कुल व्यापक आय [अवधि के लिए (कर के बाद) लाभ / (हानि) तथा अन्य व्यापक आय (कर के बाद) को शामिल करके]	12715.08	3874.74	55756.85	12715.08	3874.16	55756.79
6	भुगतान इक्विटी शेयर पूंजी	360981.04	360981.04	360981.04	360981.04	360981.04	360981.04
7	आरक्षित (पुनर्मूल्यांकन आरक्षित को छोड़कर)	404289.67	360497.89	356565.19	404642.07	360848.52	356916.10
8	प्रतिभूति प्रीमियम खाता						
9	निवल मूल्य	765270.71	721478.93	717546.23	765623.11	721829.56	717897.14
10	भुगतान ऋण पूंजी/बकाया ऋण	757325.95	712364.26	761365.54	757325.95	712364.26	761365.54
11	बकाया प्रतिदेय वरीयता शेयर						
12	ऋण इक्विटी अनुपात	0.99	0.99	1.06	0.99	0.99	1.06
13	प्रति शेयर आय (10/- रुपये प्रत्येक) (जारी रखने और बंद किए गए परिचालनों के लिए) -						
	1. मूल:	0.37	0.12	1.62	0.37	0.12	1.62
	2. तनुकृत (डाइलूटेड):	0.37	0.12	1.62	0.37	0.12	1.62
14	कैपिटल रिडेम्पशन रिजर्व	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
15	डिबेंचर रिडेम्पशन रिजर्व	65054.17	65054.17	65054.17	65054.17	65054.17	65054.17
16	ऋण सेवा कवरेज अनुपात	1.45	1.31	1.32	1.45	1.31	1.32
17	ब्याज सेवा कवरेज अनुपात	6.02	3.52	4.18	6.02	3.52	4.18

इंड एएस नियमों के अनुसार लाभ और हानि विवरण में समायोजित विशेष और/या असाधारण आइटम, जो भी लागू हो

1) उपरोक्त सेबी (सूचीकरण एवं अन्य प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियम 52 के तहत स्टॉक एक्सचेंजों के साथ दाखिल तिमाही वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक सार है। तिमाही वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज और सूचीकरण प्रतिभूति की वेबसाइटों पर उपलब्ध है।

2) सेबी (सूचीकरण और अन्य प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियम 52(4) में संदर्भित आइटम, प्रासंगिक प्रकटीकरण इस प्रकार है:

क्र. संख्या	विवरण	स्टैंडएलोन वित्तीय परिणाम			कंसोलिडेटेड वित्तीय परिणाम		
		31 दिसंबर 2025 को समाप्त तिमाही (अनअंकेक्षित)	31 दिसंबर 2024 को समाप्त अनुरूप तिमाही (अनअंकेक्षित)	31 मार्च 2025 को समाप्त पिछला वर्ष (अंकेक्षित)	31 दिसंबर 2025 को समाप्त तिमाही (अनअंकेक्षित)	31 दिसंबर 2024 को समाप्त अनुरूप तिमाही (अनअंकेक्षित)	31 मार्च 2025 को समाप्त पिछला वर्ष (अंकेक्षित)
(क)	वर्तमान अनुपात	0.92	0.85	0.76	0.92	0.85	0.76
(ख)	कार्यशील पूंजी के लिए दीर्घकालिक ऋण	12.80	15.64	24.39	12.80	15.64	24.39
(ग)	खाता प्राप्य अनुपात के लिए खराब ऋण	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
(घ)	वर्तमान देयता अनुपात	0.22	0.18	0.23	0.22	0.18	0.23
(ङ)	कुल संपत्ति के लिए कुल ऋण	0.41	0.43	0.44	0.41	0.43	0.44
(च)	देनदार कारोबार	7.78	5.45	6.03	7.78	5.45	6.03
(छ)	अचिकरण कारोबार	30.33	30.77	31.49	30.33	30.77	31.49
(ज)	परिचालन सीमा(%)	47.77	25.63	32.79	47.77	25.63	32.79
(झ)	निवल लाभ सीमा(%)	12.21	4.55	13.77	12.21	4.55	13.77

3) उपरोक्त परिणामों की समीक्षा निदेशक बोर्ड की लेखापरीक्षा समिति ने 21.01.2026 को हुई अपनी बैठक में की और कंपनी के निदेशक मंडल को उनके अनुमोदन के लिए सिफारिश की। निदेशक बोर्ड ने 21.01.2026 को हुई अपनी बैठक में इसे मंजूरी दे दी है। इसके अलावा कंपनी के सांविधिक लेखापरीक्षकों द्वारा भी परिणामों की समीक्षा की गई है।

4) बिजली उत्पादन निगम की प्रमुख गतिविधि है।

5) निगम के बिजली स्टेशन क्षेत्र के भीतर स्थित है, इसलिए भौगोलिक खंड अनुपयुक्त है।

6) केंद्रीय विद्युत नियामक आयोग (सीईआरसी) द्वारा अनुमोदित टैरिफ के आधार पर ऊर्जा की बिक्री का हिसाब लगाया जाता है। पावर स्टेशनों के मामले में, जहाँ सीईआरसी द्वारा अंतिम टैरिफ को अधिसूचित/अनुमोदित किया जाना बाकी है, ऊर्जा की बिक्री अंतिम दर के आधार पर सीईआरसी के समक्ष प्रस्तुत वार्षिक निश्चित लागत पर टैरिफ याचिका के माध्यम से सीईआरसी (टैरिफ के नियम और शर्तें) विनियम 2019 के प्रस्तावित सिद्धांतों के अनुसार प्रदान की जाती है। उन परियोजनाओं के लिए जिनके लिए न तो सीईआरसी द्वारा अनुमोदित टैरिफ उपलब्ध है और न ही सीईआरसी के पास याचिका लंबित है, ऊर्जा की बिक्री का हिसाब लाभार्थियों द्वारा स्वीकृत टैरिफ सूची के आधार पर लगाया जाता है।

7) तिमाही के दौरान परिचालन से कुल आय में 'अन्य आय' ₹ 565.63 लाख (पूर्व तुलनीय अवधि ₹247.08 लाख) शामिल है।

8) अनुपात की गणना के लिए प्रयुक्त सूत्र:
क. 'ऋण सेवा कवरेज अनुपात' (डीएससीआर) = [ब्याज, मूल्यह्रास और कर से पहले लाभ] / (मूल पुनर्अदायगी + ब्याज)
ख. 'ब्याज सेवा कवरेज अनुपात' (आईएसीआर) = [ब्याज, मूल्यह्रास और कर से पहले लाभ] / ब्याज

विवरणपत्र ब्याज की राशि केवल चालू पावर स्टेशनों के लिए लिए गए ऋण से संबंधित है।

स्थान: शिलांग
तिथि: 21.01.2026

हस्ता./-
निदेशक (वित्त)
नीपको लिमिटेड

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 22-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH12 User: cci Time: 01-21-2026 21:16 Color:

खेल में एकजुट करने की वह शक्ति होती है, जो बहुत कम चीजों में होती है।
– नेल्सन मंडेला

खेल का नुक़सान

खेल में राजनीति मिलाने, जिद और अदूरदर्शिता का नतीजा है कि बांग्लादेश क्रिकेट टीम अगले महीने से शुरू होने वाले T20 वर्ल्ड कप से बाहर होने के कगार पर खड़ी है। ICC ने साफ कर दिया है कि बांग्लादेश के शिड्यूल्ड मैच भारत में ही खेले जाएंगे। अगर बांग्लादेश अपना फैसला नहीं बदलता, तो विश्व कप में उसकी जगह स्कॉटलैंड को शामिल कर लिया जाएगा। हालांकि ICC ने बांग्लादेश को एक आखिरी मौका दिया है और उसे इस पर विचार करना चाहिए। राजनीतिक-सामाजिक तनाव और अस्थिरता से गुजर रहे उस देश की जनता के लिए क्रिकेट थोड़ी मुस्कान ला सकता है।

हठी रवैया । इस मामले में बात इतनी बिगड़ती ही नहीं, अगर शुरू से खेल को खेल की तरह लिया जाता। पिछले दो हफ्तों में ICC और बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने कई बार बातचीत की, पर गतिरोध बना रहा। बांग्लादेश सरकार और बोर्ड, दोनों भारत में न खेलने की बात पर अड़े हैं।

बांग्लादेश का अड़ियल रुख

खेल भावना को चोट । बांग्लादेश ने अपने खिलाड़ियों की सुरक्षा का मसला उठाया है, जबकि इंटरनैशनल क्रिकेट काउंसिल की रिपोर्ट ऐसी किसी आशंका को खारिज करती है। असल में यह फैसला खेल की जमीन पर नहीं, बिचे-पॉलिटिक्स की बुनियाद पर लिया गया है, जो सरासर क्रिकेट की भावना के खिलाफ है। इसका सबसे बड़ा नुकसान खुद बांग्लादेश को होगा, जिसका अंदेशा वहां के सीनियर खिलाड़ी तमीम इकबाल भी जता चुके हैं।

आर्थिक घाटा । बांग्लादेश के इस फैसले का असर आने वाले ICC इवेंट्स, द्विपक्षीय सीरीज और दूसरे बोर्ड के साथ रिश्तों पर पड़ सकता है। BCB लंबे समय से आर्थिक कठिनाइयों से जूझ रहा है और विश्व कप न खेलने की सूरत में उसे ICC से मिलने वाली फीस और रेवेन्यू में हिस्सा नहीं मिलेगा। यह अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मारने जैसा है।

मौका खो रहा । बांग्लादेश की टीम ने 1986 में अपना पहला वनडे इंटरनैशनल खेला था। लेकिन, चार दशक के बाद भी वह खुद को बड़ी टीमों के बीच स्थापित नहीं कर पाई है। आज भी उसका प्रदर्शन बेहद उतार-चढ़ाव भरा है और इसकी एक वजह बड़े मौकों की कमी भी है। बांग्लादेश जैसी टीमों के लिए विश्व कप वह मंच है, जहां उसके खिलाड़ी पल्टॉर्म पर पूरी दुनिया की नजरों में आ सकते हैं। बोर्ड और सरकार उनसे यह मौका छीन रहे हैं।

मायूस होंगे फैंस । बांग्लादेशी खिलाड़ियों के बयान बताते हैं कि वे विश्व कप में खेलने के इच्छुक हैं, लेकिन ऐसा लगता है कि उन्हें राजनीति की कीमत चुकानी पड़ेगी। अफसोस है कि प्रशंसक भी इसके शिकार बनेंगे। वे अपनी टीम को उस इवेंट में खेलते नहीं देख पाएंगे, जिसका इंतजार सभी को रहता है।

गुस्ताखी माफ़

नया मुहावरा

संगम में डुबकी लगाने को लेकर भसड़ मच गई। अगले आषाढ़ो के कि डुबकी लगाकर ही मानेंगे, पर बाकियों ने रास्ता रोक लिया। उनने ज्यादा जोर लगाया, तो इनने कंधों पर उठाकर रास्ता बदल दिया। शास्त्र, परंपरा, नियम-कानून की इस धक्कामुक्की में ऐसी गर्मी फैली कि माघ महीने की ठंड के भी होश उड़ गए। लखनऊ तो लखनऊ, इधर दिल्ली तक में पारा चढ़ गया। पिछले 6 सालों में ऐसी गर्मी जनवरी न दिखी थी, जो अब दिखी।

अखिलेश प्रताप सिंह

उधर, शेयर बाजार भी डुबकी लगाने से बाज नहीं आ रहा। नए साल की झोला भर-भर के शुभकामनाएं दीं, पर कुछ काम नहीं आ रहा। सेंसेक्स न जाने क्या खोजने के लिए गोते लगा रहा है। 20 दिनों में 3000 सीढ़ियां उतर आया है। क्या पता रुपये से इसकी होड़ लग गई हो कि देखते हैं, कौन कितना गिरता है। इनकी गोताखोरी से भी माहौल गर्म हुआ जा रहा है और अपनी बचत के पैसों को हवा होते देख लोगों को जाड़े में भी पसीना आने लगा है।

डुबकी लगाने के इस मौसम से उत्तरी ध्रुव भी अछूता नहीं रह गया है। अमेरिका के एक बड़े बिल्डर की निगाह ग्रीनलैंड पर पड़ गई है। डेनमार्क और नॉर्वे वाले गुहार लगा रहे कि हजूर, हमारे परदादा के परदादा इधर पहली बार नाव लेकर आए थे। तब तो यहां कोई भी नहीं था। पर अमेरिकी बिल्डर टस से मस न हो रहा। संयुक्त राष्ट्र का हो या किसी भी राष्ट्र का, उसे किसी लेखपाल का डर नहीं। उसने अलग ही नक्शा पास करा रखा है। अगले ने ठान लिया है कि ग्रीनलैंड में स्विमिंग पूल बनाएगा और इंटरनैशनल पॉलिटिक्स को उसमें डुबोकर ही रुकेगा।

इतना किस्सा सुनाकर मैंने मियां फिरकी को देखा, जो सिस्टम के अंधेरे में डूबकर एक नौजवान इंजीनियर के मरने से गमजदा थे। कहने लगे, कौन कहां डूबा, इसका हिसाब छोड़िए, अब तो चुल्लू भर पानी की जगह नया मुहावरा बनाना पड़ेगा।

एकदा

संकलन : अनुभव कुमार

कल्पनाओं की दुनिया

अमेरिका के मिसिसिपी में 24 सितंबर 1936 को जन्मे जिम हेंसन बचपन से ही अलग थे। जहां दूसरे बच्चे खिलौनों में खोए रहते, जिम कपड़े के टुकड़ों, धागों और बटन से अपनी कल्पना की दुनिया रचते। कॉलेज के दिनों में उन्होंने टेलिविजन के लिए एक छोटा-सा कठपुतली शो 'सैम एंड फ्रेंड्स' बनाया। यहीं से उनकी सोच बदल गई। उनकी कठपुतलियां साधारण नहीं थीं- वे हंसतीं, रोतीं, सवाल करतीं और इंसानों जैसी संवेदनाएं दिखाती थीं। फिर भी अमेरिकी टीवी नेटवर्क्स ने The Muppet Show को यह कहकर ठुकरा दिया कि, 'यह न बच्चों का शो है, न बड़ों का।' लेकिन, जिम ने हार नहीं मानी। वह शो लेकर ब्रिटेन गए और फिर पूरी दुनिया में छा गए। शो सुपरहिट हुआ। 1969 में 'सेसमी स्ट्रीट' ने उनकी कल्पना को मंच दिया। तब वही अमेरिकी चैनल लाइन में खड़े थे, जिसने शो को कभी नकारा था। धीरे-धीरे जिम हेंसन ने एक ऐसी दुनिया रची, जहां रंग-बिरंगे पात्र सिर्फ बच्चों को नहीं, बल्कि बड़ों को भी जीवन के गहरे सत्य समझाने लगे। शो के पात्रों - केरमिट द फ्रॉग, मिस पिगी और फॉजी बेयर ने पूरी दुनिया के दिल जीत लिए। जिम हेंसन की कहानी सिखाती है कि कल्पना में दुनिया बदलने की सबसे बड़ी शक्ति है।

Subrata Dhar

अरुणाचल प्रदेश में लोहित नदी पर बनने वाली जलविद्युत परियोजना पर खड़े हुए सवाल

इस अंधी दौड़ में क़ुदरत को मत भूलिए

पर्यावरण मंत्रालय की विशेषज्ञ समिति ने अरुणाचल प्रदेश के अंजॉ जिले में लोहित नदी पर 1,200 मेगावॉट (MW) की कलाई-II जलविद्युत परियोजना को पर्यावरणीय मंजूरी देने की सिफारिश की है। यह फैसला पर्यावरणविदों और स्थानीय आदिवासियों के लिए चिंता का विषय है। पर्यावरण प्रभाव आकलन (EIA) रिपोर्ट में गंभीर रूप से संकटग्रस्त सफेद पेट वाले बगुले की मौजूदगी को नजरअंदाज कर दिया गया। विकास के नाम पर प्रकृति और जीवन को दांव पर लगाने की यह प्रवृत्ति पूर्वोत्तर भारत की नाजुक पारिस्थितिकी के लिए खतरा है।

बुजेश चंद्र श्रीवास्तव

ऊर्जा सुरक्षा । कलाई-II जलविद्युत परियोजना राष्ट्रीय ऊर्जा सुरक्षा मजबूत करने और पूर्वोत्तर में स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन बढ़ाने के उद्देश्य के लिए है। 14,176 करोड़ रुपये का यह प्रॉजेक्ट THDC इंडिया लिमिटेड के जिम्मे है। इससे सालाना 485.3 करोड़ यूनिट बिजली पैदा होगी। अरुणाचल सरकार इसे रन-ऑफ-रिवर डिजाइन के कारण पर्यावरण के अनुकूल मान रही है। इससे रोजगार के हजारों अवसर बनेंगे। चीन से सटे होने के कारण इसका रणनीतिक महत्व भी होगा।

संभावित नुकसान । लोहित ब्रह्मपुत्र की प्रमुख सहायक है। यह पूर्वोत्तर की जैव-विविधता का खजाना है। अंजॉ के हवाई गांव के निकट बनने वाला 128.5 मीटर ऊंचा कंक्रीट ग्रेविटी डैम नदी के 15 से 23 किमी लंबे हिस्से को डुबो देगा। लीन सीजन में 15-20 घंटे तक पानी रोके जाने से निचले इलाकों में सूखे जैसी स्थिति होगी और मॉनसून में अचानक पानी छोड़ने से बाढ़ का खतरा रहेगा। इसके अलावा, टोर और टोर पुटिटोरा जैसी मछलियों का प्रजनन मार्ग अवरुद्ध होने की आशंका है, जिससे उनकी आबादी तेजी से घटेगी। भूस्खलन, ग्लेशियर झील फटने का भी जोखिम रहेगा।

चिंता बढ़ी
- सफेद पेट वाले बगुले का निवास स्थान नष्ट होने का खतरा
- कंक्रीट ग्रेविटी डैम से जल प्रवाह बाधित होने की आशंका
- स्थानीय लोगों की रोजी-रोटी पर आ सकता है संकट

विनाश की चेतावनी । लोहित बेसिन में लोअर डेमवे (1,750 MW) जैसी जलविद्युत प्रॉजेक्ट भी प्रस्तावित हैं। पर्यावरण एवं वन मंत्रालय ने 2011 में ही लोहित बेसिन अध्ययन की सिफारिश की थी। इसमें बांधों से नदी पारिस्थितिकी के विनाश की चेतावनी दी गई थी। सबसे गंभीर खतरा संकटग्रस्त सफेद पेट वाले बगुले (Ardea insignis) को है। भारत में ये 60 से भी कम हैं। डैम से उनका निवास स्थान नष्ट हो जाएगा।

अस्तित्व पर खतरा । WAPCOS की ओर से तैयार रिपोर्ट में इस पक्षी का जिक्र तक नहीं है। वार्लांग और नामदफा टाइगर रिजर्व इसके प्रमुख नेस्टिंग साइट्स हैं। कफलांग टाइगर रिजर्व का नामफाइ का उल्लेख कर इसे महज सैंक्चुअरी बताया गया, जो गंभीर लापरवाही है। डाउनस्ट्रीम असम तक इसका असर देखने को मिलेगा, जहां नदी का जलप्रवाह क्षेत्र पहले से दबाव में है। कुल मिलाकर, यह परियोजना तीस्ता या सुबनसिरी जैसी नदियों की तरह लोहित को धीरे-धीरे 'मृत नदी' बना सकती है।

आजीविका पर संकट । अंजॉ जिले के हवाई सर्कल के नुकुंग, म्ता और चेंगुंग जैसे आदिवासी गांवों में कलाई-II के खिलाफ विरोध की लहर तेज हो गई है। नुकुंग वेलफेयर सोसाइटी के चेयरमैन रोशन तांसिक कहते हैं, 'हमने कभी सहमति नहीं दी। हमारी पुश्तैनी जमीन का विनाश अस्वीकार्य और अवैध है।' कहा जा रहा है कि लगभग 1,500 लोग विस्थापित होंगे, हवाई सर्कल डुबेगा, मछली पकड़ना, कृषि और वन आधारित आजीविका नष्ट हो जाएगी। सामाजिक प्रभाव आकलन (SIA) प्रक्रिया अपारदर्शी रही, आपत्तियां दर्ज नहीं हुईं।

पहचान का संघर्ष । नीलम समुदाय अपनी सांस्कृतिक पहचान बचाने को संघर्षरत है और तैलुंग क्षेत्र में पवन ऊर्जा जैसी वैकल्पिक ऊर्जा की मांग कर रहा है। भारत को हाइड्रो ऊर्जा चाहिए, लेकिन हिमालयी पारिस्थितिकी को प्राथमिकता देकर बेसिन-स्तरीय अध्ययन, पारदर्शी EIA और वास्तविक स्थानीय सहमति सुनिश्चित करनी होगी।

आगे की राह । विकास और संरक्षण के बीच संतुलन स्थापित करने से इस समस्या का समाधान हो सकता है। स्वतंत्र बेसिन-स्तरीय समग्र प्रभाव (CIA) अनिवार्य हो। सफेद पेट वाले बगुले के लिए आर्टिफिशल फीडिंग जोन जैसी विशेष संरक्षण योजना बने। इसके अलावा, ग्राम सभाओं से वास्तविक फ्री, प्रायर एंड इन्फॉर्म्ड कंसेंट (FPIC) लिया जाए। विस्थापितों को जमीन-आधारित पुनर्वास, मछली पालन सहकारी समितियां और स्थानीय लोगों को प्रॉजेक्ट की 30% हिस्सेदारी मिले। फिर, वैकल्पिक ऊर्जा के लिए प्रोत्साहन मिलना चाहिए। EIA प्रक्रिया में स्थानीय विशेषज्ञों और NGOs को शामिल कर रिपोर्ट सार्वजनिक की जाए। नदी जोनिंग पॉलिसी अपनाई जाए। कुछ हिस्सों को 'नो-डैम जोन' घोषित कर पर्यटन आधारित आजीविका बढ़ाने पर जोर रहे। यदि ये कदम उठाए जाएं तो कलाई-II प्रॉजेक्ट न केवल बिजली देगा, बल्कि पूर्वोत्तर का विश्वास भी जीतेगा।

(लेखक DU के दीनदयाल उपाध्याय कॉलेज में असिस्टेंट प्रफेसर हैं)

कांटे की बात

रियल एस्टेट के धंधे में अपना नाम देख चौके नोबेल

असंभव संवाद

जब मैं डेनमार्क का प्रधानमंत्री और नैटो का महासचिव था, तब से अमेरिका को ही फ्री वर्ल्ड का लीडर मानता आया हूं। ग्रीनलैंड को लेकर दी गई धमकियों के बाद अब मुझे कहना पड़ रहा है कि बस बहुत हो चुका। यूरोप को अपने हितों की रक्षा करनी होगी।

डेनमार्क के पूर्व प्रधानमंत्री एंडर्स फोग रासमुसेन

AI Image

डॉनल्ड ट्रंप शांति का नोबेल पुरस्कार नहीं मिलने से भड़के हुए हैं। इसी वजह से अब उन्हें शांति की फिक्र नहीं और ग्रीनलैंड को अमेरिका में मिलाना चाहते हैं। इस मुद्दे पर नोबेल पुरस्कार समिति की अल्फ्रेड नोबेल से अगर बात हो पाती, तो क्या होती!

कान में मेरे इतना दर्द तो तब भी नहीं हुआ था, जब पहली बार ग्रायनमाइट का धमाका सुना। आखिर इतना शोर मच किसलिए रहा है?' 'सर, आपने सोचा था कि शांति कायम कराने वालों को पुरस्कार दिया जए, लेकिन अब लोग इसलिए पुरस्कार चाहते हैं ताकि शांति कायम रहे। इस चक्कर में कई देशों पर खतरा मंडराने लगा है।' 'तुम लोगों ने मेरे नाम पर रियल एस्टेट का धंधा शुरू कर दिया है क्या?' 'नहीं सर, लेकिन उनकी बात न मानी तो हमारा ऑफिस भी हाथ से निकल सकता है। एक रास्ता सूझा है - पुरस्कार के जरिये जमीन का कारोबार करने का जो इनोवेटिव आइडिया उन्होंने निकाला है, उसके लिए अलग कैटिगरी बना दें?' नोबेल फिलहाल इस खोज में लगे हैं कि उन्होंने ग्रायनमाइट बनाकर गलती की या पुरस्कार उनकी गलती है।

जनता जंक्शन इरफान



शूट से पहले स्टेशन क्यों आए इरफ़ान

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से महात्मा गांधी और पंडित जवाहरलाल नेहरू की अस्थियों वाले कलश पूरे देश में ले जाए गए थे। यहीं से भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद अपना दूसरा कार्यकाल समाप्त करने के बाद पटना के लिए रवाना हुए। पिछली एक सदी में भारत का शायद ही कोई बड़ा नाम हो जो कभी यहां से न गुजरा हो। 1926 में बना ये स्टेशन इस साल अपना 100 साल का सफर पूरा कर रहा है।

विवेक शुक्ला

यह स्टेशन 1931 में कनॉट प्लेस के उद्घाटन से कुछ साल पहले शुरू हो गया था। जब रॉबर्ट टोर रस्सेल कनॉट प्लेस का डिजाइन बना रहे थे तब उनके सामने एक प्रस्ताव था कि वह यहीं नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के लिए भी जगह निकालें। पर उन्होंने इस प्रस्ताव को खारिज किया। खैर, आबादी के बाद नई दिल्ली रेलवे स्टेशन का विस्तार हुआ और 1956 में इसकी नई इमारत का उद्घाटन किया गया।

इसके फहाड़गंज और अजमेरी गेट साइड के बारे में सब जानते हैं, लेकिन बहुत कम लोगों को पता है कि स्टेट एंट्री रोड भी इस स्टेशन का अहम रास्ता है। यह रास्ता खास तौर पर वायसराय और दूसरे बड़े अफसरों के लिए बनाया गया था, ताकि वे नई दिल्ली स्टेशन पर उतरकर शहर में शाही अंदाज में दाखिल हो सकें। यह कनॉट प्लेस में प्लाजा के पास से शुरू होकर फहाड़गंज साइड तक जाता है। आजादी के बाद 1950 के दशक में इसे आम यात्रियों के लिए खोल दिया गया।

साड्डी दिल्ली

खुद को अवध के आखिरी नवाब की बंशज बताने वाली बेगम विलायत महल ने 1970 में नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के VIP वेटिंग रूम में कब्जा जमा लिया था। वह सरकार से ब्रिटिश सरकार द्वारा हड़प लिए गए अवध के पैतृक महलों और संपत्ति के बदले मुआवजा मांग रही थीं। उनके साथ कई नौकर और कुत्ते भी थे। सरकार ने उन्हें 1984-85 में रिज क्षेत्र में 14वीं सदी के तुगलक काल के पुराने शिकारगाह मालचा महल में शरण दे दी।

धावक से दस्यु बने पान सिंह तोमर 1964 में नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर उतरे और उन्होंने उसके करीब करनैल सिंह स्टेडियम में स्टीपलचेज इवेंट में राष्ट्रीय रेकॉर्ड बनाया। वहीं 'पान सिंह तोमर' फिल्म की शूटिंग शुरू करने से पहले इरफान खान आए थे। वह शायद महसूस करना चाहते थे कि कैसे पान सिंह तोमर वहां के ट्रैक पर दौड़े होंगे। एक दौर में इससे सटे रेलवे अफसरों के बंगलों में लालबा अमरनाथ भी रहते थे।

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन में 16 प्लैटफॉर्म्स हैं। इसका री-डेवेलपमेंट चल रहा है जो 2029 तक पूरा होने की उम्मीद है। यह स्टेशन लगातार बदल रहा है और भारत के औपनिवेशिक अतीत के साथ ही चमचमाते भविष्य की जीती-जागती मिसाल बना हुआ है।

यहां हर वर्ग को मिल रहा AI का फ़ायदा

भारत में अगले महीने इंडिया-AI इम्पैक्ट समिट होने वाला है। इसमें दुनिया भर के आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (AI) के दिग्गज जुटेंगे। यहां चर्चा AI के मशीनों, एल्गोरिदम या ऑटोमेशन तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि इसे सभी के लिए उपयोगी और आसान बनाने पर की जाएगी। चर्चा में महिलाओं, युवाओं और कामगारों पर भी जोर रहेगा।

कविता भाटिया

इंडिया AI मिशन । AI की ताकत इंसानों को रिप्लेस करना नहीं, बल्कि उनकी क्षमता बढ़ाना है। AI के जरिये महिलाओं को आत्मनिर्भर, युवाओं को हुनरमंद बनाना है। यह असंगठित क्षेत्रों के काम करने वालों के लिए सुरक्षा और अवसर दे सकता है। केंद्र सरकार ने मार्च 2024 में इंडिया AI मिशन को मंजूरी दी थी। इसका उद्देश्य भारत में AI को विकसित करना है। इसके तहत कंप्यूटिंग क्षमता बढ़ाने, नए इनोवेशन सेंटर खोलने, भाषेसमेत डेटा प्लैटफॉर्म तैयार करने, AI आधारित ऐप्लिकेशन बनाने, युवाओं को कौशल सिखाने और स्टार्टअप को आर्थिक मदद जैसे कदम उठाए गए। नतीजा यह कि अब शिक्षा से लेकर स्वास्थ्य तक और लैब से लेकर खेतों तक AI है।

विकास पर ध्यान । इंडिया AI इनोवेशन सेंटर के जरिये समावेशी विकास पर ध्यान दिया जा रहा है। ऐसे AI बनाए जा रहे हैं, जो देश की भाषाओं और सामाजिक विविधता को समझें। इन्हें महिलाओं, किसानों, गिग वर्कर्स और छोटे व्यापारियों की जरूरतों के मुताबिक तैयार किया जा रहा है।

कॉमन रूम

AI Image

अलग भूमिका । भले ही दुनिया में AI का उपयोग उत्पादकता और प्रतिस्पर्धा बढ़ाने के लिए हो रहा है। मगर, भारत में इसका असर रोजगार, सुरक्षा, ट्रेनिंग और अवसर के तौर पर है। आज भारत की गिग अर्थव्यवस्था में AI की मदद से महिलाएं अपनी पहचान गढ़ रही हैं। कई महिला उद्यमी AI वाले ऑनलाइन बाजार से जुड़कर कारोबार बढ़ा रही हैं। महिला ड्राइवर, डिलिवरी पार्टनर सभी AI से आत्मनिर्भर बन रही हैं।

आत्मनिर्भर महिलाएं । करघाई और ग्रामीण इलाकों में भी AI डिजिटल समावेशन को रफ्तार दे रहा है। क्षेत्रीय भाषाओं वाले AI असिस्टेंट कम पढ़ी-लिखी महिलाओं के लिए मददगार साबित हो रहे हैं। युवाओं के लिए AI महज प्रौद्योगिकी नहीं, बल्कि भविष्य का रास्ता है। युवा AI फॉर ऑल का मकसद युवाओं को AI की बुनियादी जानकारी देना है।

खेती में AI । कई स्टार्टअप किसानों, इलाकों और कार्यस्थलों पर महिला सुरक्षा मजबूत करने के वास्ते AI सिस्टम का उपयोग कर रही हैं। आपातकालीन सेवाओं में भी AI वाली शिकायत निवारण प्रणाली शामिल की गई है। खेती में भी AI मददगार है। इससे किसानों को कीटों के हमले और मौसम संबंधी जोखिमों का पूर्वानुमान पता चल रहा है। AI से फिनटेक कंपनियां उन महिला उद्यमियों को लोन दे रही हैं, जो बैंकिंग व्यवस्था से बाहर थीं।

सभी हो रहे सशक्त । नीति आयोग की रिपोर्ट में बताया गया है कि AI कैसे स्वास्थ्य, शिक्षा, कौशल विकास और वित्तीय सेवाओं तक पहुंच बढ़ाकर देश के करोड़ों असंगठित श्रमिकों को सशक्त बना सकता है। AI का इस्तेमाल बढ़ने के साथ ही उसका नैतिक और निष्पक्ष उपयोग सुनिश्चित करना भी जरूरी है। भारत में AI क्रांति अवसर देने के लिए होनी चाहिए। ऐसी व्यवस्था हो कि गांव की महिला उद्यमी, दूर-दराज के युवाओं और स्टार्टअप संस्थापकों को AI का बराबर फायदा मिले।

(लेखिका इंडिया AI मिशन की COO हैं)

मेहनत की कमाई धर्मपत्नी को सौंप देना, वही असली लक्ष्मी

जैन मुनिश्री तरुणसागरजी

पुत्र चार तरह के होते हैं। एक, लेनदार पुत्र - पिछले जन्म का लेनदार था, पुत्र होकर आ गया। अब उसे पढ़ाओ-लिखाओ, विवाह करो, उसका लेन-देन पूरा होगा और वह चल बसेगा। दो, दुश्मन पुत्र - पिछले जन्म का दुश्मन भी पुत्र होकर आ जाता है। ऐसा पुत्र कदम-कदम पर दुख देता है। तीन, उदासीन पुत्र-ऐसा पुत्र मां-बाप को ना सुख देता है ना दुख। बस कहने को पुत्र होता है। चार, सेवक पुत्र- पिछले जन्म में तुमने किसी की सेवा की, वही तुम्हारा पुत्र बनकर आ गया। ऐसा पुत्र मां-बाप को सुख देता है।

पैर से अपाहिज एक भिखारी सदा प्रसन्न और खुश रहता था। किसी ने पूछा, 'अरे भाई! तुम भिखारी हो, लंगड़े भी हो, तुम्हारे पास कुछ भी नहीं है, फिर भी तुम इतने खुश रहते हो। क्या बात है? वह बोला, 'बाबूजी! भगवान का शुक्र है कि मैं अंधा नहीं हूं। भले ही मैं चल नहीं सकता, पर देख तो सकता हूं। मुझे जो नहीं मिला, मैं उसके लिए प्रभु से कभी कोई शिकायत नहीं करता बल्कि जो मिला है, उसके लिए धन्यवाद जरूर देता हूं।' यही है दुख में से सुख खोजने की कला।

THE SPEAKING TREE
और पढ़ने के लिए देखें
www.speakingtree.nbt.in

कड़वे प्रवचन

कुत्ते दो प्रकार के होते हैं - एक पालतू और दूसरा फालतू। जो पालतू कुत्ता होता है उसके गले में एक पट्टा पड़ा होता है। उस पट्टे की वजह से उसे ना तो कोई छेड़ता है, न पकड़ता है और न ही मारता है। मगर जो फालतू कुत्ता होता है उसके गले में कोई पट्टा ना होने की वजह से हर कोई उसे छेड़ता और मारता है। अगर तुमने भी अपने गले में प्रभु नाम और सद्गुरु के आशीर्वाद का पट्टा डाल लिया तो फिर तुम्हें दुनिया की कोई भी आसुरी व तामसिक शक्ति नहीं छेड़ सकती।

अपनी मेहनत और पसीने की कमाई धर्मपत्नी के हाथों में सौंप देना, क्योंकि घर की असली लक्ष्मी तो वही है। जो लक्ष्मी तिजोरी में बैठी है वह तो हमेशा खाली है। मगर घर की लक्ष्मी तो जीवन-भर साथ देने वाली है। जो व्यक्ति बाजार की लक्ष्मी (धन-लक्ष्मी) से शराब पीता है और घर आकर गृह-लक्ष्मी का अपमान करता है, वह जिंदगी में दोनों लक्ष्मी से वंचित हो जाता है। उसकी तिजोरी की लक्ष्मी तो सामने के दरवाजे से निकल जाती है और घर की लक्ष्मी पीछे के दरवाजे से चली जाती है।

(साभार : डायमंड बुक्स)

रीडर्स मेल

वोट देने का अधिकार

20 जनवरी का संपादकीय 'वोटरों को राहत' पढ़ा। लोकतंत्र में वोट देने का अधिकार सबसे बड़ा है और हर नागरिक का यह अधिकार सुरक्षित रहे, ऐसी व्यवस्था करना सरकार का कर्तव्य है। हालांकि SIR की जरूरत से इंकार नहीं किया जा सकता, लेकिन करोड़ों की संख्या में वोटरों के सिर पर अनिश्चितता की तलवार लटका देना भी उचित नहीं। बेहतर होगा चुनाव आयोग इस प्रक्रिया में योग्य वोटरों को हो रही असुविधाओं पर ध्यान दे।

लीलाम्बर पंत, केशवपुरम

[illegible]

फटाफट खबरें

कर्नाटक के गवर्नर का भाषण से इनकार

■ भाषा, बेंगलुरु: कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने 22 जनवरी से शुरू हो रहे राज्य विधानमंडल के संयुक्त सत्र को संबोधित करने से इनकार कर दिया है। सूत्रों के मुताबिक, राज्यपाल के फैसले के बाद राज्य सरकार ने उनसे मुलाकात का निर्णय लिया है। इनकार की वजह साफ नहीं है, लेकिन सूत्रों का कहना है कि भाषण में केंद्र सरकार से जुड़े कुछ संदर्भ होने की वजह से गहलोत ने यह फैसला लिया।

आज कांग्रेस का मनरेगा संवाद

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: दिल्ली के जवाहर भवन में गुरुवार को कांग्रेस की ओर से मनरेगा को लेकर एक बड़ा संवाद कार्यक्रम किया जाएगा, जिसमें देश के कोने-कोने से मनरेगा से जुड़े कार्यकर्ता, मजदूर और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में मनरेगा को लेकर आगे की रणनीति पर चर्चा होगी। कांग्रेस नेता संदीप दीक्षित ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिए प्रोग्राम की जानकारी दी।

नृत्य गोपाल दास की तबीयत बिगड़ी

■ भाषा, अयोध्या: राम मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास की तबीयत बुधवार को बिगड़ गई, जिसके बाद उन्हें लखनऊ के एक निजी अस्पताल के लिए रेफर किया गया। उनके सहयोगियों ने यह जानकारी दी। दास के डॉक्टर डॉ. एस के पाठक ने बताया कि ट्रस्ट के अध्यक्ष ने पिछले 36 घंटों से कुछ भी नहीं खाया है और उन्हें लगातार उल्टी और दस्त हो रहे हैं।

सांसद अमृतपाल सिंह ने परोल मांगी

■ भाषा, चंडीगढ़: जेल में बंद पंजाब की खडूर साहिब सीट से सांसद अमृतपाल सिंह ने संसद के आगामी बजट सत्र में भाग लेने के लिए परोल मांगी है। अमृतसाल ने पंजाब एंड हरियाणा हाई कोर्ट में याचिका दायर की है। कोर्ट गुरुवार को याचिका पर सुनवाई करेगा। अमृतपाल (33) वर्तमान में अप्रैल 2023 से राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम के तहत असम की डिब्रूगढ़ जेल में है। बजट सत्र का पहला चरण 28 जनवरी से शुरू होगा।

चुनाव आयोग की SIR प्रक्रिया पर कोर्ट ने उठाए सवाल

SIR पर SC ने कहा, कोई भी शक्ति बेलगाम नहीं हो सकती

■ पीटीआई, नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि वोटर लिस्ट का रिविजन अगर सही तरीके से न हो, तो इससे लोगों के अधिकारों पर गंभीर असर पड़ सकता है। कोर्ट ने कहा कि क्या चुनाव आयोग निर्धारित नियमों से हटकर प्रक्रिया अपना सकता है। कोई भी संवैधानिक संस्था की शक्ति बेलगाम नहीं हो सकती और यह न्यायिक समीक्षा से परे नहीं है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने यह टिप्पणी चुनाव आयोग द्वारा कई राज्यों में वोटर लिस्ट के स्पेशल इंटेंसिव रिविजन (SIR) को चुनौती देने वाली याचिकाओं की सुनवाई के दौरान की।

अदालत ने कहा कि अगर किसी व्यक्ति का नाम वोटर लिस्ट से बाहर हो जाता है, तो वह वोट देने के अधिकार से वंचित हो सकता है। सीनियर एडवोकेट ने सवाल उठाया कि जब नागरिक अधिकार प्रभावित हो रहे हैं, तो फिर प्रक्रिया कानून के मुताबिक ही क्यों न अपनाई जाए। जस्टिस बागची ने दस्तावेजों के मुद्दे पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा, सामान्य तौर पर फॉर्म-6 में 7 दस्तावेज मांगे जाते हैं, जबकि SIR में 11 दस्तावेज मांगे जा रहे हैं। क्या आयोग ऐसा बदलाव कर सकता है? आयोग की ओर से वरिष्ठ वकील राकेश द्विवेदी ने दलील दी कि कानून में आयोग को कुछ राहत दी गई है, लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि मनमानी नहीं हो सकती। प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शी रखना होगा। आगे की सुनवाई गुरुवार को होगी।

प. बंगाल में बढ़ सकती है SIR की डेडलाइन: अधिकारी

पश्चिम बंगाल में चल रही SIR प्रक्रिया की समयसीमा बढ़ाई जा सकती है। चुनाव आयोग के एक अधिकारी ने बुधवार को बताया कि अंतिम वोटर लिस्ट प्रकाशन की तारीख 14 फरवरी से आगे बढ़ सकती है। अधिकारी के अनुसार, सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों को समयसीमा के भीतर लागू करना चुनौतीपूर्ण है, इसलिए अतिरिक्त समय लग सकता है।

बुजुर्ग की मौत, आयोग पर FIR

भाषा, कोलकाता: पश्चिम बंगाल के पुरुलिया में चुनाव आयोग के खिलाफ FIR दर्ज की गई है, जिसमें 82 साल के एक शख्स की मौत का जिक्र है। बताया गया कि बुजुर्ग ने राज्य में चल रही SIR को लेकर चिंता के कारण कथित तौर पर अपनी जान ले ली। एक अधिकारी ने बताया, मामले में आयोग के अधिकारियों के खिलाफ आमहत्या के लिए उकसाने और आपराधिक साजिश के आरोप लगाए गए हैं।

बंगाल में अफसरों को चुनाव आयोग के सख्त निर्देश

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: पश्चिम बंगाल में चल रही एसआईआर प्रक्रिया को देखते हुए चुनाव आयोग ने राज्य के चीफ सेक्रेटरी, डीजीपी, कोलकाता पुलिस कमिश्नर, तमाम डीएम और एसपी को सख्त आदेश जारी किए हैं। इनमें चीफ सेक्रेटरी को पिछले साल राज्य के कुछ अफसरों के एसआईआर प्रक्रिया में कथित रूप से अनुशासनहीनता के मामले में ऐक्शन लेने की बात कही गई है। यह भी आदेश दिए गए हैं कि क्या ऐक्शन लिया गया, इसका अपडेट दिया जाए। डीजीपी और अन्य अफसरों से एसआईआर प्रक्रिया के दौरान सख्त कानून-व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने पश्चिम बंगाल के सभी नागरिकों को आश्वासन दिया है कि किसी को भी कानून अपने हाथ में लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी और ऐसे मामलों में कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

इस बीच, दिल्ली में बुधवार से चुनाव आयोग की डेमोक्रेसी और इलेक्शन मैनेजमेंट पर तीन दिवसीय इंडिया इंटरनैशनल कॉन्फ्रेंस शुरू हुई। इसमें 27 देशों के राजदूत, भाग ले रहे हैं।

हेट स्पीच देने वाले को बिना सज़ा छोड़ दिया जाता है: HC

मद्रास हाई कोर्ट ने BJP नेता पर FIR रद्द की

■ भाषा, मदुरै

मद्रास हाई कोर्ट की मदुरै बेंच ने बुधवार को बीजेपी नेता अन्नमलाई के खिलाफ दर्ज FIR को रद्द कर दिया। मालवीय पर 'सनातन धर्म' को लेकर तमिलनाडु के टिप्पी सीएम उदयनिधि स्टालिन की टिप्पणियों को लेकर सोशल मीडिया पर निशाना साधा और मांग की कि उदयनिधि को उनके टिप्पी सीएम के पद से हटाया जाए और उनके खिलाफ मामला दर्ज किया जाए। बीजेपी ने आरोप लगाया कि डीएमके सरकार ने मालवीय के खिलाफ FIR की तकि सच बोलने पर उन्हें दबाया जा सके।

उदयनिधि को पद से हटाया जाए: BJP

BJP ने मद्रास हाई कोर्ट के फैसले के बाद द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (DMK) पर निशाना साधा और मांग की कि उदयनिधि को उनके टिप्पी सीएम के पद से हटाया जाए और उनके खिलाफ मामला दर्ज किया जाए। बीजेपी ने आरोप लगाया कि डीएमके सरकार ने मालवीय के खिलाफ FIR की तकि सच बोलने पर उन्हें दबाया जा सके।

तमिलनाडु: NDA में लौटे दिनाकरन

■ भाषा, चेन्नै: एनडीए से अलग होने के कुछ महीनों बाद टी.टी.वी. दिनाकरन के नेतृत्व वाली अम्मा मक्कल मुनेत्र कषगम (AAMK) बुधवार को गठबंधन में लौट आई। तमिलनाडु में इस गठबंधन का नेतृत्व ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (AIADMK) करती है। एएमएमके के संस्थापक-नेता दिनाकरन ने बीजेपी के नेता पीयूष गोयल से मुलाकात की और उन्हें एनडीए में औपचारिक रूप से फिर शामिल किया गया। AIADMK प्रमुख ई. के. पलानीस्वामी ने दिनाकरन का स्वागत किया।

महाराष्ट्र में MNS और शिंदे गुट ने मिलाया हाथ

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई: महाराष्ट्र के ठाणे में कल्याण-डोंबिवली नगर निगम में राजनीति का नया समीकरण सामने आया है। राज ठाकरे की महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (MNS) ने एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना को समर्थन देने की पेशकश की है। शिवसेना ने यह चुनाव बीजेपी के साथ महायुति गठबंधन के तहत लड़ा था। शिवसेना सांसद श्रीकांत शिंदे ने बताया कि एमएनएस के पांच पार्षदों ने अलग गुट बनाकर शिवसेना को समर्थन दिया है। उन्होंने कहा कि यह समर्थन केवल शिवसेना और एमएनएस के बीच है, किसी अन्य पार्टी के साथ नहीं। जो भी पार्टी शिवसेना का समर्थन करती है, उसका स्वागत है। एमएनएस के इस फैसले को उद्धव ठाकरे की शिवसेना के लिए झटका माना जा रहा है।

ठाणे के कल्याण-डोंबिवली नगर निगम में नया राजनीतिक समीकरण

इस बीच, महाराष्ट्र बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र चव्हाण ने बताया, महायुति गठबंधन ने तय किया है कि महाराष्ट्र के कल्याण-डोंबिवली, उल्हासनगर और ठाणे नगर निगमों में महायुति का ही मेयर बनाया जाएगा।

'टेलीकॉम में अगले चरण के विकास के लिए AI जरूरी'

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

■ प्री इवेंट में टेलीकम्युनिकेशन में एआई पर हुई चर्चा

भारत में एआई इंपैक्ट समिट की तैयारियां जोरों पर हैं। अब इस सम्मेलन के प्री इवेंट भी आयोजित होने लगे हैं। दिल्ली में इसी सिलसिले में दूरसंचार में एआई नाम से एक प्री इवेंट हुआ। इस कार्यक्रम में TRAI के चेयरमैन अनिल कुमार लाहोटी ने कहा कि भारत के अगले चरण के एआई टेलीकॉम विकास के लिए एआई बेहद जरूरी है, हालांकि ये अभी भी पूरी डिस्टिल इकोसिस्टम को विश्वसनीय सेवाएं दे रहा है। उन्होंने कहा कि अब एआई अब भविष्य का विचार नहीं, बल्कि आधारभूत क्षमता है। नेटवर्क ऑटोमेशन से लेकर स्मैम डिटेक्शन के जरिये ये टेलीकॉम सेवाओं के वितरण और अनुभव को व्यापक रूप से आकार दे रहा है। उन्होंने कहा कि हम एआई को किस तरह से डिजाइन, नियंत्रित और तैनात करते हैं, वही तय करेगा कि भविष्य में यह विश्वसनीय, समावेशी और लचीला बना रहेगा या नहीं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि एआई इनोवेशन को पारदर्शिता, जवाबदेही और निष्पक्षता के सिद्धांतों पर निर्मित किया जाना चाहिए, ये डिजिटल सशक्तिकरण के राष्ट्रीय नजरिए के अनुरूप हो। इस कार्यक्रम में दूरसंचार सर्विस प्रोवाइडरर्स, स्टार्टअप और अनुसंधान संस्थानों के सीनियर अधिकारियों और प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

हर साल बदलेंगे बिजली रेट

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

बिजली मंत्रालय ने बुधवार को ड्राफ्ट नैशनल इलेक्ट्रिसिटी पॉलिसी 2026 जारी की। इसमें कहा गया कि बिजली की दरों में एक इंडेक्स के आधार पर ऑटोमैटिक रूप से सालाना तौर पर बदलाव होगा। ड्राफ्ट पॉलिसी में मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर और रेलवे से जुड़ी क्रॉस-सब्सिडीज को खत्म करने से लेकर रिन्यूएबल एनर्जी को बढ़ावा देने तक कई मुद्दों की बात की गई है।

मौजूदा पॉलिसी लागू होने के करीब 20 साल बाद जारी नई पॉलिसी के ड्राफ्ट में बिजली की दरों के बारे में कहा गया, 'टैरिफ में सालाना तौर पर ऑटोमैटिक तरीके से बदलाव के लिए एक उचित इंडेक्स से जोड़ा जाएगा। अगर स्टेट कमीशन कोई टैरिफ ऑर्डर जारी न करे, तो यह काम करेगा।'

इसमें कहा गया कि टैरिफ कंपनेंटस और उपभोक्ताओं की तमाम श्रेणियों के बीच क्रॉस सब्सिडाइजेशन से बचने के लिए ऐसी व्यवस्था लाई, जिसमें डिमांड चार्जेज के जरिए फिक्स्ड कॉस्ट रिकवर होती रहे। क्रॉस सब्सिडाइजेशन का मतलब यह है कि उद्योगों और रेलवे जैसे उपभोक्ताओं को बिजली ज्यादा रेट पर दी जाती है जिससे आम उपभोक्ताओं और किसानों को कम दरों पर दी जा रही बिजली की लागत की भरपाई हो सके। ड्राफ्ट में मैन्युफैक्चरिंग इंडस्ट्री, रेलवे और मेट्रो रेलवे पर सरचार्ज और क्रॉस सब्सिडी को बोझ हटाने की बात कही गई। ड्राफ्ट पॉलिसी लाने के बारे में मंत्रालय ने एक बयान में कहा, 'डिस्ट्रिब्यूशन सेगमेंट में बड़े नुकसान और कर्ज की चुनौती बनी हुई है। कई सेगमेंट्स में बिजली की दरें लागत के अनुरूप नहीं है। डिस्ट्रिब्यूशन कंपनियां करीब 6.9 लाख करोड़ रुपये के घाटे में हैं और उन पर कुल लगभग 7.15 लाख करोड़ रुपये का कर्ज बकाया है। परमाणु क्षेत्र से जुड़े SHANTI एक्ट 2025 के प्रावधानों के अनुसार, ड्राफ्ट में अत्याधुनिक न्यूक्लियर टेक्नोलॉजीज अपनाने, मॉड्यूलर रिएक्टर डिवेलप करने और छोटे रिएक्टर स्थापित करने पर जोर देने के साथ कहा गया कि वाणिज्यिक और औद्योगिक उपभोक्ताओं के बीच परमाणु कर्ज के उपयोग को बढ़ावा दिया जाएगा।

बदलेगी व्यवस्था



■ आम उपभोक्ताओं से कम रेट के लिए उद्योगों से ज्यादा रेट लेने की व्यवस्था बदलेगी

CJI ने कहा, और कितना सुखाओगे सुखना लेक को?

■ पीटीआई, नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने बिल्डर माफिया और नौकरशाहों के बीच मिलीभगत से चंडीगढ़ की झील के सूखने पर चिंता जताई। उन्होंने बुधवार को कहा, 'सुखना झील को और कितना सुखाओगे।' चीफ जस्टिस की अगुवाई में बेंच 1995 में लंबित जनहित याचिका 'इन रे टीएन गोदावर्मन थिरुमुलपाद' में दायर अंतरिम आवेदनों की सुनवाई कर रही थी। कोर्ट ने कहा कि पंजाब में राजनीतिक दलों के समर्थन और नौकरशाहों की मिलीभगत से अवैध निर्माण हो रहे हैं, जिससे झील पूरी तरह से नष्ट हो रही है। वहां सभी बिल्डर माफिया सक्रिय हैं।' इससे पहले अदालत ने आश्चर्य जताया था कि जंगलों और झीलों से संबंधित सभी मामले हाई कोर्ट को दरकिनार करते हुए सुप्रीम कोर्ट में क्यों आ रहे हैं, वह भी 1995 की लंबित जनहित याचिका में अंतरिम आवेदनों के रूप में।

चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने चंडीगढ़ की सुखना झील के सूखने पर चिंता जताई

संजय कपूर की मां बोली, ट्रस्ट जाली

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: बिजनेसमैन संजय कपूर की मां ने दिल्ली हाई कोर्ट में याचिका दायर कर अपने फैमिली ट्रस्ट को अमान्य घोषित करने की मांग की है। रानी कपूर ने कहा, 2017 में उनके नाम पर बनाया गया ट्रस्ट धोखाधड़ी वाले दस्तावेजों का नतीजा था। उन्होंने अपनी बहू प्रिया कपूर सहित अन्य लोगों को ट्रस्ट का किसी भी तरह से इस्तेमाल करने या कोई भी कार्रवाई करने से स्थायी रूप से रोकने का निर्देश देने की मांग की है।

बैरक में सुधार के लिए वांगचुक ने मांगा थर्मामीटर

■ पीटीआई, नई दिल्ली: लेह्यपुर जेल में बंद क्लाइमेट एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक ने एक थर्मामीटर की मांग की है। ताकि, जेल बैरक को बेहतर बनाने के लिए इंको-रेस्पॉन्सिव आर्किटेक्चर पर कुछ प्रयोग किए जा सकें। उनकी पत्नी गीतांजलि ने श्रीनगर में बुधवार को यह जानकारी दी। X पर एक पोस्ट में श्रीनगर में कहा कि वह मंगलवार को वांगचुक से मिलीं। उनकी मांग पर चीटियों और कॉकरोच वेन पर दो किताबें दीं। वांगचुक को 26 सितंबर को नैशनल सिक्योरिटी एक्ट (NSA) के तहत हिरासत में लिया गया था।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
ई-निविदा सूचना

सीपीएम/जीएसडब्लू/द.पू.म.रेलवे, भारत के राष्ट्रपति की ओर से, नीचे दिए गए काम को पूरा करने के लिए ई-टेंडर मंगाता है:-
क्र. सं. 1, निविदा सूचना संख्या: CPM-GSU-42-NAG-2025-26
काम का नाम: द.पू.म.रेलवे के, नागपुर डिवीजन के तहत 73 पैसेंजर स्टेशन स्टेशनों पर सुविधाओं में सुधार
अनुमानित टेंडर वैल्यू: रु. 6,38,32,366.60/- **बयाना राशि:** रु. 4,69,200.00/-
बोलीदाता अपनी ओरिजिनल/सुधारित बोली तिथि 05.02.2026 को 15:00 बजे तक जमा कर सकते हैं। इस निविदा के लिए मैनुअल ऑफर की इजाजत नहीं है और ऐसे किसी भी मैनुअल ऑफर को अस्वीकार कर दिया जाएगा। जानकारी हमारी वेबसाइट: www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।
डिप्टी चीफ इंजीनियर/वीएसडी/नागपुर
द.पू.म. रेलवे, नागपुर
AAA/66/285
स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

जवाहरलाल नेहरू पत्तन प्राधिकरण
विशेष आर्थिक क्षेत्र
JNPA SEZ SAGARMALA
वि.आ.क्षे. में विनिर्माण उद्योगों के लिए अभिरुचि की अभिव्यक्ति (ईओआय) का आमंत्रण
जवाहरलाल नेहरू पत्तन प्राधिकरण (जे.ने.प.प्रा.), जो भारत सरकार के पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के प्रशासनिक अधिकार के तहत एक बंदरगाह प्राधिकरण है, पात्र और इच्छुक उद्योगों (वी सेज अधिनियम और नियमों के अनुसार अधिकृत गतिविधियाँ करने के लिए सक्षम हैं) से अभिरुचि की अभिव्यक्ति (ईओआय) आमंत्रित करता है। यह आमंत्रण मुख्य रूप से **विनिर्माण उन्मुख उद्योगों (जिनमें भंडारण और आपूर्ति सुविधा के साथ ग्रीन हाइड्रोजन का उत्पादन नियोजित हेतु भी शामिल है)** के लिए है, ताकि जेएनपीए सेज में इकाइयाँ स्थापित की जा सकें। यह उपक्रम पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के सागरमाला विकास के तहत बंदरगाह-आधारित औद्योगिकीकरण के उद्देश्य के अनुरूप है।
वर्तमान में, इस कार्य के लिए 34.16 हेक्टेयर क्षेत्र उपलब्ध है।
ऑनलाइन प्रस्ताव (ईओआय) जमा करने के लिए विस्तृत विवरण जेएनपीए सेज के वेबपेज पर उपलब्ध हैं (मार्ग "टेंडर फॉर सेज इन्वेस्टर फॉर ईओआय सब्मिशन" पर क्लिक करें)। ऑनलाइन आवेदन के लिए कृपया https://jnport.gov.in पर जाएँ, 'Business' → 'जेएनपीए सेज' पर क्लिक करें और फिर वेबपेज के दाएं कोने में ई-ईओआय बटन पर क्लिक करें। ईओआय जमा करने की अंतिम तिथि 28/02/2026 है।
संपर्क: इमेल - jnpasez@jnport.gov.in
सीईओ - सेज

पश्चिम रेलवे - रतलाम मंडल
संख्या: W/623/NIT/1 "ई-टेण्डरिंग नोटिस" दिनांक:19.01.26
मण्डल रेल प्रबंधक/मण्डल कार्यालय (कार्यसेवा शाखा) पश्चिम रेलवे, कुछ भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिये "खुली निविदा" ई-निविदा के माध्यम से वेबसाइट www.ireps.gov.in पर आमंत्रित करते है। विवरण इस प्रकार है:-

क्र. सं.	ई-टेण्डरिंग संख्या और कार्य का नाम	अनुमानित लागत रु.	बयाना राशी रु.
1.	RTM-2025-26-119R	₹90,31,074.35	₹1,80,600.00
	Dr Ambedkar Nagar (DADN)-Provision of new integrated crew lobby, CTCC Office, counselling room, TRS staff Room with parking & boundary wall at including electric work. कार्य समापन अवधि:- 12 Months, **Similar type of work:-** Construction of any Building Work. वेबसाइट पर अपलोड करने की तिथि:- 17.01.2026, निविदा खुलने की तिथि:- 09.02.2026		
2.	RTM-2025-26-120	₹25,50,09,301.01	₹14,25,100.00
	Chanderia-Development of goods shed with various amenities at. कार्य समापन अवधि:- 18 Months, **Similar type of work:-** 1. Any Steel fabrication work Rs. 14,00,70,277.43 2. Any Civil Engineering Work Rs. 11,49,39,023.58 The tenderer must have successfully completed or substantially completed any one of the following categories of work(s) during last 07 (seven) years, ending last day of month previous to the one in which tender is invited: (i) Three similar works each costing not less than the amount equal to 40% of advertised value of the tender, or (ii) Two similar works each costing not less than the amount equal to 40% of advertised value of the tender, or (iii) One similar work costing not less than the amount equal to 60% of advertised value of the tender. वेबसाइट पर अपलोड करने की तिथि:- 17.01.2026, निविदा खुलने की तिथि:- 09.02.2026		

अनुमानित मात्रा:- As per tender schedule, निविदा प्रपत्र का मूल्य:- Nil • विस्तृत निविदा सूचना, अहता शर्तें एवं अन्य शर्तें वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।
5/1424
हमें ज़रूर पढ़ें facebook.com/WesternRly

पहचान की अपील

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक पुरुष (फोटो में दर्शाया गया है) जिसका नाम: **अज्ञात, पुत्र: अज्ञात, निवासी: अज्ञात,** दिनांक **16.01.2026 शाम 4.34 बजे हजरत निजामुद्दीन स्थित राजदूत होटल के पास मोगल बस स्टैंड** पर मृत पाया गया। इस संबंध में **DD No.49A दिनांक 16.01.2026** के तहत **थाना हजरत निजामुद्दीन, दक्षिण पूर्व जिला, दिल्ली-110013** में मामला दर्ज किया गया है।
शव का विवरण इस प्रकार है:
नाम: अज्ञात, **लिंग:** पुरुष, **उम्र:** 35 वर्ष (लगभग), **कद:** 165 सेमी, **चेहरा:** गोल, **रंग:** गोरा, **बनावट:** सामान्य, **पहनावा:** काले रंग की जैकेट और नीली जींस।
स्थानीय पुलिस द्वारा पुरुष का पता लगाने के लिए गंभीर प्रयास किए गए लेकिन अभी तक कोई सुराग नहीं मिला। यदि किसी को पुरुष के बारे में कोई जानकारी हो तो कृपया नीचे हस्ताक्षरकर्ता को सूचित करें।
थानाध्यक्ष
थाना हजरत निजामुद्दीन, दिल्ली
फोन: 9871604108, 8750870929
DP/903/SE/2026

उत्तर रेलवे
खुली निविदा सूचना
भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मंडल अभियंता/प्रथम, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्य के लिए ई-टेंडर के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

1.	**कार्य का नाम :** 1. सहायक मंडल अभियंता/चानीपल के अंतर्गत एएएसई/डब्लू/सोनीपत के तहत रेल कोच नवीनीकरण कारखाना, करनाल, उत्तर रेलवे में प्रशासनिक ब्लॉक और पैन्ट्री भवनों आदि की मरम्मत और रखरखाव के लिए वार्षिक क्षेत्रीय कार्य। 2. सहायक मंडल अभियंता/चानीपल के अंतर्गत एएएसई/डब्लू/सोनीपत के तहत रेल कोच नवीनीकरण कारखाना, करनाल, उत्तर रेलवे में स्टाफ क्वार्टर और पैन्ट्री भवनों आदि की मरम्मत और रखरखाव के लिए वार्षिक क्षेत्रीय कार्य।	
2.	**अनुमानित लागत :** 1. रु. 7016467.70/- 2. रु. 9999156.79/-	
3.	**धरोहर राशि :** 1. रु. 140300/- 2. रु. 200000/- बयाना राशि केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के रूप में होगी चाहिए। **नोट:-** एफ.डी.आर या बिनांक ड्राफ्ट के रूप में ई.एम.डी. स्वीकार नहीं की जाएगी। रेलवे बोर्ड के पत्र संख्या 2015/सीवी-1/सीटी/5/1 दिनांक 31.08.2016 के अनुसार आई.आर.ई.पी.एस. पर आमंत्रित निविदा के लिए।	
4.	**समापन अवधी :** 1 & 2. 06 महीने	
5.	**ई-निविदा खोलने और प्रस्तुत करने के लिए दिनांक और समय**	13.02.2026 को 15:00 बजे तक निविदा प्रस्तुत करने तथा निविदा खुलने का समय दिनांक 13.02.2026 को 15:00 बजे।
6.	**निविदा की वेबसाइट जहां निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकता है**	www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।
7.	**सामान प्रकार के कार्य**	1 & 2. ठेका काम के अलावा कोई भी निविदा कार्य।

नोट :- सभ्यक पत्र संलग्नक-XXIV अनिवार्य रूप से काम में निविदा शर्तों के साथ संलग्न नए प्रारूप में प्रस्तुत किया जाना चाहिए। और सभी संलग्न दस्तावेज निविदाकर्ता द्वारा स्वयं सत्यापित किया जाना चाहिए। **पत्र संख्या :- 128-डब्लू/280/निविदा सूचना/25-26/डब्लू-1 (NIT-42 & 43) दिनांक :- 21.01.2026** 220/2026
हाशकों की सेवा में मुस्कान के साथ

गुमशुदा/अपहृत की तलाश

नैयना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़की (फोटो में दर्शायी गई) जिसका नाम **नैयना पुत्री इन्द्रासन निवासी गली नं. 05, सी-ब्लॉक, इन्द्रा पब्लिक स्कूल के पास, मोहन बाबा नगर, बदरपुर, दिल्ली जो अपने घर से दिनांक 28.10.2025 से लापता है।** इस संदर्भ में एक **डीडी नं. 121ए दिनांक 04.11.2025 थाना बदरपुर, दिल्ली** में दर्ज है। स्थानीय पुलिस ने इस लड़की का पता लगाने के लिए गंभीर प्रयास किए लेकिन अब तक कोई सुराग नहीं मिला है।
जिसका हुलिया नीचे दिया गया है:-
लिंग: स्त्री, **आयु:** 18 वर्ष, **कद:** 5' 0" फीट, **रंग:** गोरा, **शरीर:** पतला, **पहचान चिन्ह:** हाथ और चेहरे पर जले हुए का निशान, **पहनावा:** सन्तरे रंग का सूट पहने हुए है।
अगर किसी को इस गुमशुदा लड़की के बारे में कोई जानकारी मिले तो निम्नलिखित पते पर सूचित करें:-
थाना प्रभारी
थाना: बदरपुर, दिल्ली
फोन: 011-29894753, 29894754
मोबाइल: 8750870933
DP/15823/SE/2025

गुमशुदा की तलाश

गोपाल माली

आम जनता को सूचित किया जाता है कि एक पुरुष (फोटो में दर्शाया गया है) नाम: **गोपाल माली, पुत्र: सत्य नारायण, निवासी: मकान नंबर-13, गली नंबर-17 के सामने, टिकोना पार्क के पास, लक्ष्मी नगर, दिल्ली-110092,** दिनांक **19.01.2026 सुबह 8.00 बजे लक्ष्मी नगर, दिल्ली से लापता** है। इस संबंध में **DD No.78A दिनांक 19.01.2026** के तहत **थाना लक्ष्मी नगर, पूर्वी दिल्ली-110092** में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।
उनका शारीरिक विवरण इस प्रकार है:-
लिंग: पुरुष, **उम्र:** 40 वर्ष, **कद:** 6 फुट, **रंग:** सांवला, **चेहरा:** लंबा, **बनावट:** मजबूत, **पहनावा:** हरे रंग की हुडी, सफेद रंग की पैंट, नीली जींस और स्लेटी रंग की चप्पलें।
स्थानीय पुलिस द्वारा लापता पुरुष का पता लगाने के लिए गंभीर प्रयास किए गए है लेकिन अभी तक कोई सुराग सामने नहीं आया है यदि किसी को इस पुरुष के बारे में कोई जानकारी हो तो कृपया निम्नलिखित को सूचित करें।
फोन नंबर: 011-24368638, 011-24368641 | **फैक्स नंबर:** 011-24368639 |
ईमेल आईडी: cic@cbi.nic.in | **वेबसाइट:** https://cbi.nic.in
थानाध्यक्ष
थाना लक्ष्मी नगर, दिल्ली
फोन: 8750870622, 8218080861
DP/935/ED/2026

DELHI TOURISM & TRANSPORTATION DEVP. CORPN. LTD.
Dilli Haat INA, Aurobindo Marg, New Delhi 110023
Tender ID 2026_DTTDC_284779_1 dated 15.01.2026
E- Tender invited for Persons with Benchmark Disability for Allotment of Souvenir Shop In Dilli Haat INA
Corrigendum
In partial modification of earlier advertisement dated 15.01.2026, the ID mentioned may be read as **Tender ID 2026_DTTDC_284779_1** instead of Tender ID 2026_DTTDC_284779 Rest of the contents of advertisements will remain same.
(General Manager)
DTTDC

SBI
एस एंड ओए विभाग, जीआईटीसी, सेक्टर-11, सीबीडी बेलापुर, नवी मुंबई - 400614
परियोजना प्रबंधन सलाहकार (पीएमसी) का चयन
एसबीआई, अपनी 25 एकड़ में स्थित एसबीआई नेस्ट कॉलोनी में हाय-एंड वाणिज्यिक व आवासीय टावरों के पुनर्विकास और निर्माण से संबंधित इंजीनियरी परियोजना के लिए प्रतिष्ठित और अनुभवी परियोजना प्रबंधन सलाहकार (पीएमसी) से अभिरुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई) आमंत्रित करता है।
अनुमानित निर्माण लागत ₹2000 करोड़ + जीएसटी है।
विस्तृत जानकारी व आरएफपी डाउनलोड करने के लिए कृपया बैंक की वेबसाइट https://sbi.bank.in [https://sbi.bank.in/web/sbi-in-the-news/ procurement-news] पर 'प्रोक्योरमेंट न्यूज' और https://www.tenderwizard.com/SBIETENDER पर देखें। ईओआई प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख- 21.02.2026 को दोपहर 2.30 बजे तक। संबंधित कोई भी परिशिष्ट/शुद्धिपत्र केवल बैंक की वेबसाइट पर ही पोस्ट किया जाएगा।
स्थान: नवी मुंबई
दिनांक: 22.01.2026
उप महाप्रबंधक
(एफ एंड ओए)

गुमशुदा/अपहृत की तलाश

किरन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़की (फोटो में दर्शाया गया) जिसका नाम **किरन पुत्री बल्लू निवासी राजा का घर, पाइप लाइन रोड, पूठ खुर्द, बवाना आउटर नॉर्थ, दिल्ली** जो अपने घर से **दिनांक 13.01.2026 को शाम 04:00 बजे** से लापता है। इस संदर्भ में एक **एफआईआर नं./डीडी नं. 24/26 अंतर्गत धारा 137(2) भारतीय न्याय संहिता 2023, दिनांक 15.01.2026 को थाना बवाना, दि

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 22-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMA14 User: cci Time: 01-21-2026 23:13 Color:

जब से यह टूर्नामेंट शुरू हुआ है, तब से अब तक मैं हर टी20 वर्ल्ड कप का हिस्सा रहा हूं। इस बार मेरा अनुभव अलग होगा। हम इस बारे में बात कर रहे थे कि इसे घर से देखना अजीब होगा।
-रोहित शर्मा, पूर्व कप्तान, भारतीय टीम

पहला मैच अपने नाम कर भारत ने टी20 सीरीज़ में हासिल की 1-0 की बढ़त

अभिषेक-रिंकू जुगलबंदी से जीत



■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: अभिषेक शर्मा (84 रन, 35 बॉल, 5 फोर, 8 सिक्स) की धमाकेदार पारी और रिंकू सिंह (44* रन, 20 बॉल, 4 फोर, 3 सिक्स) की दमदार फिनिशिंग के बाद गेंदबाजों के दमदार प्रदर्शन की बदौलत भारत ने पहले टी20I में न्यूजीलैंड को 48 रन से हरा दिया। नागपुर में खेले गए मुकाबले में पहले बैटिंग करते हुए भारतीय टीम ने 20 ओवर में सात विकेट पर 238 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया। भारत ने 44वीं बार टी20I की एक पारी में 200 रन के स्कोर का आंकड़ा पार किया। कोई भी दूसरी टीम 30 बार भी 200 प्लस का टोटल नहीं बना सकी है। जवाब में न्यूजीलैंड 7 विकेट पर 190 के स्कोर तक ही पहुंच पाया।

फिलिप्स अड़े रहे: भारत के स्कोर के जवाब में न्यूजीलैंड की शुरुआत खराब रही और टीम ने 1 रन पर ही टेडोन कॉन्वे (0) और रचिन रविंद्र (1) का विकेट गंवा दिया। यहां से ग्लेन फिलिप्स मैदान पर टिक गए और भारतीय बोलर्स को आड़े हाथों लिया। उन्होंने टिम रॉबिनसन (21 रन) के साथ 51 रन की साझेदारी की। मार्क चैपमैन (39 रन) के साथ भी उनकी साझेदारी 79 रन की हो गई थी, जब फिलिप्स को अक्षर पटेल ने 14वीं ओवर की तीसरी गेंद पर चलता किया। अक्षर के खिलाफ फिलिप्स इस गेंद पर अटैक करना चाहते थे, लेकिन वह बॉल को टाइम नहीं कर पाए और शिवम दुबे के हाथों में कैच थम बैठे। चैपमैन, डेरिल मिचेल (28) और कप्तान सैंटनर (20*) ने आक्रामक तेवर दिखाए, लेकिन वो जीत के लिए नाकाफी साबित हुए।

मेटर युवराज को पीछे छोड़ा: इससे पूर्व, न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20I सीरीज के पहले मैच में अभिषेक ने सिर्फ 22 गेंदों पर अर्धशतक जड़ा। टी20I में उन्होंने अपनी नौवीं फिफ्टी प्लस पारी खेली। इस पारी में उनका स्ट्राइक रेट 240 का रहा। यह कुल छठी बार है जब अभिषेक ने 200 प्लस के स्ट्राइक रेट से फिफ्टी प्लस पारी खेली है। इस मामले में उन्होंने अपने मेंटर युवराज सिंह को पीछे छोड़ा, जिन्होंने अपने करियर के दौरान पांच बार 200 प्लस के स्ट्राइक रेट से टी20 इंटरनैशनल में फिफ्टी प्लस पारी खेली थी। भारतीय खिलाड़ियों में ऐसा सर्वाधिक बार सूर्यकुमार यादव (10 बार) ने किया है।

दुनिया को मिला फिनिशिंग टच: अभिषेक के आउट होने के बाद आखिरी ओवर्स में हार्दिक पंड्या (25 रन, 16 बॉल) ने कुछ बड़े शॉट्स लगाए। मैदान के सबसे बड़े हिस्से में सिक्स लगाने की कोशिश में वह कैच आउट हो गए। फिर रन्नी की रफ्तार को बनाए रखने का काम रिंकू ने किया। रिंकू को करीब एक साल पहले टी20I में 20 या इससे ज्यादा गेंदें खेलने को मिली थीं। इस बीच मिली दो पारियों में उनके हिस्से क्रमशः 6 और एक गेंदें ही आई थीं। उन्हें बुधवार को कोच्ची टीम के खिलाफ अपनी छाप छोड़ने का पूरा मौका मिला, जिसे उन्होंने पूरी तरह भुनाया। रिंकू ने अपनी पारी में चार फोर और तीन सिक्स जड़े। इनमें से दो सिक्स और दो फोर उन्होंने पारी के अंतिम ओवर में लगाए।

स्कोरकार्ड

भारत: संजू सैमसन का रविंद्र को जेमीसन 10, अभिषेक शर्मा का जेमीसन को सोढ़ी 84, ईशान किशन का चैपमैन को डफी 8, सूर्यकुमार यादव का रॉबिन्सन को सैंटनर 32, हार्दिक पांड्या का चैपमैन को डफी 25, शिवम दुबे का ऐड को जेमीसन 9, रिंकू सिंह नॉट आउट 44, अक्षर पटेल का मिचेल को क्लार्क 5, अर्शदीप सिंह नॉट आउट 6 **एक्स्ट्रा:** 15 **टोटल:** 20 ओवर्स में सात विकेट पर 238 रन **विकेट:** 1-18, 2-27, 3-126, 4-149, 5-166, 6-185, 7-209 **बोलिंग:** जैकब डफी 4-0-27-2, काइल जेमीसन 4-0-54-2, क्रिस्टियन क्लार्क 4-0-40-1, ईश सोढ़ी 3-0-38-1, ग्लेन फिलिप्स 1-0-20-0, मिचेल सैंटनर 3-0-37-1, डेरिल मिचेल 1-0-21-0

न्यूजीलैंड: डेवोन कॉन्वे का सैमसन को अर्शदीप 0, टिम रॉबिन्सन का दुबे को बुमरा 21, रचिन रविंद्र का अभिषेक को हार्दिक 1, ग्लेन फिलिप्स का दुबे को अक्षर 78, मार्क चैपमैन का अभिषेक को वरुण 39, डेरिल मिचेल का बिश्नोई को दुबे 28, मिचेल सैंटनर नॉट आउट 20, क्रिस्टियन क्लार्क का रिंकू को दुबे 0, काइल जेमीसन नॉट आउट 1 **एक्स्ट्रा:** 2 **टोटल:** 20 ओवर्स में सात विकेट पर 190 रन **विकेट:** 1-0, 2-1, 3-52, 4-131, 5-143, 6-189, 7-189 **बोलिंग:** अर्शदीप सिंह 4-0-31-1 हार्दिक पंड्या 2-0-20-1 जसप्रीत बुमरा 3-0-29-0 अक्षर पटेल 3.3-0-42-1 वरुण चक्रवर्ती 4-0-37-2 शिवम दुबे 3-0-28-2 अभिषेक शर्मा 0.3-0-3-0

12 पिछली टी20I इनिंग्स में संजू सैमसन सिर्फ 19.33 ऐवरेज से 232 रन ही बना सके हैं। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 127 के करीब रहा है

100 वां टी20 इंटरनैशनल मैच खेला सूर्यकुमार यादव ने। भारत की ओर से यह उपलब्धि हासिल करने वाले वह कुल चौथे बैटर हैं

बांग्लादेश की भागीदारी पर आज होगा अंतिम फैसला!

बांग्लादेश ने टी20 वर्ल्ड कप के लिए अपनी टीम का ऐलान भी कर दिया है

■ एजेंसियां, दुबई: इंटरनैशनल क्रिकेट काउंसिल (ICC) ने बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (BCB) के टी20 वर्ल्ड कप के अपने मैचों को श्रीलंका में स्थानांतरित करने के अनुरोध को खारिज कर दिया है। ICC ने भी स्पष्ट किया है कि मैच निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ही होंगे क्योंकि भारत में टूर्नामेंट के किसी भी वेन्यू पर बांग्लादेश के खिलाड़ियों, अधिकारियों या फैंस की सुरक्षा को कोई विश्वसनीय खतरा नहीं है। यह निर्णय ICC बोर्ड की विडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए आयोजित की गई बैठक में लिया गया।

ICC ने एक बयान में कहा, 'ICC बोर्ड ने गैर किया कि मौजूदा परिस्थितियों में मैचों को स्थानांतरित करने से ICC प्रतियोगिताओं की पवित्रता खतरे में पड़ सकती है और एक वैश्विक शर्मनाक निकाय के रूप में संगठन की निष्पक्षता कमजोर हो सकती है।'

बांग्लादेश के सपोर्ट में पाकिस्तान: 16 सदस्यों में से 14 ने श्रीलंका के मैच स्थानांतरित करने के अनुरोध के खिलाफ मतदान किया। ICC ने BCB को विचार करने और अंतिम निर्णय लेने के लिए एक और दिन का समय दिया है। ICC के एक सूत्र ने बताया, 'सभी सदस्यों में से केवल बांग्लादेश बोर्ड और पाकिस्तान ने मैच स्थानांतरित करने के अनुरोध के पक्ष में मतदान किया, जबकि अन्य सभी सदस्यों ने इसके विरोध में मतदान किया। बांग्लादेश को वर्ल्ड कप में अपनी भागीदारी की पुष्टि करने के लिए 21 जनवरी तक का समय दिया गया था, लेकिन ICC बोर्ड ने उन्हें अपना पक्ष रखने के लिए एक और दिन का समय दिया है। ICC ने कहा कि इतने कम समय में कार्यक्रम में बदलाव संभव नहीं है और सुरक्षा जोखिम की पुष्टि न होने पर मैचों में बदलाव गलत मिसाल होगा।

14 डॉट बांग्लादेश के प्रस्ताव के खिलाफ पड़े कुल 16 वोट में से

> अगर हमें पता होता कि वर्ल्ड कप में ग्रुप स्टेज में हमें किनसे खेलना है या किस देश में खेलना है तो काफी मदद मिलती। वर्ल्ड कप में अभी समय है, लेकिन हमें पता ही नहीं है कि हम जा रहे है या नहीं। -लिटन दास, कप्तान, बांग्लादेश क्रिकेट टीम

स्पोर्ट्स QUIZ

इस पेज पर छपी खबरों में ही इन सवालों का जवाब है।

1. टेनिस में दुनिया की नंबर-1 महिला प्लेयर कौन है?
   A) आरिना सबालेंका
   B) कोको गॉफ C) मीरा आंद्रीवा
   D) नाओमी ओसका
2. क्रिकेटर बेन मेज किस देश के प्लेयर हैं?
   A) साउथ अफ्रीका B) इंग्लैंड
   C) ऑस्ट्रेलिया D) स्कॉटलैंड

कल के जवाब
1. C) 3 2. A) यानिक सिनर

लकी WINNER

1. यशस्वी चौधरी, द्वारका, दिल्ली
2. सुहेल, हापुड़, उत्तर प्रदेश
3. महेश बजाज, वीरेंडली, मुंबई

आप अपने जवाब हमें 9319282367 पर अपने नाम, तस्वीर और शहर/गांव के नाम के साथ वॉट्सऐप करें। एक 'लकी विनर' का नाम और तस्वीर हम कल के अंक में छापेंगे। दो अन्य विजेताओं के नाम भी प्रकाशित होंगे।

फटाफट खबरें

तिलोत्तमा का दबदबा

■ नई दिल्ली: तिलोत्तमा सेन ने विमिंस 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन में लगातार दूसरी बार पहला स्थान हासिल किया, जबकि मनु भाकर ने नैशनल सिलेक्शन ट्रायल्स में 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा के टी1 फाइनल में जीत दर्ज की। पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन में मंगलवार को टी1 में तीसरे स्थान पर रहने वाले ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर ने टी2 में पहला स्थान हासिल किया।

जायंट्स-वॉरियर्ज भिड़ंत

■ वडोदरा: खराब फॉर्म से जूझ रही गुजरात जायंट्स के खिलाफ विमिंस प्रीमियर लीग के मैच में गुरुवार को यूपी वारियर्ज का पलड़ा भारी होगा, जबकि एलआईसी के बाकी दो स्थानों के लिए मुकाबला कड़ा हो गया है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु पांचों मैच जीतकर क्वॉलिफाई कर चुकी है, जबकि दिल्ली कैपिटल्स ने मुंबई इंडियंस को 7 विकेट से हराकर रास्ते खुले रखे हैं।

रियाल की बड़ी जीत

■ मेड्रिड: रियाल मेड्रिड ने UEFA चैंपियंस लीग के लीग मैच में मोनाको को 6-1 से करारी शिकस्त दी। इसके साथ ही रियाल मेड्रिड ने टॉप-8 में जगह बनाने की अपनी उम्मीदों को और मजबूत कर लिया है। किलियन एम्बापे ने दो गोल दागे।

खेल शिक्षा पर कॉन्क्लेव

■ नई दिल्ली: युवा मामले एवं खेल मंत्रालय के सहयोग से ग्वालियर स्थित लक्ष्मीबाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा संस्थान शुक्रवार से दो दिवसीय राष्ट्रीय कॉन्क्लेव 'सेतु 2026' की मेजबानी करेगा।

वर्ल्ड नंबर-1 सबालेंका, कार्लोस तीसरे राउंड में

■ एजेंसियां, मेलबर्न: वर्ल्ड नंबर-1 आरिना सबालेंका और नंबर-3 कोको गॉफ ने ऑस्ट्रेलियन ओपन के विमिंस सिंगल्स के तीसरे राउंड में जगह बना ली है। यहां दो बार की विजेता सबालेंका ने चीन की बाइ झोउशुआन को 6-3, 6-1 से हराया। सबालेंका पांचवां ग्रैंडस्लैम खिताब जीतने की कोशिश में हैं। पहले सेट में उन्हें थोड़ा संघर्ष करना पड़ा, लेकिन दूसरे में उन्होंने पूरी तरह नियंत्रण हासिल कर लिया।

गॉफ ने ओल्गा डानिलोविच को 6-2, 6-2 से मात देकर अपना अभियान आगे बढ़ाया। उधर, मैक्स सिंगल्स में वर्ल्ड नंबर-3 कार्लोस अल्काराज ने भी तीसरे राउंड में जगह पक्की की।

दबदबा जारी: अल्काराज ने जर्मनी के यानिक हान्फमैन के खिलाफ ट्राईसेट में पहला सेट जीता। उन्होंने 7-6, 6-3, 6-2 से मुकाबला अपने नाम किया। स्पेन के अल्काराज यहां अपना पहला खिताब जीतकर करियर ग्रैंडस्लैम पूरा करने का सपना देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह अब भी परिस्थितियों के साथ तालमेल बैठा रहे हैं, लेकिन उनका खेल सही दिशा में बढ़ रहा है। पहे अल्काराज की वर्ल्ड रैंकिंग्स में टॉप-100 से बाहर खिलाड़ियों पर 22वीं ग्रैंडस्लैम जीत है।

ज्वेरेव ने किया संघर्ष: अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने बारिश की देरी और ब्रांट ट्रम्पो में परेशानी के बावजूद अलेक्जेंडर म्युलर को चार सेट में हराया। मेंडिकल टाइम आउट के बाद ज्वेरेव ने वापसी की और निर्णायक क्षणों में संयम दिखाया। मेजबान देश के प्लेयर एलेक्स डी मिनौर ने हमाद मेडेजेविच को 6-7, 6-2, 6-2, 6-1 से मात दी। विमिंस सिंगल्स में मीरा आंद्रीवा और विक्टोरिया म्बोको जैसी युवा खिलाड़ियों ने भी प्रभाव छोड़ा, जबकि पुरुष वर्ग में डेनियल मेदेदेव, आंद्रे रूबलेव और टॉमी पॉल ने भी अपने-अपने मुकाबले जीतकर आगे कदम बढ़ाया।

14 मुकाबले जीते हैं बिना कोई मैच गंवाए कोको गॉफ ने किसी ग्रैंडस्लैम के दूसरे राउंड में साल 2022 से

91 ग्रैंडस्लैम मैच जीते हैं डेनियल मेदेदेव ने साल 2016 में अपने डेब्यू से। वह इस दौरान चौथे सर्वाधिक मैच जीतने वाले प्लेयर हैं

भांबरी-गोरानसन भी जीते

भारत के युकी भांबरी और स्वीडन के आंद्रे गोरानसन ने ऑस्ट्रेलियन ओपन के मेंस डबल्स में शानदार शुरुआत करते हुए दूसरे राउंड में प्रवेश किया। दसवीं वरीयता प्राप्त इस जोड़ी ने 57 मिनट चले मुकाबले में जाइल्ज कार्डोफर और ऑस्ट्रेलियन जोड़ी जेम्स डकवर्थ और कूज हॉपिट को 6-3, 6-4 से हराया।

विराट को पछाड़ मिचेल शीर्ष पर

ICC वनडे रैंकिंग्स

■ एजेंसियां, दुबई: न्यूजीलैंड के बैटर डेरिल मिचेल ने हाल में संपन्न वनडे सीरीज में शानदार प्रदर्शन के दम पर विराट कोहली को ताजा ICC वनडे बैटिंग रैंकिंग्स में शीर्ष स्थान से हटा दिया। मिचेल ने दो शतकों की बदौलत तीन मैच की सीरीज में 352 रन बनाए। किसी तीन मैच की वनडे सीरीज में यह न्यूजीलैंड के खिलाड़ी द्वारा बनाए गए सर्वाधिक रन हैं और कुल मिलाकर यह तीसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। ICC ने एक बयान में कहा, '845 रैंकिंग्स अंक के साथ मिचेल ने विराट (795 अंक) की जगह ली है जो अब दूसरे स्थान पर खिसक गए हैं।

डेरिल मिचेल

सिंधु और श्रीकांत ने पार की पहली बाधा

इंडोनेशिया मास्टर्स

पीवी सिंधु

■ एजेंसियां, जकार्ता: दो बार की ओलंपिक्स मेडल विजेता पीवी सिंधु के अलावा भारत के लक्ष्य सेन और किदांबी श्रीकांत इंडोनेशिया मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट में दूसरे राउंड में जगह बनाने में सफल रहे। सिंधु ने महिला सिंगल्स के पहले दौर में जापान की मनामी सुइतु को 22-20, 21-15 से हराया। श्रीकांत ने जापान के कोकी वातानाबे को 21-15, 21-23, 24-22 से हराया। जबकि लक्ष्य ने चीनी ताइपे के वांग त्सु वेई पर 21-13, 16-21, 21-14 से जीत दर्ज की। हालांकि आकुषु शेट्टी, एचएस प्रणोय और किरण जॉर्ज पहले ही दौर में हारकर बाहर हो गए।

गिल, सिराज होंगे आकर्षण का केंद्र

रणजी का रण

प्रैक्टिस के दौरान शुभमन

■ एजेंसियां, राजकोट: भारत की टेस्ट और वनडे टीम के कप्तान शुभमन गिल आज से शुरू होने वाले रणजी ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे चरण में आकर्षण का केंद्र होंगे। गिल ने न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के बाद विश्राम लेने के बजाय पंजाब की तरफ से सौराष्ट्र के खिलाफ होने वाले ग्रुप-बी के अहम मैच में खेलने का फैसला किया। गिल का राष्ट्रीय टीम के साथी और सौराष्ट्र के ऑलराउंडर रविंद्र जाडेजा से दिलचस्प मुकाबला हो सकता है। सौराष्ट्र 13 अंकों के साथ चौथे जबकि पंजाब छठे स्थान पर है। इस ग्रुप में कर्नाटक 21 अंक लेकर टॉप पर है।

स्टार प्लेयर्स में सिराज भी: भारतीय टीम के मोहम्मद सिराज पर भी सबकी निगाहें होंगी जो हैदराबाद के कप्तान के रूप में अपना पहला मैच खेलने के लिए तैयार हैं। वह ग्रुप-डी में 42 बार के चैंपियन मुंबई के खिलाफ हैदराबाद की कप्तानी करेंगे। यह इस सीजन उनका पहला रणजी मैच भी होगा।

गुकेश और प्रग्नानंदा की बाजी ड्रॉ पर छूटी

गुकेश और प्रग्नानंदा बाजी के दौरान

टाटा मास्टर्स चेस

■ एजेंसियां, विज्क आन जी (नीदरलैंड्स): वर्ल्ड चैंपियन डी गुकेश ने हमवतन ग्रांड प्रग्नानंदा के साथ ग्रेंड बॉटकर टाटा स्टील मास्टर्स चेस टूर्नामेंट में लगातार चौथी बाजी ड्रॉ खेली। उधर, अर्जुन एरिगैसी भी अनीश गिरी के डिफेंस को नहीं तोड़ सके। प्रग्नानंदा का इस टूर्नामेंट में सफर अभी तक अच्छा नहीं रहा है। उन्हें दो बाजियों में हार का सामना करना पड़ा जबकि दो बाजी ड्रॉ खेली। वह गिरी के साथ टेबल में सबसे नीचे हैं।

ड्रैगंस की जीत के साथ विदाई, रॉयल्स टॉप-2 में

हॉकी इंडिया लीग

तमिलनाडु ड्रैगंस के ब्लेक गोवर्स

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: अकॉर्ड तमिलनाडु ड्रैगंस ने मेंस हॉकी प्रीमियर लीग के अपने आखिरी लीग स्टेज मैच को जीतकर विदाई ली। बुधवार को हुए रोमांचक मैच में ड्रैगंस ने रांची रॉयल्स को पेनल्टी शूटआउट में 4-2 से हराया। नियमित समय में मुकाबला 3-3 से बराबर रहा था। इस हार के बावजूद रांची की टीम अंक तालिका पर शीर्ष-दो में अपना स्थान सुनिश्चित करने में सफल रही।

रॉयल्स के 12 अंक हैं और वो अब 23 जनवरी को टेबल टॉपर वेदांता कलिंगा लांसर्स से भिड़ेगा। इस मैच का विजेता सीधे टूर्नामेंट के फाइनल के लिए क्वॉलिफाई करेगा, जबकि हारने वाली टीम को फ्रेंचाइजी मुकाबले में जगह बनाने का एक और मौका मिलेगा। तमिलनाडु प्लेऑफ की रेस से बाहर हो गई। जेसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब और एसजी पाइपर्स आन लीग स्टेज का आखिरी मैच खेलेंगे। इससे पूर्व, रांची रॉयल्स के लिए टीम बुन ने दो गोल किए जबकि मंदीप सिंह ने एक गोल दागा। ड्रैगंस के लिए ब्लेक गोवर्स ने 2 और सेलवम कार्ती ने एक गोल किया।

बदइंतजामी से बचने के लिए बनेगी SOP

इंडिया ओपन को लेकर हुई बदनामी

■ पीटीआई, नई दिल्ली: भारत की शेरसराष्ट्रीय खेल इंडिया को लेकर बढ़ती निगरानी के बीच खेल मंत्रालय ने स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (SAI) को मानक परिचालन प्रक्रिया (SOP) तैयार करने के निर्देश दिए हैं, ताकि इंडिया ओपन बैडमिंटन जैसी अंतर्राष्ट्रीय में सामने आई अव्यवस्थाएं दोहराई न जाएं। हालिया टूर्नामेंट में कोर्ट पर पक्षियों की बीट, दर्शक दीर्घा में बंदर और प्रशिक्षण सुविधाओं में गंदगी ने आयोजन की छवि को नुकसान पहुंचाया था। मंत्रालय का मानना है कि 2036 ओलिंपिक्स की मेजबानी की महत्वाकांक्षा को देखते हुए तैयारियों के स्तर पर सख्त निगरानी जरूरी है। सूत्रों के अनुसार, 'SOP तैयार की जाएगी ताकि टूर्नामेंट की सही ढंग से योजना बने। इस व्यवस्था के जरिए मंत्रालय निगरानी भी रखेगा।'

मेज का बल्ला बरसा, 191 रन की पारी खेली

अंडर-19 वर्ल्ड कप

इंग्लैंड के बल्लेबाज बेन मेज

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: इंग्लैंड के बेन मेज ने अंडर-19 मेंस क्रिकेट वर्ल्ड कप के इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ दिया। उन्होंने जिंबाब्वे के हरारे में बुधवार को स्कॉटलैंड के खिलाफ हुए मैच में ताबड़तोड़ 191 रन (117 बॉल, 18 फोर, 8 सिक्स) जड़े दिए। यह अंडर-19 मेंस क्रिकेट वर्ल्ड कप के इतिहास में किसी इंग्लिश प्लेयर का हाईएस्ट स्कोर है। उन्होंने टैन लॉरिस का रेकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 2016 वर्ल्ड कप में फीजी के खिलाफ 174 रन की पारी खेली थी। अंडर-19 वर्ल्ड कप के हाईएस्ट स्कोर की सूची में मेज संयुक्त दूसरे स्थान पर हैं। शीर्ष पर श्रीलंका के वीरन चामुदिता हैं, जिन्होंने जापान के खिलाफ इसी एडिशन में 192 रन जड़े थे।

120 रन बनाए बाउंड्रीज से मेज ने। यह एक पारी में इंग्लिश प्लेयर द्वारा बाउंड्री से बनाए सर्वाधिक रन हैं

तीसरे नंबर पर आए मेज ने ओपनर जोसेफ मूर्स (81 रन) के साथ 185 रन जोड़े। इस साझेदारी की बदौलत इंग्लैंड ने 50 ओवर्स में छह विकेट पर 404 रन बनाए। यह इंग्लैंड का अंडर-19 वर्ल्ड कप में सबसे बड़ा टोटल है।

12 राशियां और आपका दिन

ARIES 21 Mar-19 Apr
आज का आपका दिन फलप्रदायक रहेगा। आप जिस भी कार्य को शुरू करेंगे, उसमें सफलता मिलेगी। आज परिवार के साथ कहीं बाहर घूमने भी जाएंगे। आज की कई यात्रा लाभप्रद रहेगी। दोपहर बाद कार्यक्षेत्र में उच्चाधिकारी से वाद-विवाद होने से जानूनी पक्ष नया मोड़ ले सकता है।

TAURUS 20 Apr-19 May
आज कार्यक्षेत्र में अधिकारी से या व्यवसाय क्षेत्र में व्यापारी से अनबन हो सकती है। अपने कार्य कौशल से आप शत्रुओं पर विजय प्राप्त करेंगे। घर-गृहस्थी के उपयोग की कोई प्रिय वस्तु खरीदी जाएगी। शुभ व्यय होगा। उपापय जीवन में सुख-शांति बनाए रखें। समाज पक्ष के कारण समाज में सम्मान बढ़ेगा।

GEMINI 21 May-21 Jun
आज के दिन आप किसी बात को लेकर सुस्त से ही परेशान रहेंगे। रोजमर्रिक गतिविधियों में भी रुकावट रहेगी। हालांकि दोपहर के बाद स्थितियों में सुधार होगा और आपके बुरा समय किसी मित्र की सहायता से कम हो जाएगा। व्यवसाय से लेकर यात्रा के समय एक किसी महत्वपूर्ण समारोह में सम्मिलित हो सकते हैं।

CANCER 22 Jun-22 Jul
राशि स्वामी चंद्रमा कुंभ राशि का होकर अष्टम भाव केतु भाव में नकारात्मक चलकर है। जीवन साथी एवं व्यापार में पार्टनर्स का पूर्णतः सहयोग मिलेगा। धर्म-अध्यात्म के कार्यों में आपकी रुचि बनी रहेगी। नौकरी पेशा वर्ग को उन्नति मिल सकती है। मन को शांति मिलेगी। अर्थाजन श्रम से संभव हो सकती है, सहयोग रहे।

LEO 23 Jul-22 Aug
आज का दिन मिश्रित फलदायक है, सम्मान के क्षेत्र में आपकी स्वच्छ छवि का निर्माण होगा। भौतिक की किसी योजना पर चर्चा करें। कार्यक्षेत्र में पदोन्नति के आसार मिलेंगे। घर में मिश्रण राशि का बृहस्पति उच्च फलकारक है, आरोप-प्रतिष्ठा के चलते भी आपके सभी कार्य सिद्ध होंगे।

VIRGO 23 Aug-22 Sep
द्वादश भाव में केतु योग और स्वक्षेत्र घर में शनि उत्तम स्थिति के देने वाले हैं। ज्ञानशिष्य समाज में आपकी राज्य-मान-प्रतिष्ठा में निश्चित रूप से वृद्धि होगी। उत्कर्षशिल बढ़ने से कुछ अनहत स्थिति उत्पन्न हो सकती है, घबराए नहीं। व्यवसाय से लेकर राशि के समय एक पुराने मित्रों के मिलन से मन प्रसन्न रहेगा।

LIBRA 23 Sep-22 Oct
आज आपकी राशि का स्वामी शुक्र सप्तमेश सुख-भोगों की वृद्धि कर रहा है। जीवनसाथी का सहयोग व समन्वय मिलेगा। व्यावसायिक प्रयास फलीभूत होंगे। राज्य-मान-प्रतिष्ठा की वृद्धि होगी। व्यवसाय से लेकर राशि तक किसी मूल्यवान वस्तु के खोने या चोरी होने की आशंका है, सतर्क रहें। राशि में किसी मंगलमय समारोह में सम्मिलित होंगे।

SCORPIO 23 Oct-21 Nov
दूसरों की सहायता करने से आपको जो आत्मसंतुष्टि प्राप्त होती है, उसकी तुलना अन्य किसी सांसारिक सुख से नहीं हो सकती। इसलिए आपका आज का आचार दिन में दूसरों का परोपकार करने में बीतेगा। आपके में आपके अधिकारों में वृद्धि होने के कारण सफलता का मूल कुछ सरल हो सकता है।

SAGITTARIUS 22 Nov-21 Dec
आज नवम द्वितीय परिवारिक आदति तथा अलगाव के वातावरण को विपरीत बन सकता है। किंतु आप अपने दिमें और मृदु व्यवहार से वातावरण को हल्का करने में कामयाब होंगे। आपने प्रिय व्यक्ति की मदद करने के कारण कुछ परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। राशि का समय मौज-मस्ती में बीतेगा।

CAPRICORN 22 Dec-19 Jan
आज के दिन आपको कोई खास डील फाइनल हो जाएगी। वहीं से आपको धन का लाभ होगा। घर में पत्नी या किसी सदस्य की अचानक तबीयत खराब होने से टेंशन हो सकती है। किसी महत्वपूर्ण कार्य को करते समय या शादी वाले समय टेंशन को हावी न होने दें। जीवनसाथी के साथी से दूर रहें।

AQUARIUS 20 Jan-18 Feb
राशि स्वामी शनि पूर्व में उदय हो चुका है। चतुर्थ द्वादश भाव में किसी महान सफलता का प्रभ होगा। बड़ी मात्रा में समय हाथ में आने से संतोष होगा। दिन के उत्तरार्ध में परिवार में पिछले कुछ दिनों से जारी अनबन भी समाप्त हो जाएगी। कठिनाई को बातचीत से सुलझा ले। राशि का समय शैर-सपाटे में व्यतीत करें।

PISCES 19 Feb-20 Mar
राशि का स्वामी बृहस्पति मिथुन राशि का होकर चतुर्थ भाव में सप्तम एवं दशमेश के संयुक्त व हर्षयुक्त है। आज का आपका दिन अच्छा है। जिन व्यवसायों में अभी अपने कैरियर की शुरुआत की है, उनके आज आपने ऑफिस में अपने प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। कार्यक्षेत्र में मन-सम्मान बढ़ेगा। व्यवसाय से राशि का समय में मेल-मिलाप में बीतेगा।

जन्मदिन की शुभकामनाएं

यह वर्ष तांबे के पाट से प्रवेश कर रहा है। वर्ष का स्वामी मंगल मकर राशि पर परिभ्रमण कर रहा है। अतीत के संदर्भ से लाभ और नए अनुभव का सूत्रधार होगा। 22 जनवरी से लेकर 30 फरवरी तक आवास-निर्माण के कारोबार से जुड़े लोगों की बाधाएं समाप्त होकर बराबर अच्छे आसरों की प्राप्ति होगी। मार्च महीने की शुरुआत से लेकर अप्रैल महीने के अंत तक में पुराने बने हुए प्रसंग उभरकर सामने आएंगे तथा आपकी सन्नद्धि बढ़ेगी। मई माह की शुरुआत से ही गुप्त शत्रु व्यथित करेंगे। हालांकि आप फिजूल की बातों पर ध्यान न दें। इसे वर्ष के उत्तरार्ध जून महीने की शुरुआत में जहां आपको किसी भाग्यवर्धक कार्यक्षेत्र से जुड़ना होगा, वहां जुलाई से अगस्त तक तक आपने कार्य कौशल और एकाग्रता से सभी जरिए के काम सहज हो जाएंगे। सितंबर-अक्टूबर तक आप अपने जीवन स्तर को भी बदल सकते हैं। नवंबर से दिसंबर अंत तक शैर-सपाटे पर खर्चा होगा। यदि कहीं कोई कठिनाई नजर आए तो बुधवार रात्रि में एक पाव गाय की दाल भिगोकर शुरुवार सुबह उसमें आधा पाव गुड़ मिलाकर गाय को खिलाते रहें, इससे घर में सुख-शांति बनी रहेगी। जनवरी 2027 दिसंबरों के लिए वर्ष उत्तम है।

-आचार्य कृष्ण दत्त शर्मा

कल का पंचांग
(शुक्रवार, 23 जनवरी 2026)

राष्ट्रीय मिति माघ 3, शक संवत 1947, माघ शुक्ल, पंचमी, शुक्रवार, विक्रम संवत 2082। सौर माघ मास प्रविष्टे 10, शाबान 3, हिजरी 1447 (मुस्लिम) तद अनुसार अंग्रेजी तारीख 23 जनवरी 2026 ई.। सूर्य उत्तरायण, दक्षिण गोल, हेमंत ऋतु। राहुकाल पूर्वाह्न 10 बजकर 30 मिनट से 12 बजे तक। पंचमी तिथि अर्धरात्रोपरां। बजकर 47 मिनट उपरांत बजे तिथि का आरंभ। पूर्वाभाद्रपद नक्षत्र अपराह्न 2 बजकर 33 मिनट तक उपरांत उत्तराभाद्र नक्षत्र का आरंभ। परिघि योग अपराह्न 3 बजकर 59 मिनट तक उपरांत शिव योग का आरंभ। बव करण अपराह्न 2 बजकर 8 मिनट तक उपरांत बालव करण का आरंभ। चंद्रमा प्रातः 8 बजकर 34 मिनट तक कुंभ उपरांत मीन राशि पर संचरण करेगा। अंक के इस संयोग-ज्यदा दिनचर्या चलुर्थी।

सुडोकू

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 22-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMA15 User: rajesh.mishra Time: 01-21-2026 22:45 Color:

नवभारत टाइम्स NBT
Delhi Times
OF INDIA
THURSDAY, JANUARY 22, 2026 ADVERTORIAL, ENTERTAINMENT, PROMOTIONAL FEATURE
masala mix

इशिता दत्ता सेठ दूसरे बच्चे के जन्म के बाद काम पर लौटने को तैयार हैं



AI कंपनी की याचिका पर सलमान खान को कोर्ट का नोटिस

दिल्ली हाई कोर्ट ने सलमान खान को पर्सनैलिटी राइट्स केस में नोटिस जारी किया है। चीन के एक AI वॉइस-जेनरेशन प्लेटफॉर्म ने मामले में खान की व्यक्तिगत पहचान से जुड़ी चीजों के बिना इजाजत इस्तेमाल पर रोक वाले अंतरिम आदेश को चुनौती दी है। कंपनी का तर्क है कि रोक का आदेश AI वॉइस मॉडल बनाने के वैध कारोबार में बाधा बन रहा है।

ये है पूरा मामला

आवाज के मॉडल बनाने वाली एक चीनी AI कंपनी ने अंतरिम आदेश को रद्द करने की हाई कोर्ट से मांग की है। कंपनी की मांग है कि इस आदेश से उनका व्यापार प्रभावित हो रहा है। सलमान को खर हफ्तों के अंदर नोटिस का जवाब देना है। अगली सुनवाई 27 फरवरी को होगी।

सलमान की फिल्म पर उठा था सवाल

नहीं चीनी कंपनी सलमान खान से परेशान है, वहीं चीन का मीडिया सलमान की फिल्म बैटल ऑफ गलवान को लेकर भी अपनी नाराजगी जाहिर कर चुका है। बैटल ऑफ गलवान के टीजर पर चीन की सरकारी मीडिया ग्लोबल टाइम्स ने आपत्ति जताते हुए इसे तथ्यों से परे बताया था। इसको लेकर भारत के विदेश मंत्रालय ने भी अपना रुख साफ कर दिया था। विदेश मंत्रालय ने अपना पक्ष रखते हुए कहा था कि फिल्म में सरकार का कोई लेना-देना नहीं है और भारत में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के तहत फिल्मकारों को रचनात्मक आजादी है।

बैटल ऑफ गलवान फिल्म का एक दृश्य

रेचल को वॉक ऑफ फेम स्टार सम्मान



रेचल मैकएडम्स को सिनेमा की दुनिया में उनके शानदार योगदान के लिए हॉलिवुड वॉक ऑफ फेम स्टार से सम्मानित किया गया है। अमेरिका के लॉस एंजिल्स में हुए इस समारोह में सम्मान स्वीकार करते समय रेचल मैकएडम्स भावुक हो गईं। उन्होंने अपने माता-पिता को धन्यवाद दिया। रेचल ने कहा, 'मेरे जीवन की हर उपलब्धि आपके प्यार, विश्वास और मेरे लिए किए गए बलिदानों की वजह से है।' इस सम्मान समारोह में वह अपने माता-पिता और पति के साथ पहुंची थीं। गौरतलब है कि वॉक ऑफ फेम अमेरिका के लॉस एंजिल्स, कैलिफोर्निया में एक खूबसूरत जगह है। वहां पर रेचल समेत 2583 कलाकारों के नाम लिखे हैं। इनमें नामी ऐक्टर्स, डायरेक्टर्स और म्यूजिशियन के नाम शामिल हैं।

हांडे ने शाहरुख को नहीं कहा 'अंकल'

हाल ही में तुर्की की अभिनेत्री हांडे अर्सेल उस वक्त लोगों के निशाने पर आ गईं, जब सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर कर कहा गया कि उन्होंने शाहरुख खान को अंकल कहा है। लेकिन अब हांडे ने कहा है कि ये खबर गलत है, मैंने उन्हें अंकल नहीं कहा।

दरअसल, एक इंटरनैशनल अवॉर्ड समारोह के दौरान हांडे को दर्शकों के बीच से शाहरुख खान का विडियो बनाते हुए देखा गया था। उनका यह विडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ। बाद में हांडे ने खुद भी इस क्लिप को इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर किया, जिससे फैंस और उत्साहित हो गए। इसके बाद किसी ने हांडे की पोस्ट का एडिटेड स्क्रीनशॉट वायरल कर दिया, जिसमें शाहरुख को 'अंकल' कहे जाने का दावा किया गया। ऐसे में लोगों ने उन्हें ट्रोल करना शुरू कर दिया था। इसी को लेकर हांडे ने अब साफ किया है कि उन्होंने ऐसा कुछ भी नहीं कहा है और ये खबर गलत है। उनकी सगाई से शाहरुख के फैंस भी अब खुश हैं।

Buzzstop

'जय हो' विवाद पर राम गोपाल वर्मा ने दी सफाई

राम गोपाल वर्मा के एक पुराने वायरल विडियो में वह कहते नजर आए थे कि 'जय हो' गाना एआर रहमान ने नहीं, सुखविंदर ने कंपोज किया था। अब उन्होंने सफाई देते हुए कहा है, रहमान महान संगीतकार हैं। वह किसी का हक नहीं छीन सकते।

THE ECONOMIC TIMES

फटाफट खबरें

ASI की साइटों पर BHIM-UPI

■ **पीटीआई, नई दिल्ली :** NPCI-BHIM और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (ASI) के बीच ऐतिहासिक जगहों के टिकट काउंटरों पर BHIM UPI से पेमेंट की सुविधा शुरू करने को लेकर बातचीत चल रही है। अभी यह सुविधा सिर्फ ASI की वेबसाइट पर ऑनलाइन टिकट बुक करने के लिए ही उपलब्ध है। सुविधा शुरू होने के बाद ऐतिहासिक इमारतों के टिकट काउंटरों पर BHIM UPI का QR कोड लगा दिया जाएगा। फिलहाल, इन काउंटरों पर सिर्फ नकद ही लिया जाता है।

1.60 लाख के करीब पहुंचा सोना

■ **पीटीआई, नई दिल्ली :** सोने और चांदी की कीमतों में रेकॉर्ड तोड़ बढ़त का सिलसिला जारी है। ऑल इंडिया सर्राफा असोसिएशन के मुताबिक बुधवार को देश की राजधानी दिल्ली में 99.9% शुद्धता वाला सोना 6,500 रुपये (4.24%) की भारी बढ़त के साथ 1,59,700 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। वहीं, चांदी 11,300 रुपये महंगी होकर 3,34,300 रुपये प्रति किलोग्राम के नए लेवल पर पहुंच गई है।

TATACOMM का मुनाफा 55% बढ़ा

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** वित्त वर्ष 2025-26 की दिसंबर तिमाही में टाटा कम्युनिकेशंस का मुनाफा 55% बढ़कर 365.28 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। पिछले साल इसी तिमाही में कंपनी को 235.96 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा हुआ था। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ इंडिया (बीओआई) का शुद्ध लाभ 7.5 प्रतिशत बढ़कर 2,705 करोड़ रुपये रहा। केपीआई ग्रीन एनर्जी का चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ सालाना आधार पर करीब 48 प्रतिशत बढ़कर 125.80 करोड़ रुपये हो गया।

छोटे उद्योगों को मिलेगा सस्ता लोन

कैबिनेट का फैसला, SIDBI को मिलेंगे 5000 करोड़ रुपये

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली :** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को स्मॉल इंडस्ट्रीज डिवेलपमेंट बैंक ऑफ इंडिया (SIDBI) को 5000 करोड़ रुपये के इक्विटी सपोर्ट की मंजूरी दी। पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई बैठक में यह फैसला किया गया। इससे छोटे और मझोले उद्योगों को किफायती दरों पर कर्ज सुविधा बढ़ाने में मदद मिलेगी।

वित्त मंत्रालय का वित्तीय सेवा विभाग SIDBI को 5000 करोड़ रुपये का सपोर्ट 3 चरणों में देगा। इस वित्त वर्ष में 3000 करोड़ रुपये दिए जाएंगे। इसके बाद के दो वित्त वर्षों में 1000-1000 करोड़ रुपये दिए जाएंगे। यह पूंजी मिलने से SIDBI को किफायती ब्याज दरों पर संसाधन जुटाने में मदद मिलेगी, जिससे वह MSME को ज्यादा कर्ज दे सकेगा।

कैबिनेट मीटिंग के बाद जारी सरकारी बयान में बताया गया कि 5000 करोड़ रुपये के इस सपोर्ट के बाद वित्तीय सहायता पाने वाले MSME की संख्या वित्त वर्ष 2028 के अंत तक बढ़कर 102 लाख हो जाने का अनुमान है। वित्त वर्ष 2025 के अंत में यह संख्या 76.26 लाख थी। इस तरह करीब 25.74 लाख नए लाभार्थी MSME जुड़ेंगे।

MSME मिनिस्ट्री के मुताबिक, पिछले साल 30 सितंबर तक 6.9 करोड़ MSME ने 30.16 करोड़ रोजगार जेनरेट किया था। इस तरह वित्त वर्ष 2027-28 के अंत तक नए MSME लाभार्थियों के जुड़ने से 1.12 करोड़ एंप्लॉयमेंट के मौके बनने का अनुमान है।

30 सितंबर 2025 तक के आंकड़ों के मुताबिक SIDBI की बैलेंस शीट 5.8 लाख करोड़ रुपये की थी। पिछले दो वित्त वर्षों में इसने 65 शाखाएं खोलकर 161 ब्रांचेज का नेटवर्क बना लिया है। इसकी कवरेज में मान्यता प्राप्त 195 MSME क्लस्टर हैं। SIDBI के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर मनोज मित्तल ने कहा, 'विकसित भारत 2047 के लक्ष्य हासिल करने में MSME सेक्टर एक ग्रोथ इंजन है। इस सेक्टर को मजबूत बनाने में SIDBI अहम भूमिका निभाएगा।'

AI Image

2 मिनट में पढ़ें

अटल पेंशन योजना अब 2030-31 तक

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली :** असंगठित क्षेत्र में कामगारों को पेंशन का इंतजाम करने के लिए साल 2015 में शुरू की गई अटल पेंशन योजना (APY) साल 2030-31 तक चलती रहेगी। पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को मंत्रिमंडल की बैठक में यह फैसला किया गया। कैबिनेट ने योजना को साल 2030-31 तक फंडिंग सपोर्ट जारी रखने का निर्णय किया। फैसले के मुताबिक, असंगठित क्षेत्र के कामगारों के बीच जागरूकता बढ़ाने सहित अन्य गतिविधियों के लिए सरकार जरूरी फंड मुहैया कराती रहेगी। 9 मई 2015 को शुरू की गई APY में 60 साल की उम्र पूरी होने पर 1000 से 5000 रुपये महीने तक की मिनिमम पेंशन की गारंटी है। यह पेंशन अंशदान के आधार पर तय होती है। इस साल 19 जनवरी तक इस योजना में 8.66 करोड़ से ज्यादा लोग जुड़ चुके थे।

Eternal के CEO पद से दीपिंदर हटे, अलबिंदर को कमान

■ **पीटीआई, नई दिल्ली:** जोमैटो और ब्लिंकिट बैंड की पेरेंट कंपनी एटरनल (Eternal) ने बुधवार को अपने नतीजे जारी किए। वहीं दीपिंदर गोयल ने कंपनी के CEO का पद छोड़ने का ऐलान कर दिया है। यह 1 फरवरी से कंपनी के डायरेक्टर, एमडी और CEO का पद छोड़ देंगे। बोर्ड ने अलबिंदर सिंह ढींडसा को 1 फरवरी से कंपनी का नया CEO नियुक्त करने की मंजूरी दे दी है।

अलबिंदर सिंह ढींडसा

अलबिंदर अभी ब्लिंकिट के CEO के तौर पर काम कर रहे हैं।

वित्त वर्ष 2025-26 की दिसंबर तिमाही में कंपनी का मुनाफा करीब 73% बढ़कर 102 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। दीपिंदर ने पद छोड़ने की वजह बताते हुए कहा कि पिछले कुछ समय से मेरा ध्यान कुछ ऐसे नए आइडिया की तरफ गया है जिनमें बहुत ज्यादा जोखिम और नए प्रयोगों की जरूरत है। ऐसे में एटरनल जैसी कंपनी के बाहर काम करना ज्यादा बेहतर है।

$ के मुकाबले रुपया अब तक के निचले लेवल पर

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** बुधवार को भारतीय रुपये में जबरदस्त गिरावट देखी गई। विदेशी निवेशकों द्वारा लगातार पैसा निकालने और दुनिया भर के बाजारों में बढ़ती अनिश्चितता की वजह से रुपया 68 पैसे टूटकर 91.65 प्रति डॉलर के अब तक के सबसे निचले स्तर पर बंद हुआ। RBI का आधिकारिक रेफरेंस रेट USD/INR के लिए 91.5500 था। रुपया बाजार में 91.65 पर बंद हुआ, जो रेफरेंस रेट से ऊपर था। हालांकि, जानकारों का मानना है कि रिजर्व बैंक के पास स्थिति को संभालने के लिए पर्याप्त भंडार है, लेकिन फिलहाल वैश्विक अनिश्चितता रुपये पर भारी पड़ रही है।

इससे पहले रुपये का सबसे निचला स्तर 16 दिसंबर 2025 को 91.14 रहा था। इस महीने रुपया 1.50% गिर चुका है। बुधवार को मुद्रा बाजार में रुपया 91.05 पर खुला था, लेकिन कारोबार के दौरान यह 91.74 के स्तर तक पहुंच गया था। अंत में यह पिछले बंद भाव से 68 पैसे गिरकर 91.65 पर बंद हुआ। पिछले साल 21 नवंबर (98 पैसे गिरा था) के बाद से यह रुपये की एक दिन की सबसे बड़ी गिरावट है।

82 हजार के नीचे फिसला सेंसेक्स

बुधवार को शेयर बाजार में काफी उथल-पुथल रही। सेंसेक्स और निफ्टी ने अपनी शुरुआती गिरावट को काफी हद तक कवर तो किया, लेकिन फिर भी लगातार तीसरे दिन बाजार लाल निशान में ही बंद हुआ। सेंसेक्स 82,000 से नीचे गिर गया। यह 270.84 अंक की गिरावट के साथ 81,909.63 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स 1,056 अंक तक गोता लगाकर 81,124.45 पर पहुंच गया था। वहीं, 50 शेयरों वाला निफ्टी 75 अंक (0.30%) गिरकर 25,157.50 पर बंद हुआ। मिडकैप इंडेक्स 1.01% और स्मॉलकैप इंडेक्स 0.80% तक लुढ़क गए।

इक्विटी में PF का पैसा, पहली बार 10 फीसदी पहुंचा EPFO का निवेश

■ **NBT रिपोर्ट :** कर्मचारियों के रिटायरमेंट फंड का मैनेजमेंट करने वाली संस्था EPFO (कर्मचारी भविष्य निधि संगठन) का शेयर बाजार (इक्विटी) में निवेश पहली बार 10% के स्तर पर पहुंच गया है। दरअसल, सरकारी बॉन्ड से मिलने वाले ब्याज (यील्ड) में लगातार गिरावट आ रही है। EPFO को अपने सदस्यों को हर साल ज्यादा ब्याज देना होता है। इसकी भरपाई करने के लिए EPFO अब शेयर बाजार में निवेश बढ़ाने के रास्ते तलाश रहा है। बता दें कि EPFO के कुल फंड का करीब 85% हिस्सा अभी भी सरकारी बॉन्ड में लगा हुआ है।

एक अधिकारी ने TOI को बताया, EPFO को अपनी नई जमा राशि का एक हिस्सा शेयर बाजार में लगाने की अनुमति है। हम इक्विटी में ज्यादा निवेश करने के लिए प्रतिबद्ध हैं और अब यह 10% की सीमा तक पहुंच गया है। रिटायरमेंट फंड संस्था को फिलहाल अपनी नई जमा राशि का 15% तक शेयर बाजार में लगाने की इजाजत है।

वित्त वर्ष 2024-25 (FY25) के लिए EPFO ने अपने सदस्यों को 8.25% ब्याज देने का ऐलान किया है। इसकी तुलना में 10 साल के सरकारी बॉन्ड पर औसत ब्याज सिर्फ 6.86% ही मिल रहा था। EPFO सीधे शेयर नहीं खरीदता, बल्कि वह सेंसेक्स और निफ्टी-50 पर आधारित एक्सचेंज ट्रेडेड फंड्स (ETFs) के जरिए निवेश करता है। EPFO ने अगस्त 2015 में नई जमा राशि का 5% निवेश करने से शुरुआत की थी। हालिया सुधारों के तहत, अब संस्था ने ETF की बिक्री से मिलने वाले मुनाफे का 50% हिस्सा फिर से शेयर बाजार में लगाने को मंजूरी दी है। साथ ही, रिडेम्पशन की समय सीमा को भी 4 साल से बढ़ाकर 7 साल कर दिया गया है।

यह कदम भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) की उस सलाह के बाद उठाया गया है, जिसमें EPFO को अपने निवेश और अकाउंटिंग के तौर-तरीकों को बेहतर बनाने के लिए कहा गया था। EPFO करीब 30 करोड़ कर्मचारियों की 25 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई का कस्टोडियन है।

AI Image

वजह क्या है?

- **रिटर्न का दबाव:** सरकारी बॉन्ड पर 6.86% ब्याज मिल रहा है, EPFO को अपने मेंबर्स को 8.25% रिटर्न देना है।
- **निवेश का तरीका:** EPFO सीधे शेयर न खरीदकर ETF (सेंसेक्स और निफ्टी) के जरिए पैसा लगाता है।
- **RBI की सलाह:** रिजर्व बैंक ने फंड मैनेजमेंट को और बेहतर और लचीला बनाने का सुझाव दिया है।

दुनिया में बवाल, नहीं थमेगी भारत की गतिः RBI बुलेटिन

AI Image

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** रिजर्व बैंक (RBI) ने बुधवार को जारी अपने जनवरी के बुलेटिन में कहा है कि अर्थव्यवस्था की मौजूदा हालत भविष्य के लिए उम्मीद जगाती है। दुनिया में बढ़ते राजनीतिक तनाव और अनिश्चितताओं के बावजूद, भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली बड़ी अर्थव्यवस्था बना रहेगा। रिपोर्ट के मुताबिक, साल 2026 की शुरुआत दुनिया में बढ़ते तनाव के साथ हुई है। वेनेजुएला से लेकर ग्रीनलैंड तक के विवादों के बावजूद भारत की घरेलू मांग और आर्थिक सुधार (लेबर कोड और टैक्स रिफॉर्म) इसे मजबूती दे रहे हैं। हालांकि, रुपये पर दबाव और विदेशी निवेशकों द्वारा पैसा निकालने जैसी चुनौतियां बनी हुई हैं।

ऑपरेशन सिंदूर के बाद बजट में ज्यादा दिखेगी डिफेंस की धमक?

Poonam.Pandey
@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली :** कुछ महीनों पहले हुए ऑपरेशन सिंदूर का असर क्या बजट में भी दिखेगा। क्या भारत की सशस्त्र सेनाओं की क्षमता और बढ़ाने के लिए इस बार बजट में ज्यादा प्रावधान किए जाएंगे। ये सवाल अपनी जगह है लेकिन भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी से लेकर दूसरे सेना के अधिकारी ये कहते रहे हैं कि सेनाओं को अपनी कैपेबिलिटी बढ़ाने के लिए कभी भी बजट की कमी नहीं होती है। बजट प्रावधान के इतर भी फंड मिलता रहा है।

सेंटर फॉर जॉइंट वॉरफेयर स्टडीज के डायरेक्टर जनरल मेजर जनरल अशोक कुमार (रिटायर्ड) कहते हैं कि कुछ समय पहले ही देश ने ऑपरेशन सिंदूर देखा है जिसमें भारत ने पाकिस्तान को बड़ी शिकस्त दी है। साथ ही यह भी महसूस किया कि हमें अपनी सैन्य क्षमता का काफी विस्तार करना होगा खासकर वायुसेना और नौसेना में।

हालांकि थल सेना में भी तरह तरह की बढ़ोतरी की जरूरत है। खासकर उन हथियारों को शामिल करने की जो मौजूदा युद्ध के लिए जरूरी हैं। जाहिर है कि इसमें काफी धन लगेगा, साथ ही ये भी जरूरी है कि इसी वार्षिक बजट में ही काफी धन दिया जाए जिससे सारे प्रोजेक्ट का शुरुआती दौर आगे बढ़ सके और जरूरत पड़ने पर अडिशनल बजट दिया जा सके।

मेजर जनरल अशोक कुमार ने कहा कि आम तौर पर 10 फर्सेंट के आसपास डिफेंस बजट में इजाफा होता है। लेकिन ये ज्यादातर बढ़े हुई रेवन्यू खर्चे और महंगाई के हिसाब से ही हो पाता है, कैपिटल बजट के लिए उतना पैसा नहीं बच पाता है। उम्मीद है कि जिस तरह से अमेरिका, चीन, पाकिस्तान ने अपने बजट में बेतहाशा बढ़ोतरी की है। भारत भी अपने रीजनल और इंटरनैशनल एक्सिपेशन को ध्यान में रखते हुए अपनी डिफेंस कैपेबिलिटी को बढ़ाने के लिए डिफेंस बजट में इजाफा करेगा।

FILE

काउंटडाउन बजट 2026 डिफेंस

बजट एलोकेशन (रुपये में)

2025- 6.81 लाख करोड़
2024- 6.21 लाख करोड़
2023 - 5.93 लाख करोड़

पिछले बजट में क्या था

पिछले साल डिफेंस बजट में मामूली बढ़ोतरी की गई थी। उस बढ़ोतरी में भी पेंशन का खर्चा ज्यादा था। आधुनिकीकरण बजट का 75 पर्सेंट घरेलू स्रोतों के जरिए खरीद के लिए आरक्षित किया गया था, जबकि घरेलू निजी उद्योगों से खरीद के लिए 25 फर्सेंट रुपये का प्रावधान किया गया था।

सबसे तेज़ तापमान परिवर्तन का रेकॉर्ड

आज ही के दिन 1943 में अमेरिका के साउथ डकोटा में कुदरत का अनोखा हमकदम हुआ था। दुनिया के सबसे तेज़ तापमान परिवर्तन का रेकॉर्ड बन गया। सुबह जमा देने वाली ठंड थी, तापमान -20 डिग्री सेल्सियस था, लेकिन 'चिनूक' नाम की गर्म हवाओं की वजह से करीब 2 मिनट के अंदर तापमान 27 डिग्री बढ़कर 7 डिग्री पहुंच गया। हालांकि, बदलाव ज्यादा नहीं टिका। मिनटों में तापमान फिर से नीचे भी चला गया।

NBT

Front Page-2

नवभारत टाइम्स। नई दिल्ली/एनसीआर

गुरुवार, 22 जनवरी 2026

आगे खुद को ठंडा रखेंगे स्मार्ट शहर

ChatGPT के अनुसार, भविष्य में धरती को ठंडा करने की तकनीकें विकसित होंगी। 'सोलर जियोइंजिनियरिंग' के जरिए आसमान में खास सूक्ष्म कण छिड़के जाएंगे ताकि वे सूर्य की किरणों को स्पेस में रिफ्लेक्ट कर सकें और धरती का तापमान न बढ़े। विशालकाय कार्बन सोखने वाली मशीनें लगाई जाएंगी, जो हवा से गर्मी बढ़ाने वाली गैसों को जमीन के नीचे दफन कर देंगी। ऐसे 'स्मार्ट शहर' होंगे, जिनकी इमारतें और सड़कें खुद को मौसम के अनुसार ठंडा रख सकेंगी।

AI Images

ईस्ट यूपी के गाज़ीपुर में 100 से ज्यादा बच्चों को ऐसी बीमारी कि बांधकर रखना पड़ रहा है

'पैदा तो स्वस्थ हुए थे, बुखार आया और दिमाग-शरीर सब ले गया'

■ विकास पाठक, वाराणसी

8 साल की प्रिया खेलने और स्कूल जाने के बजाय अपने घर में डोरियों से बंधी है। कमर के नीचे का हिस्सा और पैर सूख चुके हैं। कुछ बोलना, समझना तो दूर, पैर में बंधी डोरियां खुलते ही चलने, दौड़ने की कोशिश में गिरकर चोटिल हो जाती है। शरीर पर चोटों के तमाम निशान हैं। ऐसी ही हालत उसकी 5 साल की बहन परिधि की है। गाजीपुर के हरिहरपुर गांव की पूनम, सलोनी, रंभिता, रानू, सोनी, शिवम, राहुल और अभय जैसे कई बच्चे और किशोर हैं जो मानसिक और शारीरिक रूप से अक्षम हो चुके हैं।

NBT EXCLUSIVE

माता-पिता की आंखों में बेबसी है। वे कहते हैं, 'बच्चे पैदा तो पूरी तरह स्वस्थ हुए थे। कुछ महीने बाद बुखार आया और इनकी यह हालत हो गई। कई साल इलाज करवाने के बाद भी कोई सुधार नहीं हुआ, ना ही डॉक्टर कुछ स्पष्ट बता पा रहे हैं। हालात इतने बदतर हैं कि मानसिक संतुलन खो देने और शरीर पर काबू न रहने के कारण अपने इन बच्चों को ही रस्सियों और जंजीरों के सहारे बांधकर रखने को मजबूर हैं।

गाजीपुर के मनिहर, सदर, बहादीपुर, फतेहउल्लाहपुर, हरिहरपुर, धारीकला, तारडीह, राठौली सराय, सुहृदन, मौरहारा, बुढ़नपुर समेत दर्जनभर गांवों में ऐसे कई केस हैं। समाजसेवी सिद्धार्थ राय ने मामले को प्रमुखता से उठाया। फिर राजभवन और प्रशासन के हस्तक्षेप के बाद स्वास्थ्य विभाग की टीमें और ऐंबुलेंस इन गांवों में दौड़ने लगी हैं। बुखार के बाद लगातार झटके आना, मानसिक और शारीरिक अक्षमता से जूझ रहे 46 बच्चों की सूची प्रशासन को सौंपी गई है। ग्रामीणों का कहना है कि ऐसे बच्चे 100 से अधिक हैं। इनमें से 40 का इलाज BHU में किया जा चुका है, पर कोई राहत नहीं मिली है।

अक्षय

पूनम

कुलदीप

'नहर में बहाया जाता है केमिकल वाला पानी'

प्रभावित गांव करीब 5 किलोमीटर के दायरे में स्थित है और पास में ही बड़ा एसी और एनर्जी प्लांट लगा है। ग्रामीणों की मानें तो प्लांट से केमिकल युक्त पानी नहर में बहाया जाता है, जिससे भूजल प्रदूषित हो रहा है। प्रभावित गांवों के लोग हैंडपंप का पानी पीते हैं। हर घर नल योजना की पाइपलाइन तो बिछ गई है, लेकिन पानी नहीं आता है।

संभवतः गर्भावस्था में बुखार आने या तेज फीवर के कारण ऐसा हुआ हो। बेहतर इलाज कराएंगे। *-अविनाश कुमार, DM गाजीपुर*

सीएमओ से रिपोर्ट मांग ली गई है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्यवाही तय होगी। *- अमित घोष, प्रमुख सचिव स्वास्थ्य (यूपी)*

अब फोटो छपवाने का मौका भी

खबरों का ज्ञान

रोज़ की खबरों पर कितनी पैनी नज़र है, आज़माएं

1. सत अविमुक्तेश्वरानंद को किस पीठ का शंकराचार्य माना जाता है?
A. ज्योतिर्मठ B. गोवर्धन मठ C. शारदा मठ

2. कैबिनेट ने अटल पेंशन योजना को कब तक बढ़ाने की मंजूरी दी है?
A. 2026-27 तक B. 2030-31 तक C. 2035-36 तक

3. 2025 के 'इंदिरा गांधी शांति, निरस्त्रीकरण और विकास पुरस्कार' के लिए किसे चुना गया?
A. मो. यूनुस B. डॉनल्ड ट्रंप C. ग्रासा मशेल

4. जोमैटो (इटरनल) में किस पद से दीपिंदर गोयल का इस्तीफा?
A. CEO B. MD C. चेयरमैन

5. राम मंदिर ट्रस्ट के प्रमुख इनमें से कौन है?
A. रामभद्राचार्य B. नृत्य गोपाल दास C. हनुमान

कल के जवाब

A1 B. 45 वां A2 A. 1 अरब डॉलर A3 C. धानोरा A4 A. जोस मैनुअल अल्बेरेस A5 B. कर्नाटक

लकी विनर्स



1. करनवीर, द्वारका, नई दिल्ली
2. शशी कला बेहरा, गाजियाबाद
3. राकेश वशिष्ट, नई दिल्ली

ऐसे भेजें अपने जवाब

अपने नाम, शहर के साथ जवाब भेजें nbtreader@timesofindia.com पर, साथ में फोटो भी भेजें। सब्जेक्ट में KKG लिखें। हर दिन सभी सही जवाब देने वाले तीन चुनिंदा रीडर्स में से एक का फोटो और दो के नाम छापे जाएंगे। जवाब आज के पेपर की खबरों में ही छिपे हैं।

ट्रंप ने कहा, यूरोप सही दिशा में नहीं

ग्रीनलैंड, नाटो, रूस-यूक्रेन, भारत-पाकिस्तान, वेनेजुएला ...कई मुद्दों पर रखी बात

■ पीटीआई, दावोस (स्विट्जरलैंड)

अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने वर्ल्ड इकनॉमिक फोरम के मंच से यूरोपीय देशों को आड़े हाथ लिया। ट्रंप ने कहा कि मैं यूरोप को अच्छा करते देखना चाहता हूं, लेकिन वह अभी सही दिशा में नहीं जा रहा है। वहां इमिग्रेशन पर ट्रंप ने कहा कि यूरोप दूसरों से पूरी तरह अलग आबादी ला रहा है। सच कहूं तो यूरोप के कुछ इलाके अब पहचाने लायक नहीं हैं। यूरोप की इमिग्रेशन और इकनॉमिक पॉलिसी नाकाम हो चुकी हैं। यूरोप वही करे, जो अमेरिका कर रहा है।

'US पर हमला तो भरोसेमंद नाटो रक्षा को आएगा'

टैरिफ से विकास: ट्रंप ने कहा कि अमेरिका इस धरती का इकनॉमिक इंजन है। जब अमेरिका में तेजी आती है, तो पूरी दुनिया में तेजी आती है। यह इतिहास रहा है, जब हालात खराब होते हैं, तो सभी देश भी हमारे साथ नीचे जाते हैं। मेरे कार्यकाल में महंगाई घटी है और विकास ऐसा है, जैसा पहले कभी किसी ने नहीं देखा। इसकी वजह देशों पर लगाए गए टैरिफ हैं, जिससे कि उनके कारण हुए नुकसान की भरपाई हो सके।

वेनेजुएला पैसा बनाएगा: ट्रंप ने कहा, वेनेजुएला वर्षों तक शानदार जगह थी, लेकिन अपनी नीतियों की वजह से खराब हो गई। हम मदद कर रहे हैं। अमेरिका और वेनेजुएला में 5 करोड़ बैरल तेल का समझौता हुआ है। अमेरिका अपनी बड़ी तेल कंपनियों को वेनेजुएला में लाएगा। दोनों देश मिलकर तेल की कमाई को बांट लेंगे। वेनेजुएला छह महीनों में पिछले 20 वर्षों से ज्यादा पैसा बनाएगा।

कनाडा पर चुटकी: ट्रंप ने कहा कि कनाडा को अमेरिका से काफी कुछ मुफ्त मिलता है। इसके लिए उसे आभारी होना चाहिए, लेकिन नहीं है। कनाडाई पीएम अगली बार बयान देते वक्त याद रखें।

नाटो पर सवाल: अमेरिका हमेशा सहयोगी देशों संग मजबूती से खड़ा रहता है। पर मुझे भरोसा नहीं है कि NATO देश अमेरिका के लिए भी वैसा ही करेंगे।

वर्ल्ड इकनॉमिक फोरम में...

- अमेरिका धरती का इकनॉमिक इंजन, जब अमेरिका में तेजी आती है तो दुनिया में तेजी आती है।
- कनाडा अमेरिका की वजह से चल रहा है, उन्हें इसका आभारी होना चाहिए, लेकिन नहीं है।
- दोहराया-मई में भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष को रुकवाया था।
- सोमालिया के लोगों को 'कम बुद्धि वाले' और 'समुद्री डाकू' बताया।
- 'यूरोप के मूर्खों' को पवनचक्कियों बेचकर चीन पैसा कमा रहा है, पर चीन में पवनचक्की नहीं दिखती।

'अमेरिका मूर्ख था, ग्रीनलैंड जीतकर डेनमार्क को सौंपा'

70 मिनट लंबे भाषण में ट्रंप ने दावा किया कि दूसरे विश्व युद्ध में जर्मनी, इटली और जापान से डेनमार्क हार गया था। तब अमेरिका ने मोर्चा संभाला और ग्रीनलैंड को जीत पाई। लेकिन, अमेरिका कितना मूर्ख था कि उसे वापस डेनमार्क को सौंप दिया। अमेरिका को ग्रीनलैंड को अपने पास रखना चाहिए था। ट्रंप ने ग्रीनलैंड को कई बार आइसलैंड कहा। जानकार कहते हैं, ग्रीनलैंड कभी भी अमेरिकी कब्जे में नहीं था, न ही अमेरिका ने उसे डेनमार्क को सौंपा।

भारत-पाकिस्तान संघर्ष रुकवाने का फिर दावा

ट्रंप ने फिर कहा कि मैंने कई अन्य युद्धों की तरह पिछले साल मई में भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष रुकवाया था। ट्रंप ने पिछले साल 10 मई के बाद से अबतक 80 से ज्यादा बार यह श्रेय लेने की कोशिश की है। रूस-यूक्रेन जंग पर ट्रंप ने कहा कि पुतिन और जेलेंस्की समझदार हुए तो आपसी सहमति से समझौता कर लेंगे। अगर वे ऐसा नहीं करते, तो मूर्ख हैं। वैसे भी इस युद्ध की जिम्मेदारी यूरोप की होनी चाहिए। अमेरिका बहुत दूर है।

मैक्रों के नीले चश्मे पर चुटकी, कहा-क्यों पहन रहे हैं

'बोर्ड की ज़रूरत न पड़ती, अगर UN काम करता'

■ पीटीआई, न्यू यॉर्क/वॉशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने कहा है कि संयुक्त राष्ट्र ने कभी भी क्षमता के अनुसार काम नहीं किया। अगर उसने प्रभावी भूमिका निभाई होती तो गाजा के लिए 'बोर्ड ऑफ पीस' की जरूरत ही ना पड़ती। ट्रंप ने संकेत दिए कि नवगठित 'बोर्ड ऑफ पीस' संयुक्त राष्ट्र की जगह ले सकता है, जिसका पहले भी कई आलोचक डर जताते रहे हैं।

ट्रंप ने गाजा में रीडिवेलपमेंट में मदद के लिए 'बोर्ड ऑफ पीस' गठित किया है। जब उनसे पूछा गया कि 'बोर्ड ऑफ पीस' संयुक्त राष्ट्र का स्थान लेगा तो ट्रंप ने कहा, 'यह हो सकता है। संयुक्त राष्ट्र बहुत मदद्गार साबित नहीं हुआ है। मैं उसका बड़ा समर्थक हूं, लेकिन वह कभी अपनी पूरी क्षमता के अनुसार काम नहीं कर पाया।' ट्रंप ने कहा कि मैंने अपने दूसरे कार्यकाल के पहले वर्ष में 8 जंगों को सुलझाया, लेकिन संयुक्त राष्ट्र ने किसी भी युद्ध में मेरी मदद नहीं की। मैं उन्हें दोष नहीं दे रहा हूं। ...लेकिन मैंने प्रधानमंत्रियों, राष्ट्रपतियों को एक साथ बैठाया, हमने सख्ती से बात की, आपसी सहमति बनाई और वे मुझे पसंद करने लगे। संयुक्त राष्ट्र को उन सभी युद्धों को सुलझाना चाहिए था, जिन्हें मैंने सुलझाया।

'संयुक्त राष्ट्र को उन सभी युद्धों को सुलझाना चाहिए था, जिन्हें मैंने सुलझाया। ...हर जंग को रोकने के लिए नोबेल शांति पुरस्कार मिलना चाहिए था।' *- डॉनल्ड ट्रंप (दूसरे कार्यकाल के एक साल पर)*

'बोर्ड' में शामिल होंगे इस्राइल, पाकिस्तान

इस्राइल (Israel) के प्रधानमंत्री बेन्यामिन नेतन्याहू (Benjamin Netanyahu) ने बुधवार को कहा कि हमने ट्रंप के 'बोर्ड ऑफ पीस' में शामिल होने के लिए सहमति दे दी है। नेतन्याहू की यह घोषणा उनके पुराने रुख के उलट है। नेतन्याहू ने इस बोर्ड में प्रतिष्ठित देशों तुर्किये और कतर को शामिल होने का न्योता भेजने का विरोध किया था। पाकिस्तान ने भी पीस बोर्ड में शामिल होने का ऐलान किया और कहा कि हमें उम्मीद है कि इससे स्थायी सीजफायर लागू होगा और फलस्तीनियों को मदद पहुंचेगी। लेकिन चीन ने इस बोर्ड में शामिल होने पर ऐतराज जताया और संयुक्त राष्ट्र के प्रति प्रतिबद्धता जाहिर की।

ट्रंप के खिलाफ यूरोपीय नेता एकजुट हुए

यूरोपीय संघ टैक्स लगाकर जवाबी कार्रवाई शुरू कर सकता है। इसके तहत यूरोप अपने यहां अमेरिकी सामानों के आयात पर रोक लगा सकता है। *-इमैनुएल मैक्रों, फ्रांस*

ग्रीनलैंड को कब्जे में लेने की कोशिश और ग्रीनलैंड समर्थकों पर 10% टैरिफ लगाने की धमकियां दिया जाना यूरोप की सुरक्षा, समृद्धि और सिद्धांतों के लिए चुनौती है। *-एंटोनियो कोस्टा, ईयू*

टैरिफ को हथियार बनाकर दबाव बनाया जा रहा है, वित्तीय सिस्टम के जरिए देशों को मजबूर किया जा रहा है, सप्लाई चेन की कमजोरियों का इस्तेमाल हो रहा है। *-मार्क कार्नी, कनाडा*

SPEED News

इंदिरा गांधी शांति पुरस्कार की घोषणा

अंतरराष्ट्रीय जूरी ने 2025 का यह सम्मान अफ्रीकी नेता और समाजसेवी ग्रासा मशेल को देने का फैसला किया है।

जापान के पूर्व पीएम की हत्या में उम्र कैद

2022 में प्रचार के दौरान शिंजो आबे की हत्या का अपराध कबूल करने वाले तेत्सुया यामागामी (45) को अदालत ने उम्र कैद दी है।

साउथ कोरिया के पूर्व पीएम को मिली सजा

पूर्व पीएम हान डक-सू को 23 साल की सजा सुनाई गई है। पूर्व राष्ट्रपति के मार्शल लॉ लगाने में मदद करने के लिए सजा मिली है।

अमेरिका को ईरान की धमकी, जवाब देंगे

ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि अगर हम पर हमला हुआ तो अपने पास मौजूद हर ताकत से जवाब देंगे।

SPEED News पर आप अपनी राय हमें 9220747220 पर वट्सऐप करके बताएं।

IMF चीफ से वैष्णव: 'दूसरे दर्जे का नहीं, AI में टॉप देशों में है भारत'

■ NBT रिपोर्ट

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने विश्व आर्थिक मंच (WEF) में आर्टिफिशल इंटेलिजेंस पर IMF की चीफ क्रिस्टालिना जार्जीवा (Kristalina Georgieva) के आकलन को खारिज किया है। आईएमएफ चीफ ने भारत को 'सेकंड-टियर' की AI अर्थव्यवस्था बताया था। वैष्णव ने पलटवार में कहा कि भारत टॉप AI देशों में शामिल है और इसके पूरे इकोसिस्टम पर काम कर रहा है।

AI पर IMF चीफ की रेटिंग पूरी तरह खारिज

आपकी सेकंड टियर वाली रेटिंग सही नहीं है। भारत पहली कैटिगरी में है और AI के पूरे इकोसिस्टम में काम कर रहा है। *-अश्विनी वैष्णव, केंद्रीय मंत्री (दावोस में)*

स्विट्जरलैंड के दावोस में IMF की एमडी ने AI की तैयारी पर देशों का इंडेक्स जारी किया। इसमें उन्होंने देशों को तीन कैटिगरी में बांटा है। इनमें वे देश भी शामिल हैं, जो बदलाव ला रहे हैं। दूसरे वे जो केवल देख रहे हैं और बदलाव से बेखबर हैं। इस लिस्ट में अमेरिका, डेनमार्क सिंगापुर को पहली कैटिगरी में रखा गया। भारत को उभरते बाजारों वाली दूसरी कैटिगरी में रखा गया।

'रेटिंग सही नहीं है'

वैष्णव ने कहा, 'मुझे नहीं पता IMF के मानदंड क्या हैं, लेकिन स्टैंडर्डज़ के मुताबिक AI की पैठ, इसकी तैयारी और AI टैलेंट के लिहाज से भारत दुनिया में तीसरे स्थान पर है। उन्होंने आईएमएफ चीफ से सीधे कहा कि आपकी 'सेकंड टियर' वाली रेटिंग सही नहीं है। भारत पहली कैटिगरी में है।

स्पेन और भारत आतंकवाद के पीड़ित: जयशंकर

स्पेन के विदेश मंत्री अलेहंद्रो के साथ एस. जयशंकर।

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बुधवार को स्पेन के विदेश मंत्री जोस मैनुअल अल्बेरेस (Jose Manuel Albares) के साथ मुलाकात आतंकवाद, आर्थिक साझेदारी समेत कई मुद्दों पर चर्चा की। जयशंकर ने कहा, दुनिया बड़े बदलाव से गुजर रही है। देशों के लिए साझा चुनौतियों पर मिलकर काम करना पहले से कहीं ज्यादा जरूरी हो गया है। जयशंकर ने भारत और स्पेन-दोनों को आतंकवाद का 'पीड़ित' बताया और कहा कि दुनिया को आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस दिखाना चाहिए।

आर्थिक साझेदारी बढ़ाने समेत कई मुद्दों पर हुई चर्चा

भारतवंशी ऐस्ट्रोनॉट भारत दौरे पर

आसमान से ऊंची उड़ान सुनीता रिटायर

भारतवंशी ऐस्ट्रोनॉट सुनीता विलियम्स अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा से रिटायर हो गई हैं। अपने 27 साल के करियर में 60 वर्षीय सुनीता ने स्पेस में 608 दिन बिताए, इंटरनैशनल स्पेस स्टेशन पर तीन मिशन पूरे किए, इस दौरान 9 स्पेस वॉक भी किए। उनकी अंतरिक्ष की उड़ान पर एक नजर...

अंतरिक्ष से पृथ्वी एक ग्रह के रूप में देखी जाती है। इंसानों का आपस में बहस करना या मुद्दों पर इनका मतभेद व्यर्थ लगता है।

नासा की पूर्व ऐस्ट्रोनॉट ने IIT दिल्ली में स्टूडेंट्स के बीच अपने अनुभव साझा किए।

सबसे अधिक समय तक स्पेसवॉक

सुनीता 27 साल पहले 1998 में नासा से जुड़ी थीं। पहली बार वह 9 दिसंबर 2006 को स्पेस में गई थीं। कुल 608 दिन अंतरिक्ष में बिताए, जो NASA के किसी ऐस्ट्रोनॉट की स्पेस में बिताई दूसरी बड़ी अवधि है। अपनी 9 स्पेस वॉक में उन्होंने 62 घंटे 6 मिनट अंतरिक्ष में चहलकदमी की। किसी भी महिला अंतरिक्ष यात्री के लिए यह रेकॉर्ड है।

पहला मिशन

2006 में स्पेस शटल डिस्कवरी पर पहली उड़ान भरी, स्पेस शटल अटलांटिस पर लौटी। 'फ्लाइट इंजीनियर' के रूप में चार स्पेस वॉक की।

दूसरा मिशन

2012 में 127 दिन के मिशन के लिए उड़ान भरी। स्पेस स्टेशन में कमांडर के रूप में सेवाएं दीं। रिसाव ठीक करने के लिए 3 'स्पेसवॉक' कीं।

तीसरा मिशन

जून 2024 में स्टारलाइनर से 8 दिन के मिशन पर उड़ान भरी। लेकिन खराबी से वापसी में 9 महीने से ज्यादा का समय लगा।

पिता गुजराती, मां स्लोवेनियाई: सुनीता का जन्म 19 सितंबर 1965 को अमेरिका में ओहायो के यूक्लिड में हुआ था। पिता दीपक पड्या गुजराती थे, मां उर्सुलिन स्लोवेनिया की थीं।

'स्पेस में भारतीय खाना शेयर करना अद्भुत अनुभव'

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: IIT दिल्ली के स्टूडेंट्स के लिए मंगलवार का दिन यादगार बना, अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स उनके बीच पहुंचीं। इस दौरान सुनीता विलियम्स ने अपनी अंतरिक्ष यात्रा के अनुभव स्टूडेंट्स के बीच रखे। पृथ्वी को अंतरिक्ष से देखने के अनुभव पर उन्होंने कहा, ऊपर से पृथ्वी को देखने पर अलग ही दृष्टिकोण मिलता है। तब अहसास होता है कि हम सब एक ही ग्रह पर जुड़े हुए हैं और सीमाएं अर्थहीन लगने लगती हैं। अंतरिक्ष में भारतीय भोजन से जुड़ी याद साझा करते हुए उन्होंने कहा, स्पेस में भारतीय खाने का फैक्ट खोलना बहुत अविश्वसनीय था। जो बात इसे खास बनाती है, वह है इसे अपने क्रू मेंबर्स के साथ शेयर करना। खाना लोगों को साथ लाने का तरीका है, यहां तक कि ऑर्बिट में भी।

IIT दिल्ली में स्टूडेंट्स संग साझा किए अपने अनुभव

आईआईटी में 'द मेकिंग ऑफ एन एस्ट्रोनॉट': सुनीता विलियम्स की अंतरिक्ष यात्रा' विषय पर उन्होंने अपने हालिया अंतरिक्ष के अनुभव को साझा किया। उन्होंने कहा, मानव अंतरिक्ष उड़ान के लिए यह बेहद रोमांचक समय है। हर नया मिशन चुनौतियों से भरा होता है।।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 22-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH02 User: cci Time: 01-21-2026 22:12 Color:

शहदाद दौलतपुर। रमेश नगर। लक्ष्मी नगर। लाजवंती गार्डन। जहांगीरपुरी। वसंत कुंज। वजीराबाद। पश्चिम विहार। कीर्ति नगर। सफदरजंग एनक्लेव। महरौली। मायापुरी। शक्ति नगर। राजेंद्र नगर। पहाड़गंज। नारायणा। मौजपुर। मियांवली। कालकाजी। नांगल राया। सरिता विहार। प्रीत विहार। वसंत विहार। ⇨⇨

सारी सुविधाएं पास थीं, फिर कैसे डूब गए

रिस्क एसेसमेंट से रेस्क्यू तक, हर मोर्चे पर सवाल

इंजिनियर की डूबी कार की तलाश के लिए बड़े स्तर पर सर्च ऑपरेशन चला था

Brijesh.Singh@timesofindia.com

■ नई दिल्ली : डूबते हुए व्यक्ति को बचाने के लिए आपदा प्रबंधन की पूरी एसओपी है। नोएडा में युवक के डूबते समय उसे बचाने के लिए पर्याप्त समय था। पूरी मशीनरी घटनास्थल पर पहुंच हुई थी। उसके बावजूद जान बचाने को गुहार लगा रहे युवक को बचाने में एजेंसियों के नाकाम रहने से आपदा प्रबंधन एक्सपर्ट्स भी हैरान हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक, यह घटना एक सबक की तरह है कि आखिर चूक कैसे हुई, क्योंकि फायर डिपार्टमेंट जो कि ऐसी घटनाओं में पहला रिस्पांडर होता है, उसकी गाड़ी में बचाव के लिए रस्सी और सीढ़ी, दोनों मौजूद रहते हैं।

विशेषज्ञों ने बताया कि डूबने जैसी आपदा के दौरान राहत और बचाव के लिए सबसे पहले इमरजेंसी नंबर 112 पर कॉल करना जरूरी है, ताकि इसमें मदद करने वाली अन्य एजेंसियों को तुरंत अलर्ट किया जा सके। उसके बाद फायर सर्विस, सिविल डिफेंस (आपदा मित्र), गोताखोरों को कॉल किया जाता है। डूबते व्यक्ति को बचाने के लिए बोट और गोताखोरों की तैनाती की जाती है। फायर डिपार्टमेंट की हर गाड़ी में रस्सी और सैडर (सीढ़ियां) होती है, जिससे बचाव कार्य किया जाता है। नोएडा की घटना में युवक की लोकेशन भी पता थी, फायर की गाड़ी भी मौके पर थी, उसके बाद भी उसे बचाने के लिए कोई पानी में नहीं उतरा, इस पर एक्सपर्ट्स ने भी हैरानी जताई है।

नोएडा की घटना से डिजास्टर एक्सपर्ट भी हैरान

सही इक्विपमेंट के प्रयोग में देरी क्यों?: विशेषज्ञों ने बताया कि उसी लोकेशन से गाड़ी को क्रेन के जरिए निकाला गया, तो फिर युवक को उस दिन पर्याप्त समय होने के बाद भी क्यों नहीं निकाला जा सका? नोएडा एक हाईटेक मेट्रो सिटी है। यहां आसपास कई बड़े बिल्डर्स के प्रोजेक्ट चल रहे हैं, जिनके पास बड़ी-बड़ी क्रेनें और अन्य मशीनरी होती है। फिर नोएडा की आपदा प्रबंधन टीम के पास ऐसे रिसोर्सेज का डेटा उपलब्ध क्यों नहीं था? और अगर था, तो फिर उसे युवक को निकालने के लिए यूज क्यों नहीं किया गया?

गोल्डन आवर्स का सही प्रयोग नहीं

वाइल्डलाइंस के मुताबिक, आपदा के शुरुआती कुछ मिनट गोल्डन आवर्स की तरह होते हैं। जैसे पुलिस की कॉल होने पर पीसीआर 5 से 7 मिनट में मौके पर पहुंच जाए। फायर विभाग को कॉल करने पर वह भी 5-10 मिनट में पहुंचे। विशेषज्ञ मानते हैं कि नोएडा की घटना में जरूर रिस्पॉन्स में बहुत देरी हुई, बचाव कार्य के दौरान भी कई कमियां रहीं, जिसके चलते यह हादसा हुआ।

कहां हुई चूक...

1. **रिस्क एसेसमेंट:** डिजास्टर मैनेजमेंट एक्ट में 2025 में दिए गए संशोधन के मुताबिक, अब रिस्क असेसमेंट करना जरूरी है। यह हर विभाग को करना है, जिससे आपदा की नौबत ही न आए। नोएडा में पहली गलती यही हुई। सवाल उठ रहा है कि जब स्थानीय जन प्रतिनिधि ने चिट्ठी लिखकर यह हादसे की आशंका जताई थी, तो उसके बाद भी घटनास्थल का रिस्क का असेसमेंट लोकल अथॉरिटी की ओर से क्यों नहीं किया गया?
2. **प्रशिक्षण की कमी:** एक्सपर्ट्स का मानना है कि पर्याप्त समय, स्टर्न डिपार्टमेंट और सभी इक्विपमेंट मौजूद होने के बाद भी अगर युवक को बचाने की कोशिश तक नहीं की गई, तो यह प्रशिक्षण की कमी की तरफ भी इशारा करता है। इससे पता चलता है कि आपदा प्रबंधन ट्रेनिंग के नाम पर सिर्फ खानापूर्ती हो रही है।
3. **संसाधनों का सही प्रयोग नहीं:** एक्शन में अथॉरिटी को सभी सरकारी और निजी रिसोर्सेज का पता होना चाहिए। इस घटना में 'आपदा मित्र' भी कहीं नजर नहीं आए।

नोएडा की घटना से सबक

1. **प्रशिक्षण जरूरी:** आपदा प्रबंधन का प्लान सिर्फ कागजों पर नहीं होना चाहिए। समय-समय पर मॉक ड्रिल होती रहनी चाहिए, ताकि मशीनरी से सबक लेकर उन्हें सुधारा जा सके। साथ ही अपनी क्षमताओं का सही आकलन करके उनमें बढ़ोतरी की जा सके।
2. **कम्युनिकेशन और कॉर्डिनेशन:** किसी भी आपदा में शुरुआती कुछ मिनट्स गोल्डन आवर्स जैसे होते हैं। चूंकि, आपदा प्रबंधन में विभिन्न एजेंसियों की भागीदारी होती है, तो सही समय पर सही विभागों के साथ कम्युनिकेशन और कॉर्डिनेशन बहुत जरूरी है। आपदा के समय राहत और बचाव कार्य में इससे काफी मदद मिलती है।
3. **हर विभाग में आपदा टीम:** नोएडा की घटना से सबक लेते हुए अब सभी विभागों के अंदर आपदा प्रबंधन के लिए एक अलग टीम तैनात होनी चाहिए। उन्हें खासतौर पर ऐसी आपदाओं से निपटने के लिए विशेष रूप से तैयार किया जाना चाहिए और इसके लिए उचित प्रशिक्षण मिलना चाहिए।

क्या बोले विशेषज्ञ...

नोएडा की घटना में समय होने के बाद भी युवक को नहीं बचा पाना दुखद है। आपदा को रोकने के लिए रिस्क एसेसमेंट के नियमों का पालन किया जाना चाहिए। यहां पहले से घटना हुई थी, तो समस्या को दूर क्यों नहीं किया गया? आपदा प्रबंधन की तैयारी पहले से क्यों नहीं की गई? यहां दोनों मोर्चों पर नाकामी नजर आती है। - कृष्ण कुमार, आईएएस, पूर्व सीईओ, DDMA

डूबते को बचाने में दिल्ली कितनी तैयार?

संसाधनों और सिस्टम की पड़ताल

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

दिल्ली डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी (DDMA) का दावा है कि नोएडा जैसी घटना अगर दिल्ली में होती है, तो यहां डीडीएमए के पास राहत और बचाव के लिए पर्याप्त संसाधन और ट्रेंड गोताखोर मौजूद हैं। दिल्ली में करीब 1500 प्रशिक्षित 'आपदा मित्र' भी उपलब्ध हैं, जो किसी भी आपदा की स्थिति को संभालने के लिए एक कॉल पर उपलब्ध हैं। दिल्ली के पास डूबते हुए या डूबे हुए व्यक्ति को बचाने के लिए फायर डिपार्टमेंट के अलावा एक बोट क्लब भी है। वजीराबाद में पुराने पुल के पास स्थित इस बोट क्लब में कुल 14 मोटर बोट्स हैं। उनके साथ 18 स्थायी प्रोफेशनल गोताखोरों की टीम तैनात रहती है। हर आपात स्थिति में 30 गोताखोर उनके पैनल पर होते हैं।

उपलब्ध संसाधनों का डेटा बैंक: डीडीएमए का नैशनल इंस्टिट्यूट ऑफ डिजास्टर मैनेजमेंट (NIDM) के साथ ही अपना एक स्पेशल डिजास्टर रिस्पॉन्स नेटवर्क (SDRN) पोर्टल भी है, जहां पर दिल्ली में किसी भी तरह की आपदा के समय इस्तेमाल करने के लिए सरकारी और निजी, हर स्तर पर उपलब्ध आधुनिक मशीनें, क्रेन, अस्पताल, एंबुलेंस समेत अन्य चीजों की जानकारियां एक जगह उपलब्ध होती हैं।

File Photo

डूबते को बचाने के लिए दिल्ली के पास है

18	14	1800	61
गोताखोर	बोट	आपदा मित्र	लोगों की जान बचाई 2025 में

बचाने के लिए क्या है SOP?

1. सूचना मिलते ही राहत और बचाव कार्य शुरू करने के लिए सबसे पहले बोट क्लब कंट्रोल रूम को सूचित किया जाता है। सिविल डिफेंस (आपदा मित्र) और फायर विभाग को भी बुलाया जाता है। उसके साथ ही गोताखोरों की टीम बुलाकर बचाव कार्य शुरू किया जाता है।
2. मौके पर कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए लोकल पुलिस की टीम को भी बुलाया जाता है।
3. लखनऊ जिले के CDMO को सूचित किया जाता है, जिन्हें मेडिकल सुविधाएं यानि एंबुलेंस, ट्रॉमा सेंटर बेड, की व्यवस्था करनी होती है।
4. घटना कितनी बड़ी है, उसके हिसाब से फायर डिपार्टमेंट और गोताखोरों के अलावा जरूरत पड़ने पर NDRF की टीम को मौके पर बुलाया जाता है।
5. ज्यादा बड़ी घटना होने पर घटना की जगह पर ही एक कंट्रोल रूम भी स्थापित किया जाता है।
6. अंत में क्विक रिस्पॉन्स टीम इंसिडेंट रिपोर्ट तैयार करने के लिए घटनास्थल पर पहुंचती है।

यहां बच्चे जान हथेली पर लेकर पहुंच रहे हैं स्कूल

Photos: Surender Kumar

बच्चे सीवर के पानी की बदबू और जलभराव के बीच से निकलते हुए स्कूल जाते हैं

किराड़ी के सरकारी स्कूल में भरा गंदा पानी

■ राजेश पोद्दार, किराड़ी

दिल्ली में एक इलाका ऐसा भी है, जहां की बदहाली की वजह से यहां रहने वाले लोग और स्कूली बच्चे दोनों परेशान हैं। हम बात कर रहे हैं किराड़ी की, यहां लोग सीवर की बदबू के बीच जीने को मजबूर हैं और बच्चे उसी बदबू, जलभराव के बीच से निकलते हुए स्कूल जाते हैं।

यहां की गलियों और घरों में महीनों से सीवर का बदबूदार पानी भरा हुआ है। इससे भी ज्यादा चिंता की बात यह है कि इसी इलाके में बने सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों का भविष्य भी दांव पर लगा हुआ है। इलाके में स्थित सरकारी स्कूल के परिसर में घुटनों तक सीवर का पानी भरा है। स्कूल के भीतर भी हर तरफ बदबू फैली हुई है। हालात ऐसे हैं कि छोटे-छोटे बच्चे क्लासरूम की खिड़कियां बंद कर पढ़ाई करने की कोशिश करते हैं। बच्चों का कहना है कि उन्हें ऐसा महसूस होता है जैसे वे लैदफिल साइट पर बैठकर पढ़ाई कर रहे हों।

NBT फॉलोअप

पास ही बने दो सरकारी स्कूलों में, दोनों शिफ्ट मिलाकर एक समय में करीब 2000 से ज्यादा बच्चे मौजूद रहते हैं। गवर्नमेंट सीनियर सेकंडरी स्कूल नंबर-2 में भी घुटनों तक पानी भरा हुआ है। स्कूल के कुछ टीचरों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि यह स्थिति पिछले पांच साल से बनी हुई है। पहले सिर्फ स्कूल परिसर में पानी भरा होता था, लेकिन अब पानी क्लासरूम के फर्श तक पहुंच जाता है, तो बच्चों को मजबूरी में फर्स्ट फ्लोर पर बैठाया जाता है। पानी भरे होने से बड़ी-बड़ी झाड़ियां उग आई हैं।

बच्चों की हेल्थ पर भी असर

लोगों का कहना है कि स्कूल के भीतर कुछ क्लासरूम को खतरनाक घोषित किया जा चुका है। हैरानी की बात यह है कि ये क्लासरूम महज 10 साल पहले ही बनाए गए थे, लेकिन लगातार पानी भरे रहने के कारण एक पूरी बिल्डिंग को डैमेज घोषित करना पड़ा। हालत को और भयावह बनाती है स्कूल से महज 200 मीटर की दूरी पर मौजूद लैंडफिल साइट। इससे उठती बदबू क्लासरूम तक पहुंचती है। इसका असर बच्चों की सेहत पर भी साफ दिखाई दे रहा है। कई बच्चे सांस से जुड़ी समस्याओं से जूझ रहे हैं। एक टीचर ने बताया कि हालात को देखते हुए हर 15 से 20 दिनों में डॉक्टरों की टीम को स्कूल बुलाना पड़ता है, ताकि बच्चों को दवाइयां दी जा सकें।

पानी क्लासरूम के फर्श तक पहुंच जाता है

दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति
पर्यावरण विभाग, (दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र सरकार)
तीसरी मंजिल, आईटी पार्क, डीएमआरसी बिल्डिंग,
शास्त्री पार्क, दिल्ली-110053
हमसे मिलें: http://dpcc.delhigovt.nic.in

सं. DPCC/(3)(2)(46)/Admn-19/5588 दिनांक: 21/01/2026

दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति में प्रतिनियुक्ति (अल्पावधि अनुबंध सहित) पर विभिन्न पदों की भर्ती के लिए निरंतर विज्ञापन

दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र सरकार की दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (DPCC) प्रतिनियुक्ति (अल्पावधि अनुबंध सहित) पर भरे जाने वाले निम्नलिखित पदों के लिए आवेदन आमंत्रित करती है। केंद्र/राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र/मान्यता प्राप्त अनुसंधान संस्थान/स्वायत्त निकायों/सांविधिक निकायों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में कार्यरत पात्र अधिकारी/पदाधिकारी आवेदन कर सकते हैं:-

क्रम सं.	पद का नाम	पद का स्तर	पात्रता	पदों की संख्या (संभावित)
1	वरिष्ठ पर्यावरण अभियंता	लेवल-12	पात्रता डी.पी.सी.सी. वेबसाइट पर उपलब्ध परिपत्र में उल्लिखित है।	06
2	पर्यावरण अभियंता	लेवल-11		13
3	सहायक पर्यावरण अभियंता	लेवल - 10		11
4	वरिष्ठ वैज्ञानिक एल-I (वैज्ञानिक-सी)	लेवल-11		01
5	वैज्ञानिक-बी	लेवल-10		01
6	वैज्ञानिक सहायक	लेवल-6		03
7	वरिष्ठ प्रयोगशाला सहायक	लेवल-4		05
8	सहायक विधि अधिकारी	लेवल-7		01
9	विधि सहायक	लेवल-6		05
10	प्रोग्रामर	लेवल-10		01
			कुल	47

विस्तृत जानकारी डी.पी.सी.सी. वेबसाइट www.dpcc.delhigovt.nic.in पर "कार्यालय आदेश और परिपत्र" शीर्षक के तहत देखी जा सकती है। वेबसाइट पर उपलब्ध निर्धारित प्रारूप में आवेदन (उचित माध्यम से) प्रशासनिक अधिकारी, डी.पी.सी.सी., तीसरी मंजिल, आईटी पार्क, डीएमआरसी बिल्डिंग, शास्त्री पार्क, दिल्ली-110053 को प्रस्तुत किए जा सकते हैं।

यह एक निरंतर विज्ञापन है और 31 जनवरी, 2026 तक प्राप्त सभी आवेदनों पर पहले चरण में विचार किया जाएगा, 15 फरवरी, 2026 तक प्राप्त आवेदनों पर दूसरे चरण में विचार किया जाएगा और 28 फरवरी, 2026 तक प्राप्त आवेदनों पर तीसरे चरण में विचार किया जाएगा।

भर्ती से संबंधित प्रासंगिक जानकारी समय-समय पर डी.पी.सी.सी. वेबसाइट पर सूचित की जाएगी।

हस्ताक्षर/-
सदस्य सचिव
डीपीसीसी

DELHI BUILDING & OTHER CONSTRUCTION WORKERS WELFARE BOARD
GOVERNMENT OF NCT OF DELHI
A-WING, 7TH FLOOR, VIKAS BHAWAN-II, CIVIL LINES, DELHI-110054

NOTICE INVITING EXPRESSION OF INTERST (EoI) FOR EMPANELMENT OF IMPLEMENTING AGENCIES

Delhi Building and Other Construction Workers Welfare Board (DBOCWW Board) invites applications from eligible partner Agencies for their empanelment as Training partner for Skill Development of Registered Workers of the Board under the Recognition of Prior Learning scheme.

Interested organizations can submit their application online in the prescribed format (can be downloaded from https://eprocure.gov.in) along with supporting document latest by 29/01/2026 up to 17.00 Hrs.

For more details, visit https://eprocure.gov.in

Sd/-
Secretary,
DBOCWW Board
A-wing, 7th Floor, Vikas Bhawan-II, Civil Lines, Delhi-110054

DIP/Shabdarth/Classified/0412/25-26

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 22-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 2 Page: NBTMAH03 User: cci Time: 01-21-2026 23:42 Color:

एक इंजिनियर की मौत

लापरवाही का दलदल

बिल्डर को 27 जनवरी तक के लिए न्यायिक हिरासत में भेजा

कार से मोबाइल फोन मिलने का दावा

एसआईटी को जवाब दाखिल करने के लिए तैयार हो रही रिपोर्ट

मौके और कार की फरेंसिक जांच, मोबाइल बरामद

■ NBT न्यूज़, ग्रेटर नोएडा: ग्रेटर नोएडा के सेक्टर-150 में इंजीनियर युवराज मेहता की मौत के पांचवें दिन फरेंसिक टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। अहम सबूत जुटाए। दूसरी ओर कोर्ट से बिल्डर को 27 जनवरी तक न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस ने युवराज की कार से मोबाइल बरामद करने का दावा किया है, जिसे जांच पूरी होने तक अपने पास रखा जाएगा, जबकि लैपटॉप और वॉलेट अब तक नहीं मिले हैं। जरूरत पड़ने पर बेसमेंट में भरे पानी से उनकी तलाश करने का दावा किया जा रहा है। पानी से बरामद कार को पुलिस लाइन में सुरक्षित खड़ा किया गया है, जहां न फोटो लेने की अनुमति है और न ही किसी को अंदर जाने दिया जा रहा है। SIT को जवाब देने के लिए डीसीपी से लेकर सीनियर अधिकारी दस्तावेज तैयार करने में जुटे हैं।

90 डिग्री का अचानक मोड़ यूं बना खतरनाक

■ NBT रिपोर्ट, नोएडा

नोएडा के सेक्टर-150 में एक खतरनाक सड़क हादसे के बाद नोएडा प्राधिकरण की इंजीनियरिंग व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। इस सड़क पर अचानक 90 डिग्री का तीखा मोड़ है। घने कोहरे के कारण यह टर्न इंजीनियर युवराज को दिखाई नहीं दिया और उनकी कार अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे गहरे पानी में जा गिरी और उनकी जान चली गई।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यह सड़क पहले से ही दुर्घटनाओं के लिहाज से संवेदनशील रही है। न तो यहां पर्याप्त साइन बोर्ड लगे हैं, न ही रिफ्लेक्टर, स्टड या चेतावनी संकेत मौजूद हैं, जो कोहरे या रात के समय वाहन चालकों को सतर्क कर सकें। लोगों का आरोप है कि सड़क का डिजाइन ही खतरनाक है और निर्माण के दौरान सुरक्षा मानकों की अनदेखी की गई।

घटना के बाद इलाके में लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया और नोएडा प्राधिकरण से सड़क के डिजाइन में सुधार, चेतावनी संकेत लगाने और जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की है।

युवराज के आखिरी समय का विडियो

घटना की रात का एक नया विडियो सामने आया है। इस में युवराज पानी से भरे गहरे गड्ढे के अंदर फंसे हुए दिखाई दे रहे हैं और अपने मोबाइल फोन की लाइट जलाकर बाहर से मदद का इशारा कर रहे हैं। मौके पर मौजूद रेस्क्यू कर्मी भी नजर आ रहे हैं। लेकिन, युवराज को मदद नहीं मिल सकी और उनकी मौत हो गई।

सभी सबूतों की बारीकी से जांच

बुधवार को फरेंसिक टीम ने सेक्टर-150 स्थित घटनास्थल पर पहुंचकर इलाके का निरीक्षण किया। बेसमेंट, आसपास के निर्माण क्षेत्र और पानी भराव से जुड़े बिंदुओं को खंगाला। कई तकनीकी और भौतिक सबूत जुटाए गए हैं। टीम ने कार की भी जांच की। यह किस एंगल से गिरी और किस गेयर में थी। मीटर में स्पीड कितनी थी। इंजीनियर सानरूफ से निकला या फ्रंट शीशे से। यह भी जांच की जा रही है कि घटना के वक्त गाड़ी के शीशे खुले थे या बंद थे। जो सबूत मिले हैं उन्हें जांच के लिए लेब में भेजा जाएगा। पुलिस का कहना है कि रिपोर्ट से यह साफ होगा कि हादसे के वक्त परिस्थितियां क्या थीं और किन रास्तों पर चूक हुई।

बिल्डर 27 तक पुलिस रिमांड पर

मामले में कोर्ट ने बिल्डर को 27 जनवरी तक पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। पुलिस अब बिल्डर से पूछताछ कर निर्माण कार्य, बेसमेंट में जलभराव, सुरक्षा मानकों और रखरखाव से जुड़े सवालों के जवाब तलाश रही है। जांच एजेंसियों का फोकस इस बात पर है कि क्या निर्माण स्थल पर तय नियमों और सेफ्टी गाइडलाइंस का पालन किया गया था या नहीं। यह प्रोजेक्ट एनसीएलटी में था या नहीं। एनबीईआरटीम था तो इसका अब तक क्या अपडेट है। एनसीएलटी में क्यों पहुंचा प्राधिकरण की इसमें लापरवाही तो नहीं रही।

कार, मोबाइल बरामद, लैपटॉप-वॉलेट की तलाश

डीसीपी ग्रेटर नोएडा का दावा किया है कि युवराज मेहता की कार से मोबाइल फोन बरामद कर लिया गया है। मोबाइल को डिजिटल फॉरेंसिक जांच के लिए सुरक्षित रखा गया है। हालांकि, युवराज का लैपटॉप और वॉलेट अभी तक नहीं मिले है।

पुलिस लाइन में खड़ी कार, सख्त पहरा

युवराज की कार को पुलिस लाइन में खड़ा कर दिया गया है। इसे एक अहम सबूत मानते हुए पूरी तरह सील कर सुरक्षा में रखा गया है। कार की फोटो लेने या उसके अंदर प्रवेश की किसी को अनुमति नहीं दी जा रही है। गाड़ी से जुड़े हर तकनीकी पहलू की जांच की जाएगी।

पीड़ित परिवार से मिलने से रोका गया

■ युवराज मेहता के पिता से मिलने के लिए दिनभर कई लोग पहुंचे, लेकिन सुरक्षा कारणों से अधिकतर को अंदर प्रवेश नहीं दिया गया। सिक्योरिटी ने साफ किया कि परिवार की निजता और स्थिति को देखते हुए सीमित लोगों को ही अनुमति दी जा रही है।

घटना के 91 घंटे बाद मंगलवार शाम को कार निकाली गई थी

'पुलिस को नहीं बुलाता तो शायद जान बच जाती'

एक और चश्मदीद आया सामने, पुलिस और फायर डिपार्टमेंट पर उठाए सवाल

पानी में उतरने के दौरान सिर्फ फोटो खींची और फिर वापस आ गए पुलिसकर्मी

■ सुधीर कुमार, ग्रेटर नोएडा

ग्रेटर नोएडा में निर्माणाधीन बेसमेंट में डूबकर इंजीनियर युवराज मेहता की मौत के मामले में एक और चश्मदीद ने रेस्क्यू ऑपरेशन पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। उसका कहना है कि अगर उसने पुलिस को कॉल न करके अपने दोस्तों को बुलाया होता, तो शायद युवराज की जान बच सकती थी। इस बात का अफसोस उसे अब भी सता रहा है। दावा है कि गवाह वही शख्स है, जिसने सबसे पहले युवराज की मदद की चीख सुनी और मौके पर पहुंचकर डायल 112 पर कॉल की थी। हालांकि उसने बाद में परेशान किए जाने के डर से अपनी पहचान उजागर नहीं की है।

दो लोग आए और कहा कि कोई मदद के लिए चिल्ला रहा है : गवाह ने बताया कि उसके पास दो लोग आए और कहा कि कोई मदद के लिए चिल्ला रहा है। इसके बाद वह अपने दो दोस्तों के साथ मौके पर पहुंचे। तभी पीछे से आवाज आई मुझे बचा लो, मेरी कार में पानी भर रहा है। गवाह के मुताबिक उन्होंने रात 12:14 बजे डायल 112 पर कॉल की, जिसकी कॉल हिस्ट्री उसके मोबाइल में मौजूद है। 12:16 बजे पुलिस की ओर से वापस कॉल आया, जिसमें पूछा गया कि आपने कॉल की थी। इस पर उन्होंने बताया कि एक व्यक्ति डूब रहा है और उसे तत्काल मदद की जरूरत है।

12:20 पर पहुंची पीसीआर, लेकिन बिना किसी तैयारी के

गवाह का दावा है कि 12:20 बजे पहली पीसीआर मौके पर पहुंची, कुछ देर बाद दूसरी पीसीआर भी आ गई। इस बीच युवराज के रिश्ते भी मौके पर पहुंच गए थे। दोनों पीसीआर में 10 से 12 पुलिसकर्मी मौजूद थे, लेकिन उनके पास न तो रस्सा था और न ही कोई जरूरी रेस्क्यू उपकरण। इस दौरान आसपास से एक साइड से रस्सी लाकर युवराज को बचाने की कोशिश की गई, लेकिन रस्सा मोटा होने की वजह से वहां तक पहुंच ही नहीं पा रहा था। युवराज को लगातार यह कहकर ढांढस बंधाया जाता रहा कि पुलिस आ गई है, अब आपको बचा लेंगे।

डेढ़ घंटे बाद पहुंचा फायर विभाग

गवाह ने बताया कि एक से डेढ़ घंटे बाद फायर विभाग की गाड़ी पहुंची। इस बीच एक हाइड्रा मशीन भी मंगाई गई, लेकिन वह भी घटनास्थल तक नहीं पहुंच सकी। फायर ब्रिगेड की गाड़ी से एक सीढ़ी सीढ़ी उतारी गई। इसी दौरान सामने खड़े मूल वाले एक फायरकर्मी ने कहा पानी बहुत ठंडा है, अंदर नहीं जा पाएंगे। गवाह का आरोप है कि वहीं फायरकर्मी पानी में उतरने से बाकी लोगों को भी रोक रहे थे। कुछ लोग खुद उतरकर मदद करना चाहते थे, लेकिन उन्हें मना कर दिया गया। एक जवान, जिसका नाम शायद सुल्तान बताया गया है, उसने प्रयास किया, लेकिन वह भी पानी में आगे तक नहीं जा पाया। बड़ी फायर गाड़ी आई, लेकिन सीढ़ी ही नहीं खुली।

फटी लाइफ जैकेट, बंधी नहीं पट्टियां

गवाह ने बताया कि पुलिस के पास जो लाइफ जैकेट थे, वे फटी हुई थीं। कई जैकेट्स की पट्टियां तक नहीं थीं। उन्हें बांधने में भी काफी समय लग गया। चश्मदीद का आरोप है कि फायर विभाग का जो सीनियर अधिकारी मौके पर मौजूद थे, जिसे सभी सर-साहब कहकर बुला रहे थे, वह रेस्क्यू की बजाय विडियो और फोटो बनाने या फोन पर बात करने में व्यस्त रहे।

SDRF आई, लेकिन नाव नहीं उतारी

गवाह ने बताया कि एसडीआरएफ की टीम भी मौके पर पहुंची, लेकिन उनकी नाव यह कहकर पानी में नहीं उतारी गई कि अगर यहां से उतरी तो फट जाएगी। एक सोसायटी से ट्यूब भी लाई गई, लेकिन पुलिस ने उसे भी उतारने से मना कर दिया। पुलिस का कहना था कि डूब जाएगा, इसे बचाएंगे या तुम्हें।

SIT रिपोर्ट आने पर जिम्मेदारों को मिलेगी सज़ा: महेश शर्मा

■ NBT रिपोर्ट, नोएडा: सांसद डॉ. महेश शर्मा का कहना है कि सेक्टर-150 में सॉफ्टवेयर इंजीनियर युवराज मेहता की मौत के जिम्मेदार बचेंगे नहीं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से दो बार इस घटना के बाद मुलाकात करके अपनी पीड़ा जाहिर कर चुके हैं।

मुख्यमंत्री ने इस मौत को लेकर इसके प्रमुख जिम्मेदार नोएडा अथॉरिटी के सीईओ लोकेश एम पर कार्रवाई करने के साथ एसआईटी जांच का आदेश दिया है।

पांच दिन के अंदर एसआईटी रिपोर्ट देगी, इस घटना में जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ कार्रवाई होगी। मेरी व योगी राज में किसी को बचाया नहीं जाएगा। एसआईटी रिपोर्ट आने के बाद इसको लेकर जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा : तेजपाल नागर

दादरी विधायक तेजपाल नागर ने कहा कि इस घटना के लिए जो भी जिम्मेदार है,उनके खिलाफ गाज गिरने की कार्रवाई प्रारंभ हो गयी है। मुख्यमंत्री जी इस घटना को लेकर एसआईटी का गठन करने के साथ दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। दादरी विधायक ने कहा कि नोएडा अथॉरिटी को खुले नाले को हादसे का दावत बताते हुए इसको ढकने को लेकर खत लिखा था। अथॉरिटी की तरफ से इसपर कोई कार्रवाई नहीं हुई।

एसआईटी रिपोर्ट आने दीजिए इस घटना को लेकर जिसकी भी लापरवाही सामने आएगी,सबको सज़ा मिलेगी।

ट्रक ड्राइवर का कहना था कि उनकी जान पुलिसवालों ने बचाई थी

मुनेंद्र ने किया दावा, उसने अपने दोस्तों के साथ बचाई ट्रक ड्राइवर की जान

■ NBT न्यूज़,नोएडा

सेक्टर-150 रोड स्थित गड्ढे में गिरे ट्रक चालक का बुधवार को पुलिस ने बचान जारी किया है। इसमें ट्रक चालक कह रहा है कि उसकी जान पुलिस ने आकर बचाई थी। वहीं ढिलिवरी बॉय मुनेंद्र का दावा है कि उसने अपने दो साथियों के साथ मिलकर ट्रक चालक को तालाब से निकाला था। इसके बाद सवाल खड़ा हो रहा है कि अगर मुनेंद्र ने उसे बाहर निकाला तो ट्रक चालक ने पुलिस के पक्ष में बचान क्यों दिए? कहीं अचानक से ट्रक ड्राइवर से ऐसे बचान तो नहीं दिलवाए गए हैं।

युवराज की मौत से कुछ दिन पहले उसी तालाब में फंसा था ट्रक

युवराज मेहता की निनकी तालाब में गिरकर मौत हुई थी। उस तालाब में घटना से कुछ दिन पहले ही एक ट्रक फंस गया था। मुनेंद्र का कहना है ट्रक चालक मिट्टी समझकर गड्ढे में चला गया था। पानी होने की कारण ट्रक चालक उसमें डूबने लगा था। उसे बचाने का दावा मुनेंद्र ने किया था।

मुनेंद्र

बुधवार को ट्रक चालक ने अपने बचान में कहा है कि उसकी जान पुलिस ने आकर बचाई थी। वहीं मुनेंद्र का कहना है ट्रक चालक द्वारा जो भी बचान दिया गया है, वह गलत है। जिस समय वह घटना हुई थी, उस समय वहां कोई पुलिसकर्मी मौजूद नहीं था। ट्रक चालक पानी से बचाने की आवाज लगा रहा था। आवाज सुनकर वह और उसके दो साथी वह रुके गए। इसके बाद ट्रक चालक को पानी से निकाला गया।

SIT ने नोएडा अथॉरिटी से कड़े सवाल पूछे

NBT रिपोर्ट, नोएडा: सॉफ्टवेयर इंजीनियर युवराज की मौत की जांच में गठित विशेष जांच दल (SIT) ने नोएडा अथॉरिटी से कड़े सवाल पूछे हैं। सूत्रों के मुताबिक, एसआईटी ने सेक्टर-150 में हुए हादसे के बाद की गई कार्रवाई, शहर में मौजूद खतरनाक जगहों और बिल्डर की भूमिका को लेकर जवाब तलब किया है। प्राधिकरण के नियंत्रण विभाग से सेक्टर-150 स्थित प्लॉट से जुड़े मानचित्र, आवंटन विवरण, एफआर, भू-उपयोग और अन्य दस्तावेज भी तलब किए गए हैं। यह भी पूछा है कि खाली पड़े प्लॉट को लेकर बिल्डर के खिलाफ क्या कदम उठाए गए और क्यों समय रहते सख्ती नहीं की गई।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 22-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH04 User: cci Time: 01-21-2026 22:58 Color:

NBT GOOD न्यूज़

जानवरों को भी भा जाती है मुस्कान...
मुस्कान की ताकत देखिए कि कुत्ते भी अक्सर इंसानी चेहरे पढ़ सकते हैं। रिसर्च का दावा है कि कुत्ते अनजान चेहरे पर खुशी और गुस्से का फर्क पहचानते हैं, वह भी महज आधा चेहरा देखकर।

विचार

खुशी सुविधा या प्रशंसा में नहीं बल्कि खोज और समर्पण में जन्म लेती है। जब मन सत्य को जानने की जिज्ञासा से भरा हो और श्रम किसी उद्देश्य से जुड़ा हो तब थकान भी संतोष में बदल जाती है। सच्ची खुशी तब मिलती है जब हम डर से ऊपर उठकर ज्ञान, मेहनत और ईमानदारी के साथ अपने कार्य को पूरा करते हैं।

– मैरी क्यूरी (Marie Curie)

ज़रा हंस लें



डॉक्टर : मेरी दवा से तुम ठीक हो गए तो मुझे क्या इनाम दोगे? **मरीज :** साहेब मैं तो गरीब हूं, कब्र खोदने का काम करता हूं। आपके लिए फ्री में खोद दूंगा।

कविता

तू रुक मत

AI image

मन व्यथित हो, राह में अंधकार हो,
पांव तले हो शूल ,
तो पथिक तू मत भूल,
शूल है तो होंगे अवश्य साथ हंसके फूल।
मन में भर नव उमंग,
खुद प्रकाश बन तिमिर राह के दूर कर,
परीक्षाएं हैं जीवन के हर मोड़ पर,
तू भयभीत मत हो,
साहस से हर चुनौती को तू कर पार ,
मुश्किलों पर तू कर अभेद्य वार ।
चाहे गिर जाए तू खुद,
किस्मत चाहे जाए रूठ,
फिर भी हार से तू मत हार,
नव जोश के साथ तू फिर उठ।
आज चाहे तेरे प्रयास हों जाए विफल,
फिर भी तू रुक मत, आगे ही आगे बढ़
आयेगा एक दिन जब होगा तू सफल।

– लक्ष्मी गुप्ता, NBT रीडर

पॉजिटिव सोच के साथ आपने भी कोई कविता लिखी है, तो हमें ईमेल nbtreader@timesofindia.com पर भेजें। जिसे मिल सकता है अगले अंक में छपने का मौका।

पैदल पहुंचा अमेरिका, सोशल मीडिया स्टार बना डॉगी

■ एश्ना भट्टाचार्य, कोलकाता

यह कहानी सिर्फ एक कुत्ते की नहीं, बल्कि अटूट वफादारी और इंसानियत की मिसाल है। कोलकाता की गलियों में घूमने वाला एक बेसहारा कुत्ता, जिसे आज दुनिया 'अलोका' के नाम से जानती है, उसने कुछ ऐसा कर दिखाया जो नामुमकिन लगता है। अलोका की किस्मत तब बदली जब वह भारत की यात्रा पर निकले बौद्ध भिक्षुओं के एक समूह के पीछे हो लिया। वह उनके पीछे सिर्फ एक-दो किलोमीटर नहीं, बल्कि पूरे 3,000 किलोमीटर तक साए की तरह चलता रहा। आज वही अलोका अमेरिका के टेक्सस में एक 'वायरल स्टार' बन चुका है, जिसके सोशल मीडिया पर 2.73 लाख से ज्यादा फॉलोअर्स हैं। बौद्ध भिक्षुओं का एक समूह शांति को बढ़ावा देने के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका में एक पदयात्रा कर रहा है।

3,000+ km: भारत में भिक्षुओं के साथ पैदल यात्रा

11.7 लाख रुपये: उसके इलाज और सफर के लिए जुटाया गया फंड

273 हजार से ज्यादा: सोशल मीडिया पर हुए चाहने वाले

28 दिन: न्यूयॉर्क के JFK एयरपोर्ट पर अकेले क्वॉरंटीन में बिताए।

कोलकाता की गलियों से टेक्सास तक

अलोका बार-बार हमारे पीछे आता रहा। मैंने फोटो वर्ष मंदिर फोन किया और उनसे कहा कि मैं अलोका को घर लाना चाहता हूं। उन्होंने 'हां' कहा और फंड जुटाने का सिलसिल शुरू हुआ। - *मिथ्यू फन्फारा (अलोका को नाम देने वाले भिक्षु)*

इंडिया से अमेरिका का कठिन सफर

भारत को 'हाई-रिस्क रेबीज' देश माना जाता है, इसलिए अलोका के लिए 'डॉग वीजा' तैयार करना महीनों का जटिल काम था। इसमें शामिल थे:

- ISO माइक्रोचिप लगवाना।
- अपडेटेड रेबीज वैक्सीनेशन।
- एक्सपोर्ट हेल्थ सर्टिफिकेट और DGFT और AQCS से क्लियरेंस।
- CDC डॉग इम्पोर्ट फॉर्म और JFK एयरपोर्ट पर प्री-बुकड क्वारंटीन।
- IATA-अप्रूव्ड ट्रैवल क्रेट और कार्गो रिजर्वेशन।
- JFK एयरपोर्ट पर 28 दिनों का कड़ा क्वारंटीन, जहां उसे अकेले निगरानी में रहना पड़ा।

जब दांव पर थी अलोका की चाल

अमेरिका पहुंचने के बाद पता चला कि अलोका के पैर का लिगामेंट फटा गया है। 12 जनवरी को वाशंगटन वेटरनरी रेफरल सेंटर में उसकी सर्जरी हुई। यह साधारण ऑपरेशन नहीं था, इसमें डॉक्टरों की एक पूरी फौज जुटी थी। डॉ. पेट्रीसिया सुरा (ऑर्थोपेडिक सर्जन) ने यह सर्जरी मुफ्त की। डॉ. सोफी जेरटी (कार्डियोलॉजिस्ट), डॉ. एम्मेट स्टैटन (एनेस्थेसियोलॉजिस्ट), टिफनी (वेटरनरी नर्स) और रोज़ा हॉलिमन (वोआर्डिनेटर) अलोका की सर्जरी करने वाली टीम का हिस्सा रहे। अलोका की रिकवरी के लिए 120 दिनों का एक मार्च (शेड्यूल) तैयार किया गया है, जिसमें उसे हर दिन 10-10 मिनट की छड़ डॉक करानी होती है।

अलोका के पैर का लिगामेंट फट गया है। हमारी प्राथमिकता उसे जल्द से जल्द भिक्षुओं के पास वापस भेजने की है। वह बस चलना चाहता है। - *डॉ. पेट्रीसिया सुरा, अलोका की सर्जन*

पिता हुए बीमार तो बेटी ने संभाला कर्मी का काम

रूढ़ियों को कर रहीं स्वाहा, आरिया निभा रहीं आखिरी विदाई की रस्में

■ राहुल आर, कोल्लम

केरल के कोल्लम जिले के थलावूर की 28 वर्षीय आरिया प्रसाद ने समाज की रूढ़ियों को चुनौती देते हुए अंतिम संस्कार की रस्में करने वाला कर्मी बनने का साहसिक कदम उठाया। यह क्षेत्र हमेशा पुरुषों का माना गया काम था, लेकिन आरिया आज सैकड़ों परिवारों के लिए दुख की घड़ी में सहारा बन चुकी है। कोरोना महामारी के बाद जीवन की कई आदतें बदल गईं, पर केरल में अंतिम संस्कार की परंपराएं ज्यों की त्यों रहीं। ऐसे माहौल में श्मशान घाट पर एक युवती का कर्मी बनना आसान नहीं था, फिर भी आरिया ने हिम्मत नहीं हारी।

अक्टूबर 2025 में उन्होंने पहली बार यह काम संभाला, निजी और भावुक वजह से। उनके पिता प्रसाद, जो तीन दशकों से कर्मी का काम कर रहे थे, गंभीर रूप से बीमार हो गए। परिवार का सहारा बनने के लिए आरिया ने वही काम अपनाया, जिसे वह बचपन से देखती आई थीं। उन्होंने कहा कि अगर मैं लिंग बंधनों में उलझी रहती, तो अपने परिवार की मदद नहीं कर पाती।

परिवार का सहारा बनने के लिए आरिया ने अक्टूबर 2025 में पहली बार यह काम संभाला, श्मशान पर एक युवती का कर्मी बनना आसान नहीं था, फिर भी आरिया ने हिम्मत नहीं हारी।

'विरोध भी है, पर समर्थन की ताकत बड़ी है'

शुरुआत आसान नहीं रही। श्मशान घाट पर एक महिला कर्मी को देखकर लोग हैरान थे। कुछ सवाल करते थे, कुछ चुपचाप देखते थे। आरिया बताती हैं कि लोगों को अक्सर होता था, क्योंकि ये रस्में हमेशा पुरुषों ने निभाई हैं। लेकिन जैसे ही विधियां शुरू होती हैं, तब स्त्री या पुरुष का फर्क खत्म हो जाता है। उस वक्त सिर्फ शांति और सहारे की जरूरत होती है। धीरे-धीरे हालात बदले। आज आरिया विभिन्न हिंदू समुदायों के सैकड़ों अंतिम संस्कार कर चुकी हैं। जिन परिवारों ने उन्हें बुलाया, उन्होंने खुले दिल से स्वीकार किया। कोल्लम के एक शोकाकुल परिवार के सदस्य कहते हैं कि आरिया पूरी निष्ठा से सारी रस्में निभाती हैं। हर प्रक्रिया वह खुद करती है।

अंतिम संस्कार करा समाज की सोच बदल रहीं आरिया

अब कलकत्ता हाई कोर्ट में भी खुला

दिव्यांगों के आत्मसम्मान की मिसाल 'मिट्टी कैफे'

Srishti.Lakhotia@timesofindia.com

■ **कोलकाता** संविधान सभी नागरिकों को समान अवसर का हक देता है, लेकिन शारीरिक दिव्यांग लोगों के लिए यह अधिकार अक्सर केवल कागजों तक सीमित रह जाता है। इसी सोच को बदलने के लिए कलकत्ता हाई कोर्ट परिसर में 'मिट्टी कैफे' की शुरुआत की गई है। कैफे पूरी तरह दिव्यांग कर्मचारी चलाएंगे। इसका मकसद न सिर्फ रोजगार देना है, बल्कि यह दिखाना है कि शारीरिक या मानसिक अक्षमता किसी की क्षमता को सीमित नहीं करती।

कैफे की संस्थापक अलीना आलम (32) ने बताया कि मूक और बधिर, शारीरिक रूप से दिव्यांग और हल्का मानसिक स्वास्थ्य समस्या से जूझ रहे लोग यहां काम करेंगे। कुल 30 स्थायी कर्मचारी इस पहल में जुड़ेंगे। सुप्रीम कोर्ट और मुंबाई हाई कोर्ट में 'मिट्टी कैफे' पहले ही सफल रहा है। कलकत्ता हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस सुजॉय पॉल ने इस पहल को समर्थन दिया।

एक 34 वर्षीय कर्मचारी ने कहा कि काम करना उनका संवैधानिक अधिकार है। 'मिट्टी कैफे' उनके लिए सिर्फ नौकरी नहीं, बल्कि आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता की राह है। यह पहल समाज में दिव्यांगों की पहचान और सम्मान बढ़ाएगी।

NBT जन्मदिन मुबारक

माणिक सरकार

22 जनवरी 1949 को जन्मे माणिक सरकार त्रिपुरा के पूर्व मुख्यमंत्री हैं। उन्होंने मार्च 1998 से मार्च 2018 तक लगातार 20 साल तक राज्य की कमान संभाली।

नम्रता शिरोडकर

मिस इंडिया रही नम्रता शिरोडकर ने 'वास्तव' और 'पुकार' जैसी फिल्मों में काम किया है। 22 जनवरी 1972 को जन्मी नम्रता अभिनेता महेश बाबू की पत्नी हैं।

भुवन बाम

22 जनवरी 1994 को जन्मे भुवन बाम यूट्यूबर और एक्टर हैं। 'BB Ki Vines' से मशहूर हुए भुवन कॉमेडी और 'ताजा खबर' जैसी वेब सीरीज के लिए जाने जाते हैं।

आदित्य मित्तल



22 जनवरी 1976 को जन्मे आदित्य मित्तल कंपनी 'आर्सेलर मित्तल' के CEO हैं। लक्ष्मी मित्तल के बेटे आदित्य ग्लोबल स्टील बिजनेस में अहम भूमिका निभा रहे हैं।

पर्यावरण विभाग, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार

तल-6, विंग-सी, दिल्ली सचिवालय, नई दिल्ली – 110002

सार्वजनिक सूचना

पतंग उड़ाने वाले तेज धारदार सिंथेटिक / नायलोन धागे जिनमें लोकप्रियता से जाना जाने वाला चीनी मांझा भी शामिल है – पर प्रतिबंध

जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि मानवता, पशुधन, पक्षी और पारिस्थितिकी पर होने वाले दुष्प्रभाव को रोकने के लिए तथा गृह मंत्रालय भारत सरकार की दिनांक 10 सितम्बर 1992 की अधिसूचना सं. एसओ 667 (ई) के साथ पठित पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) की धारा 5 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली के उपराज्यपाल के नाम पर तथा आदेश से 10/01/2017 को अधिसूचना जारी की गई है, जिसके तहत निम्न निर्देश दिये गये है:

1) नायलोन, प्लास्टिक अथवा अन्य किसी सिंथेटिक समाग्री से विनिर्मित पतंग उड़ाने वाला धागा जिसमें कि चीनी मांझा के नाम से प्रसिद्ध तथा ऐसे अन्य पतंग उड़ाने वाले धागे जो धारदार है या शीशे, धातु या अन्य धारदार सामग्री से लेपित कर पतंग उड़ाने के लिए बनाए जाते है, ऐसे पतंग उड़ाने वाले धागों की राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में बिक्री, उत्पादन, भण्डारण, आपूर्ति, आयात एवं प्रयोग पर पूर्णतः प्रतिबंध होगा।

2) केवल सूती धागे, जो कि किसी धारदार धातु/शीशे के घटकों / चिपकाने वाले पदार्थों/धागे को मजबूत बनाने वाली सामाग्रियों से रहित है, उन्हीं से पतंग उड़ाने की अनुमति होगी।

उपरोक्त निर्देशों के उल्लंघन के बारे में निम्नलिखित अधिकारियों के कार्यालयों में रिपोर्ट दर्ज की जा सकती है।

क्र.	पद	ई-मेल पता	हेल्पलाईन नं.
1.	पुलिस आयुक्त, दिल्ली पुलिस	cpdelhi@delhipolice.gov.in	112
2.	मंडलीय आयुक्त, दिल्ली सरकार	divcom@nic.in	1077/23962825
3.	मुख्य वन्यजीव संरक्षक, दिल्ली सरकार	ccfgnctd@gmail.com	01123378513
4.	आयुक्त, दिल्ली नगर निगम	commissioner@mcd.nic.in	155305

नोटः- पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम 1986 की धारा 5 या इसके अन्तर्गत बनाये गये नियमों के अन्तर्गत जारी निर्देशों का उल्लंघन उक्त अधिनियम की धारा 15 के अधीन दंडनीय है जिसमें पांच साल तक कारावास तथा/अथवा एक लाख रूपये तक का जुर्माना या दोनों हो सकते है।

उपरोक्त अधिसूचना पर्यावरण विभाग की वेबसाइट https://environment.delhi.gov.in पर उपलब्ध है।

DIP/Shabdarth/Classified/0413/25-26

दिल्ली : महानगर : महाकवरेज

केशवपुरम। मंगोलपुरी। सुल्तानपुरी। किराड़ी। बवाना। बुराड़ी। भलस्वा। निरंकारी कॉलोनी। प्रशांत विहार। सरस्वती विहार। रानी बाग। सुखदेव विहार।

फुल ड्रेस रिहर्सल कल, डायवर्ट रहेगा ट्रैफिक

Photos : AFP

सर्विलांस कैमरे के साथ परेड में शामिल होगा इंडियन आर्मी का यह ट्रैड बाज

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

शुक्रवार को गणतंत्र दिवस परेड की फुल ड्रेस रिहर्सल है। इसके चलते सुबह से लेकर दोपहर तक नई दिल्ली, सेंट्रल और नॉर्थ दिल्ली में कई रास्ते ट्रैफिक की आवाजाही के लिए बंद रहेंगे। ऐसे में नई दिल्ली, सेंट्रल और नॉर्थ दिल्ली के साथ-साथ साउथ और ईस्ट दिल्ली में भी कुछ जगहों जाम मिल सकता है। ट्रैफिक पुलिस ने शुक्रवार सुबह 9:30 बजे से लेकर दोपहर एक बजे तक परेड रूट से बचने की सलाह दी है।

ट्रैफिक पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, परेड की फुल ड्रेस रिहर्सल शुक्रवार सुबह विजय चौक से शुरू होगी, जो करीब दो-ढाई घंटे तक चलेगी। इसके लिए सुबह 6 बजे से ही विजय चौक और इंडिया गेट के बीच कर्तव्य पथ पर लोगों की आवाजाही रोक दी जाएगी। रफी मार्ग, जनपथ, मान सिंह रोड से कर्तव्य पथ की तरफ जाने का रास्ता तो गुरुवार रात से ही बंद रहेगा। इंडिया गेट सी-हेक्सागन पर भी सुबह से गाड़ियों की आवाजाही रोक दी जाएगी। सुबह 9:15 से तिलक मार्ग, बहादुरशाह जफर मार्ग और नेताजी सुभाष मार्ग पर भी ट्रैफिक मूवमेंट को रोक दिया जाएगा। मंगवानदास रोड, मथुरा रोड, मिंटोरा रोड, डीटीयू मार्ग, इंद्रप्रस्थ मार्ग, कोटला रोड, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, आसफ अली रोड, अंसारी रोड, निषादराज मार्ग, एसपी मुखर्जी मार्ग और छत्ता रेल से इन रास्तों पर क्रॉस ट्रैफिक भी परेड के मूवमेंट के समय रोक दिया जाएगा। इस दौरान डीटीसी और क्लस्टर बसों के रूट भी डायवर्ट किए जाएंगे।

नई दिल्ली, सेंट्रल और नॉर्थ में आवाजाही पर असर

परेड में खास ऊंट और इंडीजेनस हाउड ब्रीड के हॉर्स भी इस बार लोग देख सकेंगे

पटियाला हाउस कोर्ट में दो दिन रहेगा हाफ डे

दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट के वकील संगठन 'नई दिल्ली बार एसोसिएशन' ने बुधवार को जानकारी दी कि गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों के चलते नई दिल्ली का डिस्ट्रिक्ट कोर्ट कुछ दिनों के लिए कुछ घंटों तक बंद रहेगा। बार एसोसिएशन के सेक्रेटरी तरुण राणा की ओर से जारी नोटिस में बताया गया कि दिल्ली हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस ने आदेश दिया है कि पटियाला हाउस कोर्ट कॉम्प्लेक्स में नई दिल्ली (डिस्ट्रिक्ट) कोर्ट 22 जनवरी को दोपहर 2 बजे से 23 जनवरी दोपहर 2 बजे तक तो 25 जनवरी को दोपहर 2 बजे से 26 जनवरी दोपहर 2 बजे तक बंद रहेगा।

गणतंत्र दिवस

जोश, अनुशासन और देशभक्ति का दिन

गणतंत्र दिवस की परेड से जुड़ी हर भारतीय की अपनी एक कहानी है। हमने अपने रीडर्स से 26 जनवरी की परेड से जुड़े उनके खास अनुभव साझा करने को कहा है। जिस पर हमें रोजाना ढेरों रिस्पॉन्स मिले और उनमें से कुछ चुनिंदा रिस्पॉन्स आज हम यहां छाप रहे हैं।

'यह मेरे लिए नहीं भूलने वाला एक अनुभव था'

पिछले साल 2025 में कर्तव्य पथ पर अपने ऑफिस की झलकी समेत दूसरी झांकियों को देखना एक अद्भुत अनुभव रहा। मुझे NSTFDC, जनजातीय कार्य मंत्रालय की ओर से लगाई ड्यूटी के कारण परेड को देखने का मौका मिला। फूलों की बारिश करते हेलीकॉप्टर को देखना एक ऐसा अविस्मरणीय अनुभव था, जिसे शब्दों में व्यक्त करना संभव नहीं है। *-किरण पुष्करना*

'वह दिन आज भी मेरी यादों में अमर बना है'

मैं 75 वर्ष का हूं। जब मैं बिरला हायर सेकंडरी स्कूल, कमला नगर, दिल्ली में आठवीं कक्षा में पढ़ता था, तब मैंने स्काउट्स ग्रुप के साथ गणतंत्र दिवस परेड में भाग लिया था। सुबह करीब 4:30 बजे हम परेड के लिए निकलते थे। उस दिन मुझे ठंड महसूस नहीं हुई। मन में बस जोश, अनुशासन और देशभक्ति का गर्व था। वह दिन आज भी मेरी यादों में अमर है। *-शक्ति सिंह*

RDAY लाइव ▶

कर्तव्य पथ पर एक साथ उठते कदम और अनुशासन में सजी ये पंक्तियां सिर्फ परेड की तैयारी नहीं, बल्कि गणतंत्र दिवस की यादों की शुरुआत भी हैं। 26 जनवरी से जुड़ा आपका अनुभव क्या है। क्या आप कभी इस परेड का हिस्सा रहे हैं या दर्शक दीर्घा में बैठकर इसे लाइव देखा है? अपनी यादें, किस्से और एहसास हमारे साथ साझा करें।

अपने अनुभव आप हमें 9220747220 पर वॉट्सऐप कर सकते हैं या फिर nbtreader@timesofindia.com पर मेल कर सकते हैं। सब्जेक्ट में RDay जरूर लिखें।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 22-01-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH05 User: cci Time: 01-21-2026 23:04 Color:

शहबाद दौलतपुर। रमेश नगर। लक्ष्मी नगर। लाजवंती गार्डन। जहांगीरपुरी। वसंत कुंज। वजीराबाद। पश्चिम विहार। कीर्ति नगर। सफदरजंग एनक्लेव। महरौली। मायापुरी। शक्ति नगर। राजेंद्र नगर। पहाड़गंज। नारायणा। मौजपुर। मियांवली। कालकाजी। नांगल राया। सरिता विहार। प्रीत विहार। वसंत विहार। ⇨⇨



Spectators Visiting the Republic Day function at Kartavya Path are requested not to bring the following prohibited items

दर्शकों से अनुरोध है कि कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस के समारोह में निम्नलिखित वर्जित वस्तुएं साथ में न लाएं

ENTRY ENTRY

- खाने–पीने की चीजें, केचप, सॉस — Eatables, Ketchup, Sauce
- सिगरेट, बीड़ी, लाईटर — Cigarettes, Bidi, Lighter
- थैला, ब्रीफकेस, रिमोट नियंत्रित कार लॉक चाबियाँ — Bag, Briefcase, Remote Controlled Car Lock Keys
- ज्वलनशील पदार्थ, माचिस, शराब, एरोसोल, जेल/पेस्ट, इत्र, स्प्रे इत्यादि — Fuel, Matchbox, Alcohol, Aerosol, Gel/Paste, Perfumes, Spray etc.
- रेडियो, ट्रांजिस्टर, टेपरिकॉर्डर, पेजर — Radio, Transistor, Tape Recorder, Pager
- हथौड़ी, ड्रिल, आरी, तलवार, कटार, पेचकस — Hammers, Drills, Saws, Sword, Dagger, Screwdriver
- कैमरा, दूरबीन, हैण्डीकैम — Camera, binocular, Handycam
- मोबाइल चार्जर, इयरफोन, ईयरबड्स, पावर बैंक, बैटरी से चलने वाले कोई भी गैजेट — Mobile Charger, Earphone, Ear Buds, Power Bank, any Battery Operated Gadgets
- थर्मस, पानी की बोतल, कैन, छाता कॉस्मेटिक आइटम — Thermo Flask, Water Bottle, Cans, Umbrella, Cosmetics items
- रेजर, ब्लेड, चाकू, कैंची, तार, नुकीला हथियार — Razors, Blades, Knives, Scissors, Wires, Cutting /Sharp Edged Material
- पटाखे, बारूद, फ्लेयर्स, किसी भी प्रकार के विस्फोटक — Firecrackers, Gunpowder, Flares, Any Type of Explosives
- गोला–बारूद, आग्नेयास्त्र, खिलौना बंदूक, प्रतिकृति आग्नेयास्त्र — Ammunitions, Firearms, Toy Guns, Replica (Toy) Firearms
- डिजिटल डायरीज, पाम–टॉप कंप्यूटर, आईपैड, आईपोड, टैबलेट, पैनड्राइव, लैपटॉप — Digital Diaries, Palm-top Computer, I-Pad, I-Pod, Tablet, Pendrive, Laptop
- निष्क्रिय करने वाले रसायन और अन्य खतरनाक वस्तुएं — Disabling Chemicals and Other Dangerous Items

मोबाइल फोन के अलावा, किसी अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण की अनुमति नहीं है
Except mobile phone, no other electronic device permitted/allowed

यदि कोई संदिग्ध वस्तु / व्यक्ति / गतिविधि दिखाई दे, तो तुरन्त निकटतम सुरक्षाकर्मी के नोटिस में लाएं
Any suspicious activity/item/person, if noticed may be brought to the notice of the nearest Security Personnel

Please co-operate with Police during searching/frisking | कृप्या सुरक्षा जाँच में पुलिस के साथ सहयोग करें

पैदल चलने वालों से अनुरोध है कि वे चैनललाइजर का इस्तेमाल करें। अनावश्यक सड़क पर न चलें
Pedestrians are requested to use the channelisers. Avoid walking on the road/carriageway unnecessarily

पुलिस आयुक्त, दिल्ली को ई-मेल करें cpdelhi@delhipolice.gov.in | लिखें: पुलिस आयुक्त, दिल्ली को पोस्ट बॉक्स नं. 171, जीपीओ, नई दिल्ली पर

@DelhiPoliceOfficial @DelhiPolice @delhi.police_official @DelhiPoliceofficial delhipolice.nic.in

तुरंत पुलिस सहायता के लिए 112 नम्बर पर कॉल करें | पुलिस को सूचना देने के लिए कॉल करें 14547

DPI9839/2026

सफदरजंग में मदर एंड चाइल्ड ब्लॉक बनाने की तैयारी तेज़

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

सफदरजंग अस्पताल में महिला और बच्चों के इलाज को और बेहतर बनाने के लिए नए मदर एंड चाइल्ड ब्लॉक को बनाने के लिए प्रक्रिया तेज हो गई है। इस साल काम शुरू होने की संभावना है। पुरानी इमरजेंसी बिल्डिंग को तोड़कर उसी जगह पर नया मदर एंड चाइल्ड ब्लॉक बनाया जाएगा। इस प्रोजेक्ट को 3 साल में पूरा करने का टारगेट है। सफदरजंग अस्पताल में रोज औसतन 70 से 75 बच्चे जन्म लेते हैं। साल भर में यहां करीब 27 हजार डिलीवरी कराई जाती हैं। पूरे दिल्ली एनसीआर में हाई रिस्क प्रेग्नेंसी के मामले यहां रेफर होते हैं। मरीजों की संख्या ज्यादा होने की वजह से कई बार एक बेड पर दो मरीजों को भर्ती करना पड़ता है। नए ब्लॉक के बनने के बाद इस समस्या से राहत मिलने की उम्मीद है।

इस साल हो सकती है काम की शुरुआत

गायनी और पीडियाट्रिक डिपार्टमेंट पर लगातार बढ़ते दबाव को देखते हुए यह योजना लाई गई है। अभी इन दोनों डिपार्टमेंट को मिलाकर कुल 640 बेड हैं, जबकि मरीजों की संख्या इससे कहीं ज्यादा है। नई योजना के तहत करीब 1000 बेड का मदर एंड चाइल्ड ब्लॉक बनाया जाएगा। इससे प्रसव और बच्चों के इलाज की सुविधाएं काफी बढ़ जाएंगी। इस प्रोजेक्ट का अनुमानित बजट करीब 800 करोड़ रुपये है। जानकारी के मुताबिक, इस प्रोजेक्ट के लिए सार्वजनिक क्षेत्र की एक कंपनी को सलाहकार अपॉईंट किया गया है। वहीं, पुरानी इमरजेंसी बिल्डिंग को तोड़ने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। सूत्रों का कहना है कि जल्द ही काम शुरू कर दिया जाएगा।

✓ कमर व पेडू में दर्द
✓ खून की कमी
✓ कमज़ोरी व थकान
✓ हार्मोन्स का असंतुलन
✓ हथेली व तलवों में जलन
✓ खून साफ़ करे
✓ रूप निखारे
आदि में सहायक

हेमपुष्पा

Helpline: 011-23261111, rajvaidyacare@gmail.com

टूटी सीटें और गंदे वॉशरूम, एयर इंडिया पर 1.5 लाख का जुर्माना

Prachi.Yadav@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** दिल्ली की एक डिस्ट्रिक्ट कंस्यूमर कोर्ट ने लंबी इंटरनैशनल फ्लाइट में सुविधा में कमी पाए जाने पर एयर इंडिया को एक यात्री और उसकी बेटी को कुल 1.5 लाख रुपये मुआवजा देने का आदेश दिया है। यह आदेश नई दिल्ली की डिस्ट्रिक्ट कंस्यूमर डिस्प्यूट्स रिड्रेसल कमीशन-VI ने दिया है।

यात्री और उनकी बेटी ने फ्लाइट के दौरान टूटी सीटें, इन-फ्लाइट एंटरटेनमेंट सिस्टम खराब होना, गंदे वॉशरूम, खराब क्वॉलिटी का खाना परोसे जाने और बार-बार शिकायत के बावजूद केबिन क्रू से कोई जवाब न मिलने की शिकायत की थी। कमीशन की अध्यक्ष पूनम चौधरी और मेंबर शेखर चंद्र की बेंच ने 14 जनवरी को दिए आदेश में कहा कि शिकायतकर्ता को मानसिक परेशानी और उत्पीड़न के लिए मुआवजा पाने का पूरा हक है, क्योंकि उनसे उन सुविधाओं के लिए पैसा लिया गया था जो उन्हें दी नहीं गईं।

AI image

कंस्यूमर कोर्ट ने यह रकम मुआवजे के रूप में देने का दिया आदेश

आदेश के अनुसार एयर इंडिया को शिकायतकर्ता और उनकी बेटी को 50,000-50,000 रुपये मुआवजे के तौर पर और 50,000 रुपये मुकदमे के खर्च के रूप में देने होंगे। हालांकि, टिकट की रकम वापस करने की मांग को कमीशन ने यह कहते हुए खारिज कर दिया कि यात्रियों ने अपनी यात्रा पूरी कर ली थी।

यह मामला ग्रेन पार्क एक्सटेंशन निवासी शैलेंद्र भटनागर की शिकायत पर सामने आया। उन्होंने सितंबर 2023 में अपनी बेटी के साथ मेक माय ट्रिप के जरिए बुक किए गए इकोनॉमी क्लास टिकट पर एयर इंडिया की दिल्ली-न्यूयॉर्क-दिल्ली फ्लाइट से यात्रा की थी। शिकायत में कहा गया कि लंबी उड़ान के दौरान सीटें टूटी और आरामदायक नहीं थीं, कॉल बटन और कंट्रोल काम नहीं कर रहे थे, एंटरटेनमेंट स्क्रीन खराब थी, वॉशरूम गंदे थे, जहाज के अंदर बदबू थी और खाने-पीने की क्वॉलिटी भी खराब थी। इसके बावजूद केबिन क्रू ने किसी तरह की मदद नहीं की। एयर इंडिया ने सभी आरोपों से इनकार करते हुए कहा कि उड़ान से पहले विमान की कठोर जांच की गई थी और उसे ऑपरेशन के लिए क्लियर किया गया था। एयरलाइन ने यह भी दावा किया कि शिकायतकर्ता ने बिजनेस क्लास में अपग्रेड की मांग की थी लेकिन सीटें उपलब्ध न होने के कारण यह संभव नहीं हो सका।

IGNOU की मेगा प्लेसमेंट ड्राइव 27 को

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: मैत्रीनगरी में इग्नू कैंपस में यूनिवर्सिटी अपने कैंपस प्लेसमेंट सेल (सीपीसी) के माध्यम से बैंकअर अश्विटकर कन्वेंशन सेंटर में 27 जनवरी को सुबह 10 बजे से यह ड्राइव रखेगी। यह प्लेसमेंट ड्राइव विशेष रूप से इग्नू के स्टूडेंट्स और पूर्व स्टूडेंट्स के लिए है। ड्राइव में पद्मश्री फर्मनियों हॉस्पिटैलिटी, बिजनेस डिवेलपमेंट, ट्रैवल और एजिकेशन सेक्टर में नौकरी के मौके देगी। इस ड्राइव में वाईस हॉस्पिटैलिटी, प्रैक्सिस कम्युनिकेशंस, बर्ड फ्लाइट सर्विसेज शामिल हैं, जो कैरियर ऑफिस सपोर्ट स्टाफ, ऑफिस एडमिनिस्ट्रेशन / ग्राफिक डिजाइनर, सेल्स एंड ऑपरेशंस (ट्रैवल), बिजनेस डिवेलपमेंट एग्जिक्यूटिव, कस्टमर सर्विस एजेंट (वीडियो) और कस्टमर सर्विस होस्ट (सीएसएच) जैसे कई तरह की पोस्ट के लिए नौकरी के मौके देंगी। यह नौकरी के मौके ग्रेजुएट के साथ-साथ अनुभवी उम्मीदवारों के लिए भी खुले हैं, जिसमें योग्यता मानदंड न्यूनतम 10+2 है।

मौजूदा के साथ ही पूर्व स्टूडेंट्स को भी मिलेगा मौका

परेड का मार्ग: विजय चौक – कर्तव्य पथ – 'सी'–हेक्सागन – आर/ए नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा – सिलक मार्ग – बहादुर शाह जफर मार्ग – नेताजी सुभाष मार्ग – लाल किला

गणतंत्र दिवस समारोह-2026 के संबंध में 23 जनवरी 2026 को फुल ड्रेस रिहर्सल होगी। रिहर्सल का वही रूट होगा जो गणतंत्र दिवस पर परेड का होता है। परेड रिहर्सल 23.01.2026 को सुबह 1030 बजे विजय चौक से शुरू होगी और लाल किले तक जाएगी। मार्ग पर परेड के सुचारू संचालन के लिए व्यापक यातायात व्यवस्था और प्रतिबंध होंगे।

यातायात प्रतिबंध परेड के सुचारू मार्ग को सुविधाजनक बनाने के लिए, परेड के मार्ग की ओर जाने वाली कुछ सड़कों पर यातायात की आवाजाही निम्नानुसार प्रतिबंधित रहेगी:

(1). 22.01.2026 को शाम 6 बजे से परेड शाम होने तक विजय चौक से इंडिया गेट तक कर्तव्यपथ पर कोई यातायात का आवागमन नहीं होगा। (2). 22.01.2026 की 2300 बजे से स्टेशन मार्ग, जनपथ, मान सिंह रोड पर परेड समाप्त होने तक कर्तव्यपथ पर कोई क्रॉस ट्रैफिक नहीं होगा। (3). सी-हेक्सागन-इंडिया गेट 23.01.2026 को सुबह 09:15 बजे से परेड के दिलकश मार्ग पर होने तक यातायात के लिए बंद रहेगा। (4). 23.01.2026 को सुबह 1030 बजे से दिलकश मार्ग, बीएमप्लेट मार्ग और सुभाष मार्ग पर दोनों दिशाओं में यातायात की अनुमति नहीं होगी। परेड की आवाजाही के आधार पर ही क्रॉस ट्रैफिक की अनुमति दी जाएगी।

सड़क उपयोगकर्ताओं से अनुरोध है कि वे तदनुसार अपनी यात्रा की योजना पहले से बनाएं और अपनी सुविधा के लिए 0930 बजे से 1300 बजे तक परेड के मार्ग से बचें।

सुझाए गए मार्ग हालांकि, यदि यात्रा अपरिहार्य है, तो सड़क उपयोगकर्ताओं को निम्नलिखित मार्ग अपनाने की सलाह दी जाती है:

उत्तर-दक्षिण कॉरिडोर:
- रिंग रोड - आश्रम चौक - सराय काले खां - आई.एस.बी.टी.अंतर - राजघाट - रिंग रोड
- महात्मा जी लोथी रोड टी पॉइंट - अरबिंदो मार्ग - एम्स चौक - रिंग रोड - बौला कुआं - बंदे मातरम् मार्ग - शंकर रोड - पार्क स्ट्रीट या मोदि मार्ग।

पूर्व-पश्चिम कॉरिडोर:
- रिंग रोड - पैरी रोड - मथुरा रोड - लोधी रोड - अरबिंदो मार्ग - एम्स चौक - रिंग रोड - बौला कुआं - बंदे मातरम् मार्ग - शंकर रोड - पार्क स्ट्रीट या मोदि मार्ग।
- रिंग रोड - कुतेबाई रोड - बर्फ खाना चौक - राजी झीलों फ्लाईओवर - पैज रोड - बंदे मातरम् मार्ग - आर/ए शंकर रोड। ● रिंग रोड - आईएसबीटी - पांडवी राय अस्पताल - आईपी कॉलेज - नाल रोड - आजादपुर - पंजाबी बाग।

नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के लिए:
- दक्षिणी दिल्ली से बौला कुआं - बंदे मातरम् मार्ग - पंचकुइयां रोड - आउटर सर्कल कनॉट प्लेस - पहाड़ गंज की ओर के लिए चेलम्सफोर्ड रोड या अजमेरी गेट की ओर के लिए - मिंटो रोड - भवभूति मार्ग।
- पूर्वी दिल्ली से आईएसबीटी ब्रिज के माध्यम से कुतेबाई रोड - राजी झीलों फ्लाईओवर - आर/ए झीलोवान - डी.बी. गुप्ता रोड - सीता सिनेमा रोड - पहाड़ गंज ब्रिज और नई दिल्ली रेलवे स्टेशन तक पहुंचें।

पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन के लिए:
- दक्षिणी दिल्ली से रिंग रोड - आश्रम चौक - सराय काले खां - रिंग रोड - राजघाट - रिंग रोड - चौक यमुना बाजार - एस.पी. मुखर्जी मार्ग - छात्र रोड - कोटला ब्रिज और पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन तक पहुंचें।

हालांकि उत्तरी दिल्ली से नई दिल्ली रेलवे स्टेशन या पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन की ओर जाने वाले लोगों के लिए कोई प्रतिबंध नहीं होगा, फिर भी यह सलाह दी जाती है कि वे अपनी यात्रा की योजना पहले से बनाएं और संभावित देरी से बचने के लिए अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए पर्याप्त अतिरिक्त समय तैयार रखें।

बस समाप्ति स्थान निजी बस सेवाओं की आवाजाही निम्नलिखित बिंदुओं पर समाप्त की जाएगी

1. पार्क स्ट्रीट/उद्यान मार्ग 2. आराम बाग रोड (पहाड़ गंज) 3. राजा अग्रसेन कम्पला मार्केट 4. दिल्ली मजिस्ट्रेट (आईजी स्टेडियम) 5. प्रगति मैदान (पैरी रोड) 6. हनुमान मंदिर (बहुता बाजार) 7. मोरी गेट 8. आईएसबीटी कश्मीरी गेट 9. आईएसबीटी सराय काले खां 10. तीस हजारी कोर्ट

अंतरराज्यीय बसें
(i) गाजियाबाद से तिलोका स्टेडियम जाने वाली बसें एनएच-24, रिंग रोड से होकर पैरी रोड पर समाप्त होंगी। (ii) एनएच-24 से आने वाली बसें तीन नंबर 56 पर दाहिने ओर मुंडेला और आईएसबीटी आनंद विहार पर समाप्त होंगी।
(iii) गाजियाबाद की ओर से आने वाली बसों को मोहन नगर से यमुनाबाद ब्रिज के लिए भोपरा पुली की ओर मोड़ दिया जाएगा। (iv) बौला कुआं की ओर से आने वाली सभी अंतरराज्यीय बसें बौला कुआं पर समाप्त हो जाएंगी।

मेट्रो सेवाएँ 23 जनवरी, 2023 को फुल ड्रेस रिहर्सल समारोह के दौरान सभी मेट्रो स्टेशनों पर यात्रियों के लिए मेट्रो रेल सेवा उपलब्ध रहेगी।

एचटीवी/एमजीवी/एलजीवी 22.01.2026 को 2100 बजे से 23.01.2026 को गणतंत्र दिवस की फुल ड्रेस रिहर्सल समाप्त होने तक किसी भी एचटीवी/एमजीवी/एलजीवी को दिल्ली की सीमाओं में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी (आवश्यक सेवाओं को छोड़कर)। इन वाणिज्यिक वाहनों को आने की यात्रा के लिए दिल्ली की निम्नलिखित अंतर-राज्यीय सीमाओं से हायवे किया जाएगा: -

गाजियाबाद: सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गत वर्ष की भाँति इस वर्ष भी 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की सुबह परेड से पूर्व दिनांक 23.01.2026 को कर्तव्य पथ, दिल्ली में रिहर्सल परेड का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। इसके सुरक्षित संचालन को सुनिश्चित करने के लिए, क्लियिंग गाजियाबाद द्वारा दिनांक 22.01.2026 को रात्रि 20:00 बजे से 23.01.2026 की कार्यक्रम समाप्ति तक निम्नलिखित मार्गों से गाजियाबाद सीमा से दिल्ली में सभी प्रकार के वाणिज्यिक वाहनों (ट्रकों/मध्यम/भारी) के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया जा रहा है। हायवॉर्न निम्न प्रकार से किया जायेगा: 1.) कुंडी नेट/गाजीपुर बॉर्डर 2.) दिल्ली नेशल एक्सप्रेसवे कुंडी नेट/गाजीपुर बॉर्डर 3.) महामाया फ्लाईओवर बॉर्डर 4.) सीमा पुरी बॉर्डर 5.) डीएनडी फ्लाईओवर बॉर्डर 6.) लोनी बॉर्डर 7.) इंदिरापुरम गोल गेट 8.) सूर्य नगर शहादरा बॉर्डर 9.) तुगलकी निकेतन बॉर्डर 10.) सेवाधाम चौकी सिराहा 11.) अंकुर विहार बॉर्डर 12.) मण्डपुर सिराहा

फरीदाबाद: गणतंत्र दिवस के मद्देनजर दिनांक 22.01.2026 समय 09.00 बजे से 23.01.2026 समय 01.30 बजे तक फरीदाबाद एवं दिल्ली में सभी व्यावसायिक वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा। सभी परिवहन एवं वाणिज्यिक वाहन चालकों से अनुरोध है कि वे पुलिस प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करें।

✓ उत्तर प्रदेश और पंजाब से आने वाले सभी भारी वाहन चालकों को अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए वैकल्पिक मार्ग के जीपीएस/केएमपी का उपयोग करना चाहिए। बदरपुर बॉर्डर, प्रह्लादपुर सुप्रीम रेल, मंगर होते हुए छतरपुर जाने वाली पुरानी बिल्डर रोड आदि समेत फरीदाबाद-दिल्ली की सभी सीमाओं पर प्रवेश वर्जित रहेगा।

✓ राष्ट्रीय राजधानी पर किसी भी भारी वाहन चालक को आने से यातायात प्रभावित होता है और ट्रैफिक की आवाजाही बनी रहती है। राष्ट्रीय राजधानी पर वाहनों की साइड पार्किंग वर्जित है। उल्लंघन की स्थिति में नियमानुसार कार्रवाई की जायेगी।

निम्नलिखित स्थानों पर यातायात पुलिस एवं स्थानीय पुलिस द्वारा नाकाबंदी की जायेगी:

1.) नाका सूरज कुंड चौक 2.) नाका दुर्गा विहार 3.) नाका जेठौली चौक 4.) नाका बदरपुर बॉर्डर 5.) नाका मंगर चौकी 6.) नाका सीकरी एनएच-19 7.) दिल्ली मुंबई एक्सप्रेस-वे पीठापुरा दिल्ली के पास

गौतमबुद्ध नगर: विषय के संबंध में सूचित किया जाता है कि पिछले वर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर कमिश्नरेट गौतमबुद्ध नगर में यातायात व्यवस्था एवं 2026 हेतु प्रस्तावित व्यवस्था इस प्रकार है:

1.) नोएडा से दिल्ली में प्रवेश करने की सीमायें कालिंदी, टीएनडी, चिल्ला, नू.प्रवेश नगर, वसुंधरा, झुंडपुरा और हरिदत्तनि हैं। 2.) नोएडा से दिल्ली की यात्रा के लिए मुख्य रूप से कालिंदी, टीएनडी और चिल्ला बॉर्डर पर यातायात पुलिस कर्मियों को तैनात करके यातायात का प्रबंधन किया जाता है। इसके अलावा, नू.प्रवेश नगर, झुंडपुरा और हरिदत्तनि में अतिरिक्त पुलिस को आवश्यक सहयोग दिया जाता है।

गणतंत्र दिवस 2025 पर गौतमबुद्ध नगर ट्रैफिक पुलिस द्वारा की गई कार्यवाई: 1.) दिल्ली में महत्वपूर्ण प्रवेश बिंदुओं चिल्ला रेड लाइट, टीएनडी और कालिंदी कुंज बॉर्डर पर यातायात पुलिस तैनात करके यातायात का प्रबंधन किया गया। 2.) इन सीमा बिंदुओं पर यातायात ब्लॉक्स के दौरान कोई समस्या उत्पन्न नहीं हुई। 3.) भारी मालवाहक वाहनों को इन सीमा बिंदुओं से डायवर्ट किया गया और हरित पॉयिंटस एक्सप्रेसवे के माध्यम से उनके गंतव्य तक भेजा गया।

गणतंत्र दिवस 2026 के लिए यातायात पुलिस कार्य योजना: दिल्ली पुलिस से प्राप्त निर्देशों के आधार पर 22 और 23 जनवरी 2026 को ट्रैफिक डायवर्जन लागू किया जाएगा।

दिल्ली से गौतमबुद्ध नगर तक की सीमायें: कालिंदी, टीएनडी, चिल्ला, नू.प्रवेश नगर, वसुंधरा, झुंडपुरा और हरिदत्तनि। आवाजाह भारी मालवाहक वाहन कालिंदी, टीएनडी और चिल्ला बॉर्डर से होकर दिल्ली राज्य में प्रवेश करते हैं।

1.) सुचारू यातायात व्यवस्था के दृष्टिगत गौतमबुद्ध नगर से दिल्ली राज्य में मालवाहक वाहनों (भारी, मध्यम एवं हल्के) का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। इस संबंध में ट्रैफिक पुलिस की ओर से पहले ही एडवाइजरी जारी की जाएगी। 2.) यातायात प्रबंधन के लिए गौतमबुद्ध नगर जिले से दिल्ली सीमा में प्रवेश करने वाले महत्वपूर्ण मार्गों - चिल्ला रेड लाइट बॉर्डर, टीएनडी बॉर्डर, कालिंदी कुंज बॉर्डर पर ट्रैफिक पुलिस तैनात की जाएगी। 3.) चिल्ला रेड लाइट (सीमा) से दिल्ली राज्य में प्रवेश करने वाले और अन्य जाने वाले वाहन चिल्ला रेड लाइट से यू-टर्न लेंगे और नोएडा-डेटर नोएडा एक्सप्रेसवे के माध्यम से अपने गंतव्य की ओर बढ़ेंगे। 4.) टीएनडी (सीमा) से दिल्ली राज्य में प्रवेश करने वाले और अन्य जाने वाले वाहन टीएनडी से यू-टर्न लेंगे और नोएडा-डेटर नोएडा एक्सप्रेसवे और ईस्टर्न पॉयिंटस एक्सप्रेसवे के माध्यम से अपने गंतव्य की ओर बढ़ेंगे। 5.) कालिंदी कुंज यमुना (सीमा) से दिल्ली राज्य में प्रवेश करने वाले और अन्य जाने वाले वाहनों को यमुना नदी से पहले अंडरपास तिराहा से डायवर्ट किया जाएगा और नोएडा-डेटर नोएडा एक्सप्रेसवे और ईस्टर्न पॉयिंटस एक्सप्रेसवे के माध्यम से अपने गंतव्य की ओर प्रस्थान किया जाएगा। 6.) यमुना एक्सप्रेस-वे से दिल्ली राज्य की ओर आने वाले मालवाहक वाहनों को जीटी पावर से ईस्टर्न पॉयिंटस एक्सप्रेस-वे की ओर डायवर्ट किया जायेगा। 7.) पुख्ता सड़क पर कोई वाहन खड़ा न हो, इसके लिए ट्रैफिक पुलिस क्यूआरटी टीम तैनात की जाएगी। 8.) विशेष परिस्थितियों में वाहनों को मुख्य मार्गों से हटाकर कुछ समय के लिए चिल्ला-सनि मंदिर रोड, पुश्ता रोड सेक्टर 94 और सेक्टर 44 सर्विस रोड पर पार्क किया जाएगा। 9.) सुरक्षा कारणों से नोएडा स्थित डीएनडी मेट्रो स्टेशनों - कंटोनमेंट गार्डन, सिटी सेंटर, इलेक्ट्रॉनिक सिटी, बर्ड सेंचुरी पर पार्किंग वाली कराई जाएगी और बंद कर दी जाएगी। 10.) ट्रैफिक सलाह और अपडेट ट्विटर, फेसबुक और वाट्सएप जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से या ट्रैफिक हेल्पलाइन नंबर 9971009001 पर संपर्क करके प्रदान किया जाएगा।



गुरुग्राम 22.01.2026 को 2100 बजे से 23.01.2026 को गणतंत्र दिवस की फुल ड्रेस रिहर्सल समाप्त होने तक किसी भी एचटीवी/एमजीवी/एलजीवी को (आवश्यक सेवाओं को छोड़कर) दिल्ली में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। निम्नलिखित सीमा बिंदुओं से हायवॉर्न किया जाएगा: 1.) राजोकरी 2.) कापसहेड़ा 3.) आया नगर 4.) कंझावला

हरियाणा सीमा: गणतंत्र दिवस-2026 समारोह के मद्देनजर, 23.01.2026 को रिहर्सल परेड और 26.01.2026 को अंतिम परेड कर्तव्य पथ, दिल्ली में आयोजित करने का प्रस्ताव है। इसे सुरक्षित संपन्न करने के लिए कानून-व्यवस्था एवं यातायात की व्यापक व्यवस्था की गयी है। सीमाओं पर ट्रैफिक हायवॉर्न प्रभावी रहेगा। इसलिए, सभी प्रकार के वाणिज्यिक वाहनों (हल्के/मध्यम/भारी) को 2200 बजे (22.01.2026) से 1330 बजे (23.01.2026) तक दिल्ली में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। निम्नलिखित सीमाओं में किया जायेगा हायवॉर्न-

मुनक नहर: 1.) टिकरी बॉर्डर 2.) झरोदा बॉर्डर 3.) डांसा बॉर्डर 4.) दतौल बॉर्डर

अंतरिक सड़क/ग्राम सीमायें: 1.) झरोदा बॉर्डर 2.) नानकहेड़ी/बहुमंजिला बॉर्डर 3.) सुरखपुर बॉर्डर

बहादुरगढ़ हरियाणा क्षेत्र में हायवॉर्न योजना: 1.) टी-पाइंट सेक्टर-9, बहादुरगढ़ में बहादुरगढ़ बाईपास और केएमपी एक्सप्रेसवे 2.) बहादुरगढ़ बाईपास से केएमपी एक्सप्रेसवे तक यू-टर्न 3.) केएमपी एक्सप्रेसवे से केएमपी एक्सप्रेसवे के पास

गुरुग्राम हरियाणा क्षेत्र में हायवॉर्न योजना: 1.) लोहट गांव से गुरुग्राम-बादली रोड 2.) धनपुर चौक, सेक्टर-108, गुरुग्राम से गुरुग्राम-द्वारका एक्सप्रेस वे 3.) बक्कुरा चौक, सेक्टर-108, गुरुग्राम से द्वारका एक्सप्रेस वे

द्वारका: 22.01.2026 को 2100 बजे से 23.01.2026 को गणतंत्र दिवस की फुल ड्रेस रिहर्सल समाप्त होने तक किसी भी एचटीवी/एमजीवी/एलजीवी को (आवश्यक सेवाओं को छोड़कर) दिल्ली में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। निम्नलिखित सीमा बिंदुओं से हायवॉर्न किया जाएगा: 1.) धनखड़ 2.) झरोदा 3.) टिकरी

सोनीपत: 22.01.2026 को 2100 बजे से 23.01.2026 को गणतंत्र दिवस की फुल ड्रेस रिहर्सल समाप्त होने तक किसी भी एचटीवी/एमजीवी/एलजीवी को (आवश्यक सेवाओं को छोड़कर) दिल्ली में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। निम्नलिखित सीमा बिंदुओं से हायवॉर्न किया जाएगा: 1.) औचंदी 2.) सिंघू

किसी भी एचटीवी/एमजीवी/एलजीवी को 23.01.2026 को 0700 बजे से 1330 बजे तक आईएसबीटी सराय काले खां और आईएसबीटी, कश्मीरी गेट के बीच रिंग रोड पर चलने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

टीएसआर/टैक्सी: 23.01.2026 को 0700 बजे के बाद किसी भी टीएसआर और टैक्सी को निम्नलिखित क्षेत्र में प्रवेश करने या चलने की अनुमति नहीं दी जाएगी:

मदर टेरेसा क्रिसेंट - बाबा खड़क सिंह मार्ग - अशोक रोड आर/ए पटेल चौक तक - संसद मार्ग टीसर्कल मार्ग तक - टीसर्कल मार्ग कस्तूरबा गांधी मार्ग तक - कस्तूरबा गांधी मार्ग फिरोजशाह रोड तक - फिरोजशाह रोड आर/ए मोती हाउस तक - भगवान दास रोड - मथुरा रोड - सुब्रमण्यम भारती मार्ग - हुमायूं रोड - ए.पी.जे अब्दुल कलाम मार्ग - कमाल अतातुर्क मार्ग - कोटिल्य मार्ग और सरदार पटेल रोड (छोड़कर)।

आम जनता के लिए निर्देश यदि कोई अज्ञात या संदिग्ध वस्तु / व्यक्ति दिखाई देता है, तो ड्यूटी पर निकटतम पुलिसकर्मी को जानकारी दी जानी चाहिए।

पैरा-मलाइडर, पैरा-मोटर्स, हैंग मलाइडर, यूनी, पूरपस, माइक्रोलाइट विमान, यूज़ ने संचालित विमान, गर्म हवा के गुब्बारे, छोटे आकार के संचालित विमान, क्वाड कॉप्टर या विमान के पैरा जंपिंग आदि जैसे उप-पारंपरिक हवाई प्लेटफॉर्मों की 31 से 01.02.2026 तक राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली के अधिकार क्षेत्र पर प्रतिबंधित है।

DPI9843/2026

अधिक जानकारी हेतु आम जनता और वाहन चालक दिल्ली ट्रैफिक पुलिस की वैबसाइट देखें : https://traffic.delhipolice.gov.in

ट्रैफिक प्रहरी बनें | ऐप डाउनलोड करें App Store Google Play | 24 घंटे यातायात हेल्पलाइन: 011-25844444/1095 | @dtptraffic @dtptraffic @dtptraffic 8750871493

नमो भारत आनंद विहार स्टेशन पर बनेगा पॉड होटल

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

नमो भारत के आनंद विहार स्टेशन पर जल्द ही एक पॉड होटल, प्रीमियम फाइन डाइनिंग रेस्टोरेंट और अन्य खाद्य-केंद्रित सेवाएं शुरू की जाएंगी। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (NCRTC) ने बताया कि इसके लिए उन्होंने आनंद विहार स्टेशन पर प्रॉस्टी डेवलपमेंट के लिए समझौता किया है। इसके तहत दिल्ली-मेरठ नमो भारत कॉरिडोर पर स्थित इस स्टेशन परिसर में 30 बिस्तरों की क्षमता वाला एक आधुनिक पॉड होटल, एक फाइन डाइनिंग रेस्टोरेंट शुरू किया जाएगा।

30 बिस्तरों की क्षमता वाला बनेगा आधुनिक पॉड होटल

NCRTC के मुताबिक पॉड होटल में थोड़ी देर के लिए रुकने की व्यवस्था होगी। यह सुविधा लंबी दूरी के यात्रियों और कई स्थानों पर ट्रांसफर करने वाले यात्रियों को स्टेशन के भीतर ही आराम करने का अवसर देगी, जिससे उन्हें ठहरने के लिए स्टेशन से बाहर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। इसके अलावा आनंद विहार स्टेशन पर फूड स्टॉल, आउटलेट्स, ऑफिस स्पेस और परिधान स्टोर भी खोलने का प्रस्ताव है। NCRTC के अनुसार, स्टेशन पर अलग-अलग फ्लोर पर मिलाकर कुल 4000 वर्ग मीटर जगहों को विकसित करने के लिए दिया गया है। इससे यात्रियों को सुविधाएं मिलने के साथ ही NCRTC का राजस्व भी बढ़ेगा।

बताते चलें कि आनंद विहार एक प्रमुख मल्टी-मॉडल हब है, जहां दिल्ली मेट्रो की पिंक और ब्लू लाइनें, आनंद विहार रेलवे स्टेशन तथा दो अंतरराज्यीय बस टर्मिनल एक दूसरे को कनेक्ट करते हैं। मेरठ से दिल्ली के 82 किलोमीटर निर्माणाधीन RRTS (रैपिड रेल ट्रांजिट सिस्टम) कॉरिडोर में से अभी 55 किलोमीटर और 11 स्टेशन के बीच परिचालन हो रहा है।

असिस्टेंट कमांडेंट सिमरन करेंगी CRPF टुकड़ी को लीड

Maneesh.Aggarwal@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** कर्तव्य पथ पर इस 26 जनवरी को एक और इतिहास रचा जाएगा। पहली बार परेड के दौरान CRPF की सिमरन बाला नाम की एक फीमेल असिस्टेंट कमांडेंट कंटिंजेंट का नेतृत्व करेंगी। इससे पहले ना केवल CRPF में बल्कि केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (CAPF) में शामिल BSF, असम राइफल्स, ITBP और CISF समेत तमाम CAPF में 26 जनवरी के दिन कर्तव्य पथ पर मेल कंटिंजेंट की कमांडर कोई महिला अफसर नहीं बनी है। इस बार यह अपने आप में इतिहास होगा।

NBT से खास बातचीत में CRPF की असिस्टेंट कमांडेंट सिमरन बाला ने बताया कि उनके परिवार से वह तीसरी पीढ़ी है, जिन्हें CRPF के रूप में देश की सेवा करने का अवसर मिला है। उनसे पहले उनके दादा तीरथ राम चौधरी भी आर्मी में सूबेदार रहे और पिता विनोद कुमार चौधरी भी आर्मी से रिटायर हैं। अब वह अपने घर की थर्ड जनरेशन हैं। जो वर्दी में आई हैं। अपने दादा और पिता को वर्दी में देख-देखकर बचपन से उन्हें भी वर्दी पहनने का सपना था। वह कश्मीर के नौशेरा की रहने वाली हैं, जो पाकिस्तान बॉर्डर से करीब 10 किलोमीटर दूर है। वहां कभी भी पाकिस्तान की तरफ से गोलाबारी कर दी जाती है।

दुश्मन को जवाब देने और अपने परिवार से वर्दी पहनने का सपना देखा उन्होंने 2021 में UPSC CAPF का एग्जाम दिया। पहले ही प्रयास में वह सफल हो गईं और उनकी रैंक AIR-82 रही। जनवरी, 2024 में उन्होंने CRPF की जॉइन किया और छह मार्च 2025 को वह ट्रेनिंग लेकर पास आउट हुईं। ट्रेनिंग के दौरान तीन बेस्ट ट्रॉफी में उनके नाम दो बेस्ट ट्रॉफी भी रहीं। बचपन से ही वह पाकिस्तान के छक्के छुड़ाने वाले लॉयन ऑफ नौशेरा नाम से मशहूर प्राइ महावीर चक्र विजेता ब्रिगेडियर मोहम्मद उस्मान से बहुत प्रभावित थीं।

उन्होंने बताया कि उनकी पहली पोस्टिंग छत्तीसगढ़ में CRPF की बस्तरिया बटालियन में हुई। जहां नक्सलियों के खिलाफ होने वाले एक्शनों में भी वह शामिल रहती हैं। उन्होंने कहा कि 26 जनवरी के दिन दिल्ली में कर्तव्य पथ पर CRPF मेल कंटिंजेंट की पहली महिला कमांडर बनकर बहुत गर्व महसूस कर रही हैं। उन्हें पूरी CRPF का भरपूर साथ मिल रहा है।

पहली बार फीमेल असिस्टेंट कमांडेंट करेंगी लीड

28 को पेश होगा बजट

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:

स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा की अध्यक्षता में हुई बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए। उन्होंने बताया कि एमसीडी का बजट 28 जनवरी को सदन में पेश किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पार्षदों को अपने-अपने क्षेत्रों में सड़क, नाली, पार्क, स्ट्रीट लाइट सहित अन्य विकास कार्यों के लिए पर्याप्त वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे स्थानीय स्तर पर समस्याओं का समाधान सुनिश्चित हो सकेगा।

बैठक में शून्य टैक्स के मुद्दे पर भी विस्तार से चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि इस संबंध में अधिकारियों द्वारा सुप्रीम कोर्ट में निगम का पक्ष मजबूती से रखा जाएगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि टोल बंद होने की स्थिति में निगम की राजस्व व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। इसलिए जनहित और निगम हित दोनों का संतुलित रखते हुए समाधान आवश्यक है।

MCD पेश करेगा अपना बजट

NDMC एरिया में कारोबार करना होगा अब आसान!

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

नई दिल्ली नगर पालिका परिषद (एनडीएमसी) एरिया में कारोबार करना काफी आसान हो जाएगा। बुधवार को कार्यालय की बैठक में लाइसेंस की अनिवार्यता को खत्म कर दिया गया। कारोबार करने के लिए अगर एफएसएसएआई का लाइसेंस या जीएसटी रजिस्ट्रेशन कराया हुआ है तो कारोबारियों को एनडीएमसी के हैल्थ विभाग से अलग से हैल्थ ट्रेड लाइसेंस लेने की जरूरत नहीं है। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को बढ़ावा देने के लिए एनडीएमसी द्वारा यह महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। एनडीएमसी के उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने बताया कि FSSAI अधिनियम अथवा GST रजिस्ट्रेशन को NDMC अधिनियम की संबंधित धाराओं के अंतर्गत लाइसेंस के रूप में पर्याप्त माना जाएगा।

द्वारका के चौराहे पर लगा कॉलम फाउंटेन

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: द्वारका की खूबसूरती बढ़ाने के लिए बुधवार को एक अहम चौराहे पर स्टेट ऑफ आर्ट कॉलम फाउंटेन की शुरुआत की गई। इसका उद्घाटन दिल्ली के उपराज्यपाल वी के सक्सेना ने किया। यह कॉलम फाउंटेन सेक्टर 6/7 और सेक्टर 5/6 की क्रॉसिंग पर लगाया गया है। उद्घाटन कार्यक्रम में पालम से विधायक कुलदीप सोलंकी, मटियाला से विधायक संदीप सहरावत और दिल्ली विकास प्राधिकरण के वाइस चेयरमैन एन सरवना मौजूद रहे। एलजी वी के सक्सेना की निगरानी में द्वारका को वर्ल्ड क्लास रेजिडेंशल और कमर्शल एरिया के तौर पर डिवेलप किया जा रहा है। यह कॉलम फाउंटेन एक व्यस्त चौराहे पर लगाया गया है। इससे आने-जाने वाले लोगों को बढ़िया नजारा देखने को मिलेगा। एलजी ने कहा कि द्वारका में पिछले कुछ समय में डिवेलपमेंट से जुड़े कई काम किए गए हैं। राजधानी को ज्यादा खूबसूरत बनाने के लिए प्रशासन काम में लगा हुआ है।

यह कॉलम फाउंटेन कंटेंपररी डिजाइन पर तैयार किया गया है। इसकी लंबाई करीब 2.8 मीटर, चौड़ाई 4.5 मीटर है। इसे टीक और रेनबो सैंडस्टोन से बनाया गया है। रात के समय इसमें एलईडी लाइटें जलेंगी, जिससे यह और ज्यादा आकर्षक नजर आएगा।

खूबसूरती बढ़ाने के लिए लगाया

आरंभ लाइब्रेरी का हुआ शुभारंभ

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: स्टूडेंट्स को पढ़ाई के लिए अच्छा माहौल देने के विजन से बुधवार को LG वीके सक्सेना ने विकासपुरी में आरंभ लाइब्रेरी का उद्घाटन किया। DDA की यह पांचवीं आरंभ लाइब्रेरी है। इस लाइब्रेरी को वेस्ट दिल्ली के छात्रों को ध्यान में रखकर तैयार की गई है। LG ने कहा कि यह एक नेक पहल है और इसके लिए DDA बधाई का पात्र है। यह सीमित संसाधनों वाले छात्रों के लिए DDA की सेवा है और हम युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए प्रयास करते रहेंगे क्योंकि वे हमारे देश के भविष्य हैं। एम-ब्लॉक, विकासपुरी में यह लाइब्रेरी 8-9 घंटे की शिफ्ट में खुली रहेगी।

विकासपुरी में LG ने किया उद्घाटन

किराड़ी के हालात पर राहुल गांधी ने जताई चिंता

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

देश की राजधानी दिल्ली का किराड़ी विधानसभा इन दिनों मीडिया की सुर्खियों में है, लेकिन इसकी वजह वहां का नरकीय जीवन, कई कई फीट तक भरा गंदा पानी, घर से निकलने तक की जगह नहीं जैसी समस्याओं का अंबार है। ऐसे में राजनीतिक पार्टियों के लिए भी अब यह विषय गंभीर बन गया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने इलाके का दौरा किया, गंदे पानी में उतरे भी, लोगों की समस्या सुनी, वहीं पार्टी के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने सोशल मीडिया के जरिए इसे समस्या को उठाते हुए कड़ी आलोचना की है।

इस बाबत सोशल मीडिया एक्स पर एक वीडियो साझा करते हुए राहुल गांधी ने लिखा, 'हर आम भारतीय की जिंदगी आज ऐसी ही नर्क की यातना बन गई है। सिस्टम सत्ता के सामने बिक चुका है। सब एक-दूसरे की पीठ थपथपाते हैं और मिलकर जनता को रौंदते हैं। देश में लालच की महामारी फैल चुकी है, शहरी सड़न जिसका सबसे उदाहरण चेहरा है। राहुल ने आगे लिखा कि हमारा समाज इसलिए मर रहा है क्योंकि हमने इस सड़न को 'New Normal' मान लिया है, सुन्न, निशब्द, बेसहारा। जवाबदेही की मांग करो, वरना यह सड़न हर दरवाजे तक पहुंचेगी।'

कहा, जवाबदेही की मांग करो, वरना यह सड़न हर दरवाजे तक पहुंचेगी

सभी पात्र विजेता ही है जो बारी-बारी से सीता वाली जनकनंदिनी का रूप धारण करती है। प्रकाश झा ने नाटक के जरिए सीता से संबंधित कई ऐसे पहलुओं को छुआ है जो लोगों को सोचने पर मजबूर करती है। सीता एक जगह कहती हैं कि लोग कहते हैं कि मैंने लक्ष्मण द्वारा खींची गई रेखा को लक्ष्मण के मना करने के बावजूद पार किया, इसलिए रावण ने मेरा हरण कर लिया। मैं पूछना चाहती हूं कि यह कहां लिखा गया है। यह तो झा कोरी कल्पना मात्र है। नाटक में मिथिला की बेटी सीता अपनी सहेलियों के संग निर्भीक होकर वह सब कुछ बोलती हैं, जिसे वह आज तक कहीं बोल नहीं सकी थीं। अपने जीवन की सही-गलती सभी परतों को खोलती चली जाती हैं, पर वह अंत के लिए भी अपने राघव से दूर नहीं होती है। वह अपने प्राणप्रिय राघव से नाराज तो हैं, पर प्रेम की डोर से बंधी हुई है। 'जनकनंदिनी' नाट्य प्रस्तुति सीता के बहाने वर्तमान बेटियों की संवेदना मौन गाथा है। नाटक में ज्योति झा, सुरभि झा, सुरभि सिंह, पायल धिरासरिया, साक्षी झा और दीप्ति झा ने अपने अभिनय से काफी प्रभावित किया।

'दुख में प्रभु स्मरण से मिलती है शांति'

■ NBT न्यूज, नई दिल्ली: गंगेश्वर धाम करोलबाग में भागवत कथा सुनाते हुए पंडित अभिनव शास्त्री-वृंदावन ने कहा कि कुंती ने प्रभु से कहा- प्रभु, मेरे जीवन में दुःख आएंगे तो मैं भजन के माध्यम से आपको याद करती रहूंगी, बस, आप हर दुःख में मेरे साथ रहना फिर इससे अच्छा सुख क्या हो सकता है।

प्राचीन शिव मंदिर, संध्यापुरी संन्यास आश्रम अर्बन स्टेटियम में महंत धीरेन्द्रपुरी के सान्निध्य में शतचंडी महायज्ञ व दुर्गा सप्तशती पाठ में सैकड़ों भक्तों ने भाग लिया। वहीं हरिहर उदासीन आश्रम, कमला मार्केट में महंत सुखा मुनि के सान्निध्य में महंत प्रद्युम्न मुनि ने शिव परिवार की पूजा का महात्म्य बताया।

'मैंने नहीं लांघी कोई लक्ष्मण रेखा'

मैथिली नाटक जनकनंदिनी के माध्यम से दिखाई सीता की व्यथा

RoushanJha@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** त्रिवेणी थिएटर फेस्ट में बुधवार को मैथिली नाटक जनकनंदिनी का मंचन किया गया। त्रिवेणी सभागार में दोपहर बाद 4:30 और शाम सात बजे रिपीट शो में आयोजित इस नाटक में माता सीता की व्यथा को गीत नृत्य शैली में दिखाया गया। मिथिला के चर्चित निर्देशक प्रकाश झा के इस नाटक को इस बार भारत रंग महोत्सव के लिए भी चुना गया है जिसका मंचन 30 जनवरी को असम राज्य के गौगांव में होगा।

नाटक का लेखन, परिकल्पना एवं निर्देशन प्रकाश झा ने ही किया है। इस नाट्य प्रस्तुति की विशेषता है कि मंच पर

पहचान की अपील

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक मृतक व्यक्ति जिसका **नाम :** नामालूम, **पुत्र :** नामालूम, **पता:** नामालूम, **उम्र :** लगभग 40–45 साल, **कद :** लगभग 5 फुट 5 इंच, **रंग :** गेहुआं, **शरीर :** पतला, **चेहरा:** अण्डाकार, **पहनावा :** सफेद बनियान, सफेद शर्ट, गहरी नीली पैंट और नंगे पैर जो हनुमान सेतु फ्लाईओवर के नीचे जमुना बाजार, थाना कश्मीरी गेट, दिल्ली के अधिकर क्षेत्र में मिला।

इस संदर्भ में **डी डी सं. 49ए दिनांक 29.12.2025** थाना कश्मीरी गेट, दिल्ली में दर्ज है।

पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी अब तक इस मृतक व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी या सुराग नहीं मिल पाया है।

यदि किसी भी व्यक्ति को इस मृतक व्यक्ति के बारे कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोलिखित पते पर सूचित करने की कृपा करें।

थानाध्यक्ष
थाना : कश्मीरी गेट, दिल्ली
फोन: 011-23968730,
8750870123, 9810253061

DP/943/N/2026

पहचान की अपील

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यह व्यक्ति (फोटो में प्रदर्शित) जिसका नाम: अज्ञात पुत्र: अज्ञात पता: अज्ञात उम्र: लगभग 55-60 साल, लिंग: पुरुष, कद: 5 फुट 6 इंच, चेहरा: अंडाकार, रंग: सांवला, शरीर: पतला, पहनावा: काले रंग की जैकेट और नीले की पैंट पहने हुए, **दिनांक 17.01.2026** को हनुमान सेतु, फ्लाईओवर के नीचे यमुना बाजार, कश्मीरी गेट पर एक व्यक्ति मृत पाया गया, **थाना अन्तर्गत कश्मीरी गेट, दिल्ली**

इस संदर्भ में **DD No.85A dated, दिनांक 17.01.2026, थाना अन्तर्गत कश्मीरी गेट, दिल्ली** में दर्ज है।

हर संभव कोशिश के बाद भी अब तक इस मृतक व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी या सुराग नहीं मिल पाया है।

मृतक के पहचान के लिए सब्जी मंडी शवगृह, दिल्ली में 72 घंटे संरक्षित रखा गया है। यदि किसी भी व्यक्ति को इस मृतक व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरी को निम्नलिखित पते पर सूचित करने की कृपा करें।

थाना प्रभारी
थाना कश्मीरी गेट, दिल्ली
फोन: 011-24967889, 8750870123

DP/957/N/2026

उजाड़ टेंडर्स

इलेक्ट्रॉनिक निविदा पूर्व प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक उत्तर रेलवे नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई– निविदा आमंत्रित की जाती है :–

क्र0 सं0	निविदा सं0	संक्षिप्त विवरण	मात्रा	अंतिम तिथि
01	09252374	रबर किट ऑफ लोड सेंसिंग डिवाइस	6844 सेट	09-02-26
02	01250045A	रेगुलेटिंग एक्युमुलेट (ए टी डी) की पुल्ली टाइप विथ मोडिफाइड पुल्ली	720 नग	11-02-26
03	01251825	पोर्टेबिल ब्रेकेट इंडुलेटर (आर आई–6030–1) (1050 एम एच सी डी)	2890 नग	16-02-26
04	09263057	किट ऑफ पी यू पेड्स	718 सेट	16-02-26
05	18251059	ग्री डिटेक कंप्यूटर टिकट्स (एफबीटेड) ऑफ यूटी एस	80894 नग	19-02-26
06	12260029	अर्थिंग केबल कम्पलीट 70 स्क्वायर एम एम	17350 नग	25-02-26
07	07250438	इलेक्ट्रेट पॉर एयर ब्रेक सिस्टम ऑफ एल एच बी कोचेस	950 नग	17-03-26
08	07250235	हेक्स. हेड बोल्ट एम 20 x 100 (एच टी) ऑर एल एच बी विएट बोगी	166000 नग	19-03-26

निविदा शर्तें– 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदाएं स्वीकृत नहीं की जायेगी।

टेंडर नोटिस सं0 81/2025–2026 दिनांक 21.01.2026 230/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

भारत सरकार
(भारत सरकार)
पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय
(पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय)
(स्थापना अनुभाग)

परिवहन भवन,
1, संसद मार्ग,
नई दिल्ली-110001

क्रिक परिपत्र संख्या ए-12025/1/2026-Estt.I दिनांकित 7 जनवरी, 2026

पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के विकास विंग में उप निदेशक (इंजीनियरिंग) के एक पद को भरने के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं, जो 7वें सीपीसी के अनुसार लेवल: 11 में एक सामान्य केंद्रीय सेवा समूह 'ए' राजपत्रित गैर-मंत्रालयी पद है, प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक अनुबंध सहित) द्वारा।

2. प्रतिनियुक्ति/अल्पकालिक अनुबंध की अवधि तीन वर्ष होगी। योग्यता, अनुभव और अन्य विवरण के साथ आवेदन पत्र पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय की वेबसाइट www.shipmin.gov.in से "ऑर्डर" के तहत "रिक्तियां" लिंक से डाउनलोड किए जा सकते हैं।

3. इच्छुक और पात्र अधिकारियों के आवेदन अवर सचिव (प्रशासन), पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय, कमरा नंबर 439, परिवहन भवन, 1- संसद मार्ग, नई दिल्ली-110001 को इस परिपत्र के रोजगार समाचार में प्रकाशन की तारीख से 60 दिनों के भीतर उचित माध्यम से भेजे जा सकते हैं।

(सुमित नंदन)
भारत सरकार के अवर सचिव
दूरभाष: 011-23356711

CBC 37201/11/0013/2526

गुमशुदा व्यक्ति की तलाश

इंदरजीत सिंह

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति (फोटो में दिखाया गया) जिसका नाम **इंदरजीत सिंह S/o** स्वर्गीय मेहर सिंह **R/o** डी-21ए, डी-21बी, गली नं. 1, बेनी स्वीट्स के पास, लक्ष्मी नगर, दिल्ली-92 **उम्र** 69 साल जो कि 06.01.2025 को करीब सुबह 7:30 बजे अपने घर से लापता है। इस बाबत **DD No.45A दिनांक 06.01.2025** थाना लक्ष्मी नगर, दिल्ली में दर्ज है। इसका शारीरिक ब्यौरा इस प्रकार है:–

रंग: गेहुँआ, **कद:** 6', **चेहरा:** लंबा, **शरीर:** मध्यम, जिसने मेहरून रंग का स्वेटर, काले रंग की पैंट, नीले रंग की पगड़ी और सफेद रंग की चप्पल पहनी है।

यदि किसी भी व्यक्ति को इस लापता व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोलिखित को सूचित करने की कृपा करें:–

ई-मेल: cic@cbi.gov.in
वेबसाईट: http://cbi.nic.in
फैक्स: 24368639
दूरभाष: 24368638/24368641

थानाध्यक्ष: लक्ष्मी नगर, दिल्ली
दूरभाष सं.: 011-22542441, 22542992
8750870622

DP/12733/ED/2025

भारत सरकार
कारपोरेट कार्य मंत्रालय
त्वरित कॉर्पोरेट समाधान प्रसंस्करण केंद्र (सी-पेस),
आई.आई.सी.ए. बिल्डिंग, 7th मंज़िल,
प्लाट P-6,7,8, सै.-5, आई.एम.टी. मानेसर,
गुड़गाँव, हरियाणा - 122050.
Email: roc.cpace@mca.gov.in

Government of India
Ministry of Corporate Affairs
Centre for Processing Accelerated Corporate Exit (C-PACE)
IICA Building, 7th Floor,
Plot P-6,7,8, Sector-5, IMT Manesar,
Gurgaon, Haryana - 122050.
Email: roc.cpace@mca.gov.in

सत्यमेव जयते

प्रारूप संख्या एसटीके-6

सार्वजनिक सूचना

(कम्पनी अधिनियम की धारा 248 की उपधारा (2) और उपधारा (4) और कम्पनी (कम्पनी रजिस्टर से कम्पनियों के नाम हटाना) नियम, 2016 के नियम 7 के अनुसार में)

सार्वजनिक नोटिस /ROC/C-PACE/STK-6/248(1)/2025-26/1770 **दिनांक**:-14/01/2026

संदर्भ:

1.कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 248 (2) के तहत निहितिहित *(31)* कम्पनियों का नाम **दिल्ली** राज्य से हटाने के मामले में.

S No.	Work Item	CIN	Hindi Name
1	A8884203	U74999DL2016OPC305273	फिउ्ड्सिया लीगल सर्विसेज (ओपीसी) प्राइवेट लिमिटेड
2	AC1170775	U36996DL2023PTC410169	पीतांबरा स्टेशनरीज प्राइवेट लिमिटेड
3	AC1161300	U51909DL2020PTC373134	वेंडराजान मीडिया प्राइवेट लिमिटेड
4	AC1150676	U63033DL2022PTC397220	फ्लार्ड्स्लोम प्राइवेट लिमिटेड
5	AB9402050	U45400DL2009PTC197151	ऑक्टस बिल्डकॉन प्राइवेट लिमिटेड
6	AB9408008	U68100DL2023PTC422216	एचआरी प्रमोटर्स प्राइवेट लिमिटेड
7	AC1138741	U47912DL2022PTC407026	इंट्रोमैक्स इमीडिएट सपोर्ट सर्विसेज़ प्राइवेट लिमिटेड
8	AC1127581	U46430DL2022PTC403003	ज़िक्विट टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड
9	AC1104987	U74999DL2017PTC319338	एसाईएल टेक्नोलॉग्यूसेस प्राइवेट लिमिटेड
10	AC1047808	U74899DL1992PTC049842	जे एम.डी. फुटवियर मैन्युफैक्चरिंग कंपनी प्राइवेट लिमिटेड
11	AC1043799	U63033DL2022PTC408439	टोकनाइट्रज प्राइवेट लिमिटेड
12	AC1027585	U45400DL2016PTC291757	मैग्नीरक इंडिया बिल्डरेक प्राइवेट लिमिटेड
13	AC1010783	U74899DL1981PTC011747	चारु इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड
14	AC0990815	U72200DL2000PTC107803	टेक्स्ट्रस सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड
15	AC0971880	U62099DL2024PTC426934	पिवोट-सॉफ्ट टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड
16	AC0934709	U51909DL1996PLC075421	वैशाली ओवरसीज लिमिटेड
17	AC0941314	U46524DL2024PTC428056	ट्रेडटेक मैजेस्ट्रस प्राइवेट लिमिटेड
18	AC0567268	U93099DL2017PTC321222	एटेसियन कंप्लायंस सर्विसेज़ प्राइवेट लिमिटेड
19	AC0523771	U51909DL1997PTC088208	विशु इलेक्ट्रॉनिक्स प्राइवेट लिमिटेड
20	AC0358909	U62013DL2023PTC421952	क्यानियोस सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड
21	AC0358236	U80903DL2008PTC181642	क्रड्सालिड आउटडोर लर्निंग सेंटर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड
22	AC0299774	U47711DL2024PTC425874	बांसुरीवाला परिधान प्राइवेट लिमिटेड
23	AC0255267	U74999DL2018PTC329565	एसकेएफ हैल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड
24	AC0113748	U74140DL2005PTC143689	यूरिक कंसल्ट प्राइवेट लिमिटेड
25	AB9966115	U62099DL2023PTC421245	डाटासॉल्य टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड
26	AB9974752	U70200DL2017PTC310110	हुइट स्मार्ट रेड एसेट्स (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड
27	AB9876436	U74910DL2006PTC256836	एशिया कार्बन एनिशन मैनेजमेंट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड
28	AB9961806	U74940DL2005PTC136617	एमबी फोटोग्रेडिया कॉम प्राइवेट लिमिटेड
29	AB9920703	U74999DL2018PTC331871	ट्रोइकाऽ वर्क्स प्राइवेट लिमिटेड
30	AB9827537	U74140DL2019PTC349553	ड्राइसर वैपर्स प्राइवेट लिमिटेड
31	AB9822013	U45400DL2007PLC180559	अर्टेट इंफ्राडेवलपर्स लिमिटेड

2. इसके द्वारा यह सूचित किया जाता है कि कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 248 (2) के तहत कम्पनी रजिस्टर को उपर्युक्त कम्पनियों के नाम कम्पनी रजिस्टर से इस आधार पर नाम हटाने का आवेदन प्राप्त हुआ है कि कम्पनी के निगमन के एक वर्ष के भीतर कारोबार आरंभ करने में विफल रहे हैं या इस आधार पर कि कम्पनी पूर्ववर्ती 2 वित्तीय वर्षों से कारोबार नहीं कर पाई है और इस अवधि के भीतर कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 455 के तहत निष्क्रिय कम्पनी की स्थिति प्राप्त करने का आदेश का आवेदन नहीं किया है या कम्पनी ने निष्क्रिय कम्पनी की स्थिति प्राप्त कर ली है, पर वे कम्पनी के रूप में पंजीकरण नहीं रखना चाहते और अतः कम्पनी रजिस्टर से अपना/अपने नाम हटाने का अनुरोध किया है।

3. तदनुसार, कम्पनी रजिस्ट्रार उपर्युक्त कम्पनियों के नामों को कम्पनियों के रजिस्टर से हटाने का प्रस्ताव करता है

4. यदि किसी व्यक्ति/संस्था को कम्पनी को कम्पनी रजिस्ट्रार से कम्पनियों का नाम हटाने के प्रस्ताव से आपत्ति है तो वह व्यक्ति/संस्था इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से 30 (तीस) दिनों के भीतर उपर्युक्त कार्यालय के पते पर अपनी आपत्ति भेज सकते हैं।

इकबाल सिंह
उप-महानिदेशक
त्वरित कॉर्पोरेट समाधान प्रसंस्करण केंद्र

CBC 07123/11/0608/2526

Jharkhand State Beverage Corporation Limited, Ranchi
(A Government of Jharkhand Undertaking)
Corporate ID No. U51228JH2010SGC014519, TIN No - 20520108277, GST No- 20AACCJ5622N1Z0
Utpad Bhawan, Ground Floor, Near Naveen Police Kendra, Kanke Road, Ranchi
E-mail :- jsbcl.jharkhand@gmail.com

E-T. No-JSBCL/Estt.-05/2012-02 Ranchi, Dated :- 21-01-2026

- Very Short Tender Notice -

E-Tender for Empanelment of Security Guard & MTS

S.N.	Particulars	Date	Time
01	Date of Uploading of tender document on website.	22.01.2026	11:00 A.M.
02	Starting Date for Submission of E.Tender	23.12.2026	11:00 A.M.
03	Last Date/closing date for submission of E.Tender	30.01.2026	04:00 P.M.
04	Last date for Submission of Document (Hard Copy) in the JSBCL Office	31.01.2026	05:00 P.M.
05	Online opening of Technical Bid.	02.02.2026	01:00 P.M.

Tender Document can be downloaded from https://jharkhandtenders.gov.in and https://jsbcl.in Tender downloaded should be submitted with tender cost of Rs. 1,000/- (in words :- One Thousand only) in Online mode through Jharkhand eProcurement portal.

Name & Address of Tenderer:
Sd/-
General Manager (Operation)
Jharkhand State Beverages Corporation Limited
Utpad Bhawan, Ground Floor, Near Naveen Police Kendra
Kanke Road, Ranchi.834008.

PR 371349 (Excise) 25-26 (D)

महानगर में आज



लेंसस्केप केरल
ऑल इंडिया फोटो एग्जिबिशन 'लेंसस्केप केरल', ट्रावनकोर पैलेस आर्ट गैलरी, करकूळम गांधी मार्ग, शाम 5 बजे से। केरल टूरिजम की ओर से पेश इस फोटो एग्जिबिशन में केरल की खूबसूरती और संस्कृति को पेश करती ट्रैवलिंग फोटो एग्जिबिशन देशभर के 10 शहरों में पहुंचेगा।

कैमरे के लेंस से
ऑल इंडिया फाइनल आर्ट्स एंड क्राफ्ट सोसायटी में 14वीं ऑल इंडिया फोटो एग्जिबिशन और 13वीं ऑल इंडिया डिजिटल आर्ट एग्जिबिशन। रफी मार्ग, सुबह 11 बजे से शाम 7 बजे तक। इन दो एग्जिबिशन के साथ फोटोग्राफी का कमाल और डिजिटल आर्ट के कई खूबसूरत नमूने देखे जा सकते हैं।

पृथ्वी से आसमां तक

त्रिवेणी कला संगम में आर्ट एग्जिबिशन 'बीयंड ऑफ स्काई, बीयंड ऑफ अर्थ', श्रीधरनी आर्ट गैलरी, मंडी हाउस, सुबह 11 बजे से शाम 8 बजे तक। कलाकारा सीमा कोहली की इस एग्जिबिशन के साथ उनके कई खूबसूरत पेंटिंग्स कला प्रेमी निहार सकते हैं। शो के क्यूरेटर सत्यजीत दो हैं।

शांति
इंडिया हैबिटेट सेंटर में पेंटिंग एग्जिबिशन 'सेरेनिटी', कन्वेंशन सेंटर फोइअर, लोदी रोड, सुबह 11 बजे से शाम 7 बजे तक।

सिटी में हो रहे इवेंट्स को जानकारी हमें भेजें nbtreader @timesofindia.com पर

कोर्ट स्टाफ के स्यूसाइड में FIR के आदेश से मना

NBT 2 मिनट में पढ़ें

- 9 जनवरी को साकेत कोर्ट परिसर में आत्महत्या का मामला
- दिल्ली हाई कोर्ट ने कहा कि आगे का ऐक्शन एग्जीक्यूटिव कार्यवाही के नतीजे पर निर्भर करेगी

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

दिल्ली हाई कोर्ट ने पिछले दिनों 9 जनवरी को साकेत कोर्ट परिसर में 43 साल के एक एडमिनिस्ट्रेटिव क्लर्क द्वारा आत्महत्या के मामले में एफआईआर दर्ज करने का निर्देश देने से इनकार कर दिया।

चीफ जस्टिस डी के उपाध्याय और जस्टिस तेजस करिया की बेंच ने कहा कि इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना को लेकर एग्जीक्यूटिव मैजिस्ट्रेट के सामने BNSS की धारा 194 (पुलिस द्वारा आत्महत्या आदि की जांच और रिपोर्ट) के तहत कार्यवाही चल रही है और रिपोर्ट का इंतजार है। यह कहते हुए कि मृतक के परिवार को राहत दी गई है, बेंच ने कहा, हमने तुरंत कार्रवाई की। कोई कमी नहीं है। इसलिए, कानून के तहत आगे की कार्रवाई एग्जीक्यूटिव कार्यवाही के नतीजे पर निर्भर करेगी। हमें इस समय एफआईआर दर्ज करने का निर्देश देने का कोई कारण नहीं दिखता।

हरीश सिंह महार मैजिस्ट्रेट कोर्ट में अहलमद (एडमिनिस्ट्रेटिव क्लर्क) थे। उन्होंने 9 जनवरी को साकेत कोर्ट कॉम्प्लेक्स के अंदर एक बिल्डिंग से कूदकर आत्महत्या कर ली। स्यूसाइड नोट में काम के दबाव को वजह बताया था। आनंद लीगल एड फोरम ट्रस्ट ने जनहित याचिका दायर कर घटना के संबंध में एफआईआर दर्ज करने और क्लर्क की खाली जगहों (वेकेंसी) को भरने के निर्देश देने की मांग की गई थी।

'कोर्ट क्लर्क के 3,000 से ज्यादा पद खाली': याचिकाकर्ता के वकील अभिजीत आनंद ने कोर्ट से कहा कि मृतक, एक दिव्यांग व्यक्ति, काम के दबाव में था और रिपोर्ट के अनुसार, उसने चार बार ट्रांसफर की मांग की थी। उन्होंने कहा कि कोर्ट क्लर्क के 3,000 से ज्यादा पद खाली हैं। कोर्ट ने कहा कि मृतक को पिछले साल नवंबर में अहलमद के पद पर प्रमोट किया गया था और उससे पहले, उनका काम ज्यादा मुश्किल था। यह बताते हुए कि मृतक एक पूरी तरह से डिसेबिल्ड ट्रैफिक कोर्ट से जुड़े थे, कोर्ट बोला, यह कहना कि वह 3,000 फाइलें संभाल रहे थे, लोगों का ध्यान खींचता है, लेकिन यह सही नहीं है।

चांदनी चौक में अमेरिकी से छीना आईफोन, अरेस्ट

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: चांदनी चौक पर खरीदारी करने गए एक अमेरिकी नागरिक से आईफोन छीनने वाले आरोपी को 72 घंटे में कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान अनमेशी गेट निवासी तौसीफ के तौर पर हुई है। वह कमला मार्केट का हिस्ट्रीशीटर (बीसी) है। उसके पास से छीना गया आईफोन और वारदात में इस्तेमाल स्कूटी भी बरामद कर लिया गया है। वह पिछले 15 वर्षों से अपराध के दुनिया में शामिल रहा है। नॉर्थ जिला के डीसीपी राना बांठिया ने बताया कि एसएचओ सुमन कुमार के नेतृत्व में टीम ने आरोपी को पकड़ा।

आरोपी 15 साल से अपराध की दुनिया में ऐक्टिव

मंगोलपुरी पार्क में चाकू से गोदकर युवक की हत्या

■ नवीन निश्चल, मंगोलपुरी

बाहरी दिल्ली के मंगोलपुरी इलाके में बुधवार देर शाम सरेआम चाकू से गोदकर एक युवक की हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान आकाश उर्फ अक्कू (22) के रूप में हुई है। गंभीर हालत में उसे नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। स्थानीय लोगों के मुताबिक पार्क में 4 से 5 युवकों ने आकाश पर अचानक हमला किया और चाकू से कई वार कर फरार हो गए। अधिक खून बहने के कारण आकाश की मौत हो गई।

घटना की सूचना मिलते ही मंगोलपुरी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस ने मृतक के परिवार वालों और दोस्तों से पूछताछ की है ताकि हमलावरों की पहचान हो सके। वारदात वाली जगह और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी पुलिस ने कब्जे में ली है। जांच के लिए क्राइम टीम और एक्सएल की टीम को भी बुलाया गया। शुरुआती जांच में आपसी रंजिश की आशंका जताई जा रही है। पुलिस को घटना से जुड़ी सीसीटीवी फुटेज भी मिली है, जिसकी मदद से आरोपियों की पहचान की जा रही है। खबर लिखे जाने तक पुलिस की ओर से कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया था।

गला रेत कर की थी हत्या, 8 साल बाद गिरफ्तार

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: महज चार सौ रुपये और एक फोन के लिए हुए झगड़े में मलखान सिंह की गला रेत कर हत्या कर दी गई। कंझावला थाने में मर्डर का केस दर्ज हुआ, लेकिन पुलिस आरोपी मोबिन खान (40) को नहीं पकड़ सकी। अखिरकार आठ साल बाद क्राइम ब्रांच ने यूपी के आगरा से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि हत्या के चार दिन पहले मलखान से चार सौ रुपये और फोन को लेकर झगड़ा हुआ था। इसलिए चाकू से गला रेत कर हत्या कर दी। डीसीपी (क्राइम) पंकज कुमार के मुताबिक, एसीपी अशोक शर्मा, इंस्पेक्टर पंकज तकरान, ASI अनव, सुमित, हेड कॉन्स्टेबल नरेंद्र और सिपाही संदीप की टीम ने आरोपी को दबोचा।

भर्ती परीक्षा में दूसरे की जगह पेपर देने पहुंचा युवक पकड़ा

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: दिल्ली कैंट इलाके में सेना की भर्ती में फर्जीवाड़ा करने वाले एक युवक को जांच में पकड़ लिया गया। आरोपी की पहचान वसुदेव के रूप में हुई है। वह सेना भर्ती की लिखित परीक्षा में दूसरे के स्थान पर परीक्षा देने पहुंचा था। इसके लिए आरोपी ने एडमिट कार्ड पर अपनी फोटो लगाने के अलावा असली कैंडिडेट के नाम का फर्जी आधार कार्ड बनवा रखा था। आरोपी को पुलिस को सौंप दिया गया है। पुलिस ने धोखाधड़ी समेत संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। राजपूताना राइफल्स की भर्ती के लिए 18 जनवरी को लिखित परीक्षा आयोजित की गई थी।

युवक ने बनवाया था फर्जी आधार कार्ड

सद्दाम गौरी गैंग का गुर्गा अरेस्ट, दो पिस्टल और कारतूस बरामद

■ NBT न्यूज, डासना: अवैध शराब और ड्रग तस्करों से रंगदारी वसूलने वाले सद्दाम गौरी गैंग के एक गुर्गे को दिल्ली पुलिस की AATS टीम ने गिरफ्तार किया है। आरोपी तस्करों को डराता-धमकाता था और नहीं मानने पर फायरिंग कर एक्सटॉर्शन करता था। पुलिस ने उसके साथ हथियार सप्लाई करने वाले एक आरोपी को भी दबोचा है। पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार बदमाश की पहचान रवि उर्फ जलेबी के रूप में हुई है, जबकि उसके सहयोगी का नाम निशांत है। डीसीपी द्वारका अंकित सिंह ने बताया कि दोनों के पास से पाइन क्वॉलिटी की दो पिस्टल और कई जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। इंस्पेक्टर कमलेश कुमार की देखरेख में हेड कॉन्स्टेबल धनश्याम और कॉन्स्टेबल अरविंद की टीम ने पहले रवि को पकड़ा है।

आठवीं मंजिल से गिरकर बुजुर्ग की संदिग्ध हालात में हुई मौत

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: वसंत कुंज साउथ इलाके स्थित सरस्वती अपार्टमेंट में रहने वाली 62 वर्षीय बुजुर्ग महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में आठवीं मंजिल से गिरकर मौत हो गई। हादसे के वक्त परिवार के सभी सदस्य घर में मौजूद थे और सो रहे थे।

पुलिस के अनुसार, बुधवार सुबह करीब 5:49 बजे पीसीआर कॉल के जरिए घटना की सूचना मिली। मौके पर पहुंची पुलिस ने महिला को खून से लथपथ हालत में मृत पाया। सिर बुरी तरह क्षतिग्रस्त था और आसपास खून फैला हुआ था। इसके बाद क्राइम टीम और एक्सएल को बुलाकर घटनास्थल की जांच कराई गई।

डीसीपी अमित गोयल ने बताया कि इमारत में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की गई है। एक फुटेज में महिला खून तीसरी मंजिल पर स्थित अपने फ्लैट से निकलकर आठवीं मंजिल पर जाती हुई दिखाई दे रही है। इसके बाद वह ऊपर से छलांग लगाती नजर आती है। उन्होंने बताया कि अब तक किसी तरह की संदिग्ध गतिविधि या बाहरी हस्तक्षेप के संकेत नहीं मिले हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया है। कोई स्यूसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। परिजनों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस के मुताबिक, मृतक की पहचान चित्रा कपूर (62) के रूप में हुई है।

हादसे के वक्त परिवार के लोग घर में सो रहे थे

विज्ञापन संख्या. 12/2026
भारत सरकार
लोक उद्यम चयन बोर्ड
हिन्दुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल)
में
निदेशक
(इंजीनियरिंग, अनुसंधान एवं विकास)
पद के लिए आवेदन आमंत्रित करता है।
आवेदकों के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि **10 फरवरी, 2026** (15.00 बजे तक) है।
नोडल अधिकारियों द्वारा आवेदनों को लोक उद्यम चयन बोर्ड में अग्रेषित करने की अंतिम तिथि **19 फरवरी, 2026** (17.00 बजे तक) है।
जानकारी के लिए वेबसाइट **https://pesb.gov.in** में लॉग इन करें।

छीने फोन की मदद से पकड़े बदमाश

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: शालीमार बाग स्थित मैक्स अस्पताल के सामने से एक राहगीर का फोन बदमाशों ने झपट लिया। पुलिस कॉल हुई तो पीसीआर स्टाफ महज चार मिनट में मौके पर पहुंच गया। पीड़ित ने बताया कि फोन की लाइव लोकेशन ऑन है। लोकल पुलिस का इंतजार किए बगैर पीसीआर स्टाफ लाइव लोकेशन के जरिए बदमाशों तक पहुंच गई, जिन्हें दबोच लिया गया। डीसीपी (पीसीआर) पवन कुमार के मुताबिक इनकी शिनाख्त रमेश (20) और राहुल (28) के तौर पर हुई। इनसे तीन छीने गए फोन भी बरामद कर लिए।

स्टूडेंट से बदमाशों ने छीना मोबाइल

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: बृजपुरी इलाके में सहेली के घर जा रही एक 12वीं की स्टूडेंट से बाइक सवार दो बदमाश मोबाइल छीन कर फरार हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल बाइक सवार बदमाशों का पता कर रही है। पुलिस अधिकारी के मुताबिक, चांदनी सिंह दूसरा पुत्ता सोनिया विहार इलाके में रहती हैं। उनका आरोप है कि 17 जनवरी को वह स्कूल से अपनी सहेली के घर बृजपुरी जा रही थी। बाइक सवार दो बदमाश आए और उनका मोबाइल छीन लिया।

HC ने आशा किरण में रहने वालों की हेल्थ रिपोर्ट मांगी

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: दिल्ली हाई कोर्ट ने बुधवार को दिल्ली सरकार से बौद्धिक रूप से विकलांग लोगों के लिए बनाए गए आशा किरण शेल्टर होम में रहने वालों की शारीरिक और स्वास्थ्य स्थिति पर दो महीने में रिपोर्ट मांगी है। चीफ जस्टिस डी के उपाध्याय और जस्टिस तेजस करिया की बेंच ने निर्देश दिया कि शेल्टर होम में रहने वाले 700 से ज्यादा लोगों की एक योग्य डॉक्टर से पूरी जांच कराई जाएं और जरूरत पड़ने पर उन्हें दवाएं भी दी जाएं।

700 से ज्यादा लोग रहते है शेल्टर होम में

दिल्ली सरकार के वकील ने भरोसा दिया कि शेल्टर होम में रहने वालों के लिए डॉक्टर उपलब्ध हैं। कोर्ट ने हालांकि कहा कि सब कुछ है, इस बात से कोई इनकार नहीं करता लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और है। कोर्ट ने अधिकारियों को शेल्टर होम की बिल्डिंग का तकनीकी ऑडिट करने और उसकी शारीरिक स्थिति की रिपोर्ट देने का भी निर्देश दिया। कोर्ट ने यह आदेश 'समाधान अभियान' की एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया।

ESTD. 1989
ANANT RAJ LIMITED

अनंत राज लिमिटेड

(CIN: L45400HR1985PLC021622)

पंजीकृत कार्यालय: प्लॉट नंबर: CP-1, सेक्टर-8, आईएमटी मानेसर, गुरुग्राम हरियाणा -122051, दूरभाष: (0124) 4265817
प्रधान कार्यालय: H-65, कनॉट सर्कस, नई दिल्ली-110001, दूरभाष: 011-43034400, 23324127, 23323880, 43582879
ईमेल: secretarial@anantrajlimited.com, वेबसाइट: www.anantrajlimited.com

31 दिसंबर, 2025 को समाप्त तिमाही और नौ महीनों के लिए अनंतिम समेकित वित्तीय परिणामों का उद्धरण

(प्रति शेयर डेटा को छोड़कर, राशि करोड़ रुपये में)

क्रम सं.	विवरण	तिमाही समाप्त			नौ महीने समाप्त		वर्ष समाप्त
		31.12.2025 (अनंकेक्षित)	30.09.2025 (अनंकेक्षित)	31.12.2024 (अनंकेक्षित)	31.12.2025 (अनंकेक्षित)	31.12.2024 (अनंकेक्षित)	31.03.2025 (अंकेक्षित)
1.	परिचालन से कुल आय (शुद्ध)	660.38	640.89	543.97	1,903.67	1,549.38	2,100.28
2.	अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (कर से पहले, असाधारण मदों और सहयोगियों एवं संयुक्त निवेशित संस्थाओं से लाभ/(हानि) के हिस्से के बाद)	171.78	164.43	131.75	486.59	349.60	490.53
3.	अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (कर से पहले, असाधारण मदों और सहयोगियों एवं संयुक्त निवेशित संस्थाओं से लाभ/(हानि) के हिस्से के बाद)	171.78	164.43	131.75	486.59	349.60	490.53
4.	कर के बाद अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण मदों और सहयोगियों एवं संयुक्त निवेशित संस्थाओं से लाभ/(हानि) के हिस्से के बाद)	144.23	138.18	110.37	408.31	307.03	425.82
5.	अवधि के लिए कुल व्यापक आय [अवधि के लिए लाभ (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद) शामिल]	144.23	138.18	108.05	408.31	303.19	421.07
6.	चुकता इक्विटी शेयर पूंजी (प्रत्येक 2/- रुपये अंकित मूल्य के)	71.98	68.65	68.38	71.98	68.38	68.65
7.	अन्य इक्विटी						4,092.14
8.	प्रति शेयर आय (प्रत्येक 2/- रुपये की)						
	(a) मूल ईपीएस (रु.) (गैर-वार्षिकीकृत)	4.14	4.02	3.23	11.73	8.98	12.43
	(b) मंदित (Diluted) ईपीएस (रु.) (गैर-वार्षिकीकृत)	4.14	4.02	3.23	11.73	8.98	12.43

टिप्पणियां:
1. ये अनंतिम समेकित वित्तीय परिणाम भारतीय लेखा मानकों (इंड एएस-34) 'अंतरिम वित्तीय रिपोर्टिंग' के मान्यता और मापन सिद्धांतों के अनुसार तैयार किए गए हैं, जो कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 के तहत अधिसूचित है, जिसे कंपनी (भारतीय लेखा मानक) नियम, 2015 के साथ समय-समय पर संशोधित किया गया है और सेबी (सूचीकरण बाध्यताएं और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के विनियमन 33 के संदर्भ में हैं। उक्त अनंतिम समेकित वित्तीय परिणाम अनंत राज लिमिटेड ("कंपनी"), इसकी सहायक कंपनियों (सामूहिक रूप से 'समूह' के रूप में संदर्भित) और इसके सहयोगियों एवं संयुक्त निवेशित संस्थाओं के परिणामों का प्रतिनिधित्व करते हैं, जिन्हें इंड एएस-110 'समेकित वित्तीय विवरण' और इंड एएस-28- 'सहयोगियों और संयुक्त उद्यमों में निवेश' के अनुसार तैयार किया गया है।
2. इन अनंतिम समेकित वित्तीय परिणामों की लेखा परीक्षा समिति द्वारा समीक्षा की गई है और निदेशक मंडल द्वारा 21 जनवरी, 2026 को आयोजित अपनी संबंधित बैठकों में अनुमोदित किया गया है। सांविधिक लेखा परीक्षकों ने कंपनी के उपरोक्त वित्तीय परिणामों की सीमित समीक्षा की है।
3. 31 दिसंबर, 2025 को समाप्त तिमाही के दौरान, निदेशक मंडल की वित्त और निवेश समिति ने 13 अक्टूबर, 2025 को अपनी बैठक में पात्र योग्य संस्थागत खरीदारों को 1,66,16,314 इक्विटी शेयर, 662.00 रुपये प्रति इक्विटी शेयर (660.00 रुपये प्रति इक्विटी शेयर के प्रीमियम सहित) के निर्गम मूल्य पर, एक योग्य संस्थागत नियोजन (QIP) के तहत आवंटित करने की मंजूरी दी, जिसकी कुल राशि 1,099.99 करोड़ रुपये है।
निर्गम मूल्य प्रति इक्विटी शेयर के 695.83 रुपये के फ्लोर मूल्य पर 4.86% की छूट का प्रतिनिधित्व करता है, जो सेबी (पूंजी और प्रकटीकरण आवश्यकताओं का निर्गम) विनियम, 2018 के अनुसार निर्धारित किया गया है, जैसा कि संशोधित किया गया है।
उक्त आवंटन के परिणामस्वरूप, कंपनी की चुकता इक्विटी शेयर पूंजी 68,65,21,232 रुपये से बढ़कर 71,97,53,860 रुपये हो गई, जिसमें प्रत्येक 2 रुपये के 34,32,60,616 इक्विटी शेयर शामिल थे, जो बढ़कर प्रत्येक 2 रुपये के 35,98,76,930 इक्विटी शेयर हो गए। इन निधियों में से, 296.98 करोड़ रुपये की राशि इसके इच्छित उद्देश्य के लिए उपयोग की गई है। सेबी (सूचीकरण बाध्यताएं और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के विनियमन 32 में संदर्भित निधियों के उपयोग में कोई विचलन/भिन्नता नहीं हुई है। इस मामले पर निगरानी एजेंसी से एक विस्तृत रिकॉर्ड कंपनी की वेबसाइट www.anantrajlimited.com पर उपलब्ध है।
4. 31 दिसंबर, 2025 को समाप्त तिमाही के दौरान, कंपनी ने 50 लाख रुपये के गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर को भुनाया, जो मूल रूप से 4 मार्च, 2023 को जारी किए गए थे। 31 दिसंबर, 2025 तक, गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर का बकाया शेष 7 करोड़ रुपये था।
5. 31 दिसंबर, 2025 को समाप्त तिमाही के दौरान, कंपनी की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनियों, पुराना रियल एस्टेट प्राइवेट लिमिटेड और रोमाने बिल्डर्स प्राइवेट लिमिटेड, दोनों ने संयुक्त रूप से ब्लेस्ट लैंडबेस एलएलपी (एलएलपीआईएन: एएवी३ई-2941) में 100% साझेदारी हित का अधिग्रहण किया, जिसे एलएलपी अधिनियम, 2008 के तहत निगमित किया गया था। सहायक कंपनी ने एलएलपी में 50% हित का अधिग्रहण किया, जिसके परिणामस्वरूप पूर्ण सामूहिक स्वामित्व हुआ। इस अधिग्रहण के परिणामस्वरूप, ब्लेस्ट लैंडबेस एलएलपी कंपनी की सहायक कंपनी बन गई है।
6. भारत सरकार ने मौजूदा श्रम कानूनों को समेकित करके एक एकीकृत ढांचे में समाहित कर दिया है, जिसमें चार श्रम संहिताएं शामिल हैं: मजदूरी संहिता 2019, सामाजिक सुरक्षा संहिता 2020, औद्योगिक संबंध संहिता, और व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्य स्थिति संहिता 2020 (सामूहिक रूप से नए श्रम कोड्स के रूप में संदर्भित)। ये कोड्स 21 नवंबर, 2025 से प्रभावी हो गए हैं।
इन कोड्स के तहत संबंधित सभी सहायक नियम अभी अधिसूचित होने बाकी हैं। कंपनी इन नए घोषित श्रम कोड्स के पूर्ण प्रभाव का मूल्यांकन कर रही है। कंपनी ने अपने स्वयं के कर्मचारियों पर पड़ने वाले प्रभाव पर विचार किया है, जो स्टैंडअलोन वित्तीय परिणामों के लिए महत्वपूर्ण नहीं है, और अनुबंध कार्यबल सहित अन्य संभावित प्रभावों का मूल्यांकन करने की प्रक्रिया में है। हालांकि, प्रबंधन का मानना है कि यदि कोई प्रभाव होता है, तो वह महत्वपूर्ण होने की संभावना नहीं है।
7. कंपनी के 31 दिसंबर, 2025 को समाप्त तिमाही और नौ महीनों के लिए स्टैंडअलोन वित्तीय परिणाम कंपनी की वेबसाइट https://anantrajlimited.com/ पर उपलब्ध हैं।

मुख्य स्टैंडअलोन वित्तीय जानकारी नीचे दी गई है: (राशि करोड़ रुपये में)

क्र. सं.	विवरण	तिमाही समाप्त			नौ महीने समाप्त		वर्ष समाप्त
		31.12.2025 (अनंकेक्षित)	30.09.2025 (अनंकेक्षित)	31.12.2024 (अनंकेक्षित)	31.12.2025 (अनंकेक्षित)	31.12.2024 (अनंकेक्षित)	(अंकेक्षित) 31.03.2025
1.	कुल आय	401.15	388.05	346.48	1,160.24	946.73	1,301.80
2.	कर से पहले लाभ/(हानि)	94.56	90.67	69.07	267.95	190.53	268.05
3.	कर के बाद लाभ/(हानि)	77.54	74.21	58.38	221.45	154.05	219.16
4.	अन्य व्यापक आय/(हानि)	-	-	(2.32)	-	(3.84)	(4.73)
5.	कुल व्यापक आय/हानि	77.54	74.21	56.06	221.45	150.21	214.43

8. उपरोक्त 31 दिसंबर, 2025 को समाप्त तिमाही और नौ महीनों के लिए अनंकेक्षित वित्तीय परिणामों (स्टैंडअलोन और समेकित) का एक उद्धरण है, जिसे सेबी (लिस्टिंग दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंजों के पास दायर किया गया है। अनंकेक्षित वित्तीय परिणामों (स्टैंडअलोन और समेकित) का पूरा प्रारूप 31 दिसंबर, 2025 को समाप्त तिमाही और नौ महीनों के लिए नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड और बीएसई लिमिटेड (www.nseindia.com और www.bseindia.com) की वेबसाइटों पर और कंपनी की वेबसाइट www.anantrajlimited.com पर उपलब्ध है, जिसे दिए गए क्यूआर कोड को स्कैन करके भी एक्सेस किया जा सकता है।

स्थान: नई दिल्ली
दिनांक: 21 जनवरी, 2026

निदेशक मंडल की ओर से और उसके लिए
अनंत राज लिमिटेड के लिए
हस्ताक्षरित
(अमित सारिन)
प्रबंध निदेशक
डीआईएन: 00015837

SWEATER JACKETS SALE
Hi-Fashion New Collection
BRANDED Sweaters, Jacket, Sweat Shirt, Lower, Cardigan & winter wears
upto 60% off
WINTER OFFER
By Economy Sales: 8212758425
ARROW | Raymond | Color Plus | Levi's | PARK AVENUE
• PUNCHKUIAN ROAD, Garwal Bhawan, (Near Jhandewalan, Gole Chkr.)
• GURUGRAM 306, City Center, Sector 29 (Near Hotel Pilazio)
• WAZIRPUR A-5, Near Richi Rich Banquet (Opp. Shalimar Bagh)
• NOIDA, Nirula's Sec-2, Near Metro Station, Sec-15, Noida, UP
